आज का तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 27°C | 10°C |

इनसाइड न्यूज

अब कांग्रेस पर चंद्रशेखर आजाद ने बोला हमला

उत्तर प्रदेश पेज: 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

शनिवार 21 दिसंबर, 2024 / पेज: 12 / मूल्य: ₹3.00/- लखनऊ वर्ष: 16, अंक: 70

www.janexpresslive.com/epaper



गृह मंत्री अमित शाह ने की एसएसबी की... 12

# जयपुर गैस टैंकर हादसा : 11 की मौत और 35 झुलसे, 40 वाहन जले

## तेजी से फैली आग, लोगों को बचने का मौका नहीं मिला, पोटली में डालकर लाए शव

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। जयपुर

जयपुर में शुक्रवार सुबह अजमेर हाईवे पर दिल्ली पब्लिक स्कूल के सामने एलपीजी गैस से भरे टैंकर में धमाका हो गया। हादसे में 11 लोग जिंदा जल गए और 35 लोग झुलस गए हैं। गैस टैंकर को एक ट्रक ने टक्कर मारी थी। इससे टैंकर से गैस का रिसाव हुआ, जो 200 मीटर तक फैल गई, जिसने अचानक आग पकड़ ली। धीरे-धीरे एक किलोमीटर तक यह आग फैल गई। जानकारी के अनुसार टैंकर सुबह करीब अजमेर से जयपुर की ओर आ रहा था। सुबह करीब 5.44 मिनट पर दिल्ली पब्लिक स्कूल के सामने से वह वापस अजमेर की ओर यू-टर्न ले रहा था। इसी दौरान जयपुर से आ रहा ट्रक टैंकर से भिड़ गया। इसके साथ ही पूरा इलाका आग का गोला बन गया। 40 से ज्यादा गाड़ियां आग की चपेट में आ गईं। कई से लोगों को बाहर निकलने का मौका ही नहीं मिला। टैंकर के पीछे चल रही एक स्लीपर बस और हाईवे किनारे मौजूद पाइप फैक्ट्री भी जल गई। इसके बाद हाईवे बंद कर दिया गया। धमाके के बाद गैस फैलने से रेस्क्यू में काफी परेशानी आई।



### लोग कपड़े उतारकर भागे

हवा में तेजी से फैली गैस ने हादसे को भयावह कर दिया। आसपास रहने वाले लोगों ने बताया कि जब वे धमाका सुनकर बाहर निकले तो लोग इधर-उधर भाग रहे थे। कई लोग जलते हुए कपड़ों को उतारने की कोशिश कर रहे थे। मौके पर पहुंचे एक परिजन मोहन लाल ने बताया, मदद करने के दौरान भी कई लोग गैस के कारण बेहोश हो गए। आग इतनी भीषण थी कि हम दूर हो गए। मौके पर क्या हुआ, कुछ पता ही नहीं चला। मेरा भी भांजा हरिलाल हादसे में झुलस गया। उसका इलाज चल रहा है। हादसे की जगह करीब 400 मीटर के दायरे में सैकड़ों की संख्या में पक्षी भी जले हुए पड़े हैं। सड़क किनारे खड़ी 25 से ज्यादा गाड़ियां भी जल गई हैं।

### उदयपुर की है बस

हादसे की चपेट में आई बस उदयपुर के लेकसिटी ट्रैवेल्स की है। बस संचालक के अनुसार बस की बुकिंग के समय लिखे सवारियों के नंबर पर कॉल किए गए। इनमें से 22 सवारियों से संपर्क हो गया है। वे सकुशल हैं। 10 सवारियों के मोबाइल नहीं लग रहे हैं। 32 सवारियों की सूची पुलिस को भेजी गई है।

### जाम में फंसे ट्रक ड्राइवरों ने की मदद

हादसे की वजह से सड़क पर लंबा जाम लग गया है। अब सीकर रोड 14 नम्बर से ट्रेफिक डाइवर्ट किया गया है। जो ट्रक इस जाम में फंसे हुए हैं। उनके खाने का इंतजाम ट्रांसपोर्टर कर रहे हैं। तस्वीरों में लंबा जाम दूर तक देखा जा सकता है।

### पीएम मोदी ने जताया दुख

जयपुर अग्निकांड पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गहरा दुख जताया है। इस हादसे में मरने वालों के परिवार वालों को दो लाख रुपए की आर्थिक मदद करने की घोषणा की है। साथ ही घायलों के परिवार वालों को 50 हजार रुपए दिए जाएंगे।

### कैसे हुआ हादसा

- एलपीजी से भरा टैंकर अजमेर की तरफ से जयपुर आ रहा था।
- भांकरोटा में डीपीएस स्कूल के सामने से टैंकर यू-टर्न ले रहा था।
- जयपुर की ओर से आ रहे ट्रक ने गैस के टैंकर के नोजल में टक्कर मार दी।
- नोजल से करीब 18 टन गैस हवा में फैल गई और 200 मीटर का एरिया गैस का चैंबर बन गया।
- इसके कुछ सेकंड बाद ही टैंकर में जोरदार धमाका हुआ और आसपास की गाड़ियों में आग फैल गई।
- गेल इंडिया के डीजीएम ने बताया कि हादसा स्थल से करीब 100 मीटर दूर कच्चे तेल की पाइपलाइन भी है, लेकिन वो सेफ है।

### हादसे का सीसीटीवी आया सामने

जयपुर के अग्निकांड का सीसीटीवी सामने आया है। इस सीसीटीवी में पहले सड़क साफ दिखाई देती है। इसके बाद एक ट्रक टर्न लेता हुआ दिखाई दे रहा है। फिर धुएं की तरह गैस फैलती नजर आती है।

### 100 मीटर दूर थी क्रूड ऑयल की पाइप लाइन

गेल इंडिया लिमिटेड के डीजीएम(फायर एंड सेफ्टी) सुशांत कुमार सिंह ने बताया कि घटनास्थल से 100 मीटर दूरी पर गेल की पाइप लाइन गुजर रही है। यहां बीपीसीएल का एलपीजी से भरा टैंकर जा रहा था, जिसे लोडेड कंटेनर ने आकर टक्कर मारी, जिससे लिक्विड रूप में एलपीजी निकल कर फैल गई। इस वजह से यह पूरा एरिया आग का गोला (फायर बॉल) बन गया। सुशांत कुमार सिंह ने बताया कि हादसे के कारण जब एलपीजी बाहर आई तो उसने अपने आप आग पकड़ ली, क्योंकि जब टक्कर लगी तो स्पार्क हुआ था। ब्लास्ट की सूचना मिलते ही 30 से ज्यादा एंबुलेंस और फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। सभी घायलों को जयपुर के सवाई मानसिंह हॉस्पिटल में एडमिट कराया गया है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सहित कई मंत्रियों ने घटनास्थल पर पहुंचकर हादसे के कारणों की जानकारी ली।

# सरकार को 'साधु' वाद... भ्रष्टतंत्र पर किया आघात

- डीड देने में भ्रष्टाचार की जांच के बाद मथुरा का पूरा रजिस्ट्री ऑफिस सस्पेंड
- वृंदावन के साधुराम की शिकायत पर प्रदेश में अनोखी कार्रवाई

जन एक्सप्रेस। संतोष कुमार दीक्षित

**राज्य मुख्यालय।** प्रदेश में अब जीरो टॉलरेंस की नीति का असर दिखने लगा है। भ्रष्टाचारियों पर योगी सरकार की वक्र दृष्टि पड़ने लगी है। इसका असर श्रीकृष्ण की नगरी मथुरा में उस समय देखने को मिला जब पूरा का पूरा रजिस्ट्री दफ्तर ही सस्पेंड कर दिया गया। आरोप था कि कि लोगों को पंजीयन के बाद रजिस्ट्री की मूल डीड देने में जानबूझ कर या किसी उद्देश्य की पूर्ति किए जाने को लेकर देरी की जा रही है।

### पूरा प्रकरण क्या है

तीन दिसंबर को वृंदावन के साधुराम तौरानी ने फ्लैट की रजिस्ट्री के बाद मूल डीड एक दिन बाद देने पर स्टांप एवं पंजीयन मंत्री रवीन्द्र जायसवाल से मोबाइल फोन पर कॉल करके अधिकारियों की शिकायत की थी। नियमानुसार रजिस्ट्री के तत्काल बाद मूल डीड देने का नियम है। मगर रजिस्ट्री दफ्तर के अधिकारियों ने टालमटोल करते हुए एक दिन बाद डीड देने के लिए कहा। कहीं न कहीं जांच में इसमें भ्रष्टाचार की मंशा थी। शिकायत के बाद प्रशासन की ओर से मामले की गहनता से जांच के लिए अयोध्या मंडल के उप महानिरीक्षक (निबंधन) निरंजन कुमार और उप महानिरीक्षक निबंधन अविनाश पांडेय को जिम्मेदारी सौंपी।



रवीन्द्र जायसवाल, स्टाम्प एवं पंजीयन मंत्री

### जांच कमेटी की रिपोर्ट पर कार्रवाई

रजिस्ट्री दफ्तर में धांधली की लगातार मिल रहीं शिकायतों का मामला उच्च स्तरीय अधिकारियों तक होते हुए मंत्री स्तर तक पहुंचा था। जिसके बाद मामले की जांच के लिए एक कमेटी का गठन किया गया था। कमेटी की शासन को भेजी रिपोर्ट के आधार पर। स्टाम्प एवं पंजीयन मंत्री रवीन्द्र जायसवाल ने कड़ी कार्रवाई करते हुए उप निबंधक सहित तीन अधिकारी और कर्मचारी को सस्पेंड कर दिया है।

### प्रदेश में अपनी तरह की पहली कार्रवाई

सूबे में पूरे रजिस्ट्री दफ्तर के स्टाफ को सस्पेंड किए जाने की कार्रवाई प्रदेश में अपनी तरह की पहली कार्रवाई है। हालांकि इससे पहले कई तरह के सख्त काईवाई होती रहीं हैं। पुलिस चौकियों और थानों को सस्पेंड करने के मामलों में भी इजाफा हुआ है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि प्रदेश की योगी सरकार करप्शन को लेकर सीरियस है और इसे बढ़ावा देने वालों को चुन-चुनकर ठिकाने लगाया जा रहा है।

### 18 दिसंबर को जांच रिपोर्ट में भ्रष्टाचार की पुष्टि

बनाई गई जांच कमेटी ने 18 दिसंबर को अपनी जांच रिपोर्ट स्टाम्प एवं पंजीयन मंत्री रवीन्द्र जायसवाल1)को सौंपी। जांच रिपोर्ट के अनुसार साधुराम को रजिस्ट्री की मूल कॉपी देरी से देने के पीछे भ्रष्टाचार की मंशा थी। दोषी पाए जाने के बाद सख्त कार्रवाई करते हुए मंत्रीजी के निर्देश पर मथुरा रजिस्ट्री ऑफिस के उप निबंधक प्रथम अजय कुमार त्रिपाठी, कनिष्ठ सहायक प्रदीप उपाध्याय और सतीश कुमार चैधरी को को सस्पेंड कर दिया।

### भ्रष्ट अफसरों के खिलाफ नजीर बनेगी यह कार्रवाई

स्टांप एवं पंजीयन मंत्री रवींद्र जायसवाल (स्वतंत्र प्रभार) ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और सीएम योगी आदित्यनाथ की जीरो टॉलरेंस की नीति को ध्यान में रखते हुए मथुरा रजिस्ट्री ऑफिस के अफसरों पर कार्रवाई की गई है। जो भी भ्रष्टाचार में संलिप्त मिलेगा उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। मथुरा के रजिस्ट्री ऑफिस पर की गई कार्रवाई भ्रष्ट अधिकारियों के लिए सबक होगा।

## संभल में एएसआई की टीम : 19 कूप और पांच तीर्थों का किया सर्वे, कार्बन डेटिंग के लिए शिव मंदिर के लिए नमूने



जन एक्सप्रेस । संभल

संभल शहर और उसके आसपास बने 19 कूप और पांच तीर्थों का भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) की टीम शुक्रवार को सर्वे किया। चार सदस्यीय टीम शुक्रवार की सुबह करीब छह बजे लखनऊ से संभल पहुंची। टीम ने खग्गू सराय में स्थित प्राचीन शिव मंदिर और इसके परिसर में खोले गए कुएं की कार्बन डेटिंग के लिए नमूने लिए हैं। इसके अलावा शहर के अलग अलग स्थानों पर स्थित 19 कूप का भी सर्वे किया। डीएम डॉ. राजेंद्र पैंसिया ने बताया कि भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण को पत्र लिखा था। इसी क्रम में चार सदस्यीय टीम संभल पहुंची। सुबह छह बजे से दोपहर साढ़े तीन बजे तक सर्वे किया है। टीम अपनी रिपोर्ट देगी उसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। मालूम हो 14 दिसंबर को संभल एसडीएम वंदना मिश्रा ने पुरातत्व निदेशालय के निदेशक को पत्र लिखा था। जिसमें आग्रह किया गया था कि संभल में प्राचीन तीर्थों और कूपों के काल निर्धारण के लिए सर्वे किया जाए। इसके लिए टीम गठित करने का आग्रह किया था। इसी के आधार पर टीम ने संभल पहुंचकर सर्वे किया है।

## प्रदीप मिश्रा की कथा अनियंत्रित हुई भीड़, कई महिलाएं चोटिल

जन एक्सप्रेस । मेरठ

मेरठ के शताब्दी नगर में चल रही प्रदीप मिश्रा की शिवमहापुराण के दौरान भीड़ अनियंत्रित हो गई। एंट्री गेट पर धक्का मुक्की हो गई, इस दौरान कई महिलाएं गिर पड़ीं। महिलाओं को हल्की चोटें भी आई हैं। बताया गया कि कथा का आज छठा दिन है। कल शनिवार को कथा का समापन होना है। हर दिन जहां डेढ़ लाख श्रद्धालु कथा सुनने पहुंच रहे थे वहीं आज श्रद्धालुओं की संख्या ढाई लाख पहुंच गई। बताया गया कि व्यवस्था बनाने में काफी दिक्कत आई। भीतर की तरफ पंडाल पूरी तरह फुल हो गया, जबकि बाहर बड़ी संख्या में श्रद्धालु एकत्र हो गए थे। इनमें काफी संख्या में महिलाएं भी थीं। बाहर जमा श्रद्धालुओं में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

## वाराणसी का पंडित दीन दयाल उपाध्याय जिला अस्पताल मेडिकल कॉलेज बनेगा

- इस मेडिकल कॉलेज में 430 बेड की व्यवस्था की जाएगी
- एमबीबीएस और पैरामेडिकल कोर्स जैसे शैक्षणिक कार्यक्रमों का मिलेगा लाभ
- युवाओं को चिकित्सा के क्षेत्र में करियर बनाने का अवसर भी प्रदान करेगा

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

मरीजों को बेहतर इलाज और युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रदेश सरकार ने महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इस कड़ी में डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने वाराणसी के पंडित दीन दयाल उपाध्याय जिला अस्पताल को मेडिकल कॉलेज बनाने की घोषणा की है। डिप्टी सीएम के अनुसार इस मेडिकल कॉलेज में 430 बेड की व्यवस्था की जाएगी। यह न केवल मरीजों को राहत देगा बल्कि एमबीबीएस और पैरामेडिकल कोर्स जैसे शैक्षणिक कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं को चिकित्सा के क्षेत्र में करियर बनाने का अवसर भी प्रदान करेगा।

### दमानी ग्रुप करेगा निर्माण

इस मेडिकल कॉलेज के निर्माण में दमानी ग्रुप सहयोग करेगा। गुरुवार को इस समूह के साथ एक औपचारिक करार किया गया। यह समूह एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, एकेडमिक ब्लॉक और हॉस्टल का निर्माण करेगा।

### डॉ. आरबी कमल को नोडल प्रिंसिपल नियुक्त किया

डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि निर्माण कार्य तय समय सीमा में पूरा हो। एमबीबीएस की पढ़ाई समय पर शुरू कराई जाएगी। उन्होंने इस परियोजना की निगरानी और कार्य को तेज करने के लिए डॉ. आरबी कमल को नोडल प्रिंसिपल नियुक्त किया।



### मरीजों और मेडिकल शिक्षा दोनों को लाभ

डिप्टी सीएम ने कहा कि प्रत्येक जिले में मेडिकल कॉलेज खोलने का उद्देश्य दोहरा है। इससे मरीजों को उच्च गुणवत्ता वाला इलाज मिल सकेगा और साथ ही प्रदेश में मेडिकल शिक्षा को बढ़ावा मिलेगा।

### वाराणसी में स्वास्थ्य सेवाओं को एक नई दिशा मिलेगी

मेडिकल कॉलेज बनने से वाराणसी में स्वास्थ्य सेवाओं को एक नई दिशा मिलेगी। यह परियोजना न केवल वाराणसी के निवासियों के लिए लाभकारी होगी बल्कि आस-पास के क्षेत्रों के मरीजों और छात्रों के लिए भी महत्वपूर्ण होगी।

### परियोजना की तेजी से निगरानी होगी

डिप्टी सीएम ने परियोजना की तेजी से निगरानी सुनिश्चित करने के लिए चिकित्सा शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा और महानिदेशक किंजल सिंह को भी निर्देशित किया।

# सनातन धर्म सुरक्षित है तो दुनिया में सब कोई सुरक्षित है: सीएम योगी

- श्री अयोध्या धाम में आयोजित अष्टोत्तरशत 108 श्रीमद्भागवत पाठ, पंच नारायण महायज्ञ में शामिल हुए सीएम योगी
- प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पूरा देश अपनी विरासत को अक्षुण्ण बनाए रखते हुए विकास की नई बुलंदियों को छू रहा है: योगी

जन एक्सप्रेस । अयोध्या

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्री अयोध्या धाम के अशर्फी भवन आश्रम में आयोजित भव्य अष्टोत्तरशत 108 श्रीमद्भागवत पाठ और पंच नारायण महायज्ञ में भाग लिया। सीएम योगी ने महायज्ञ में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ प्रदेशवासियों के सुख, शांति और समृद्धि की कामना करते हुए आहुतियां अर्पित की। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि सनातन धर्म ही भारत का राष्ट्रीय धर्म है और इसे सुरक्षित रखना हम सभी का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि धर्म और संस्कृति के माध्यम से समाज में सकारात्मकता और शांति का प्रसार होता है। ऐतिहासिक मंदिरों पर आक्रमण की घटनाओं का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जो लोग इन पवित्र स्थलों को नष्ट करने का काम करते थे, उनका कुल और वंश नष्ट हो गया। सीएम योगी ने कहा कि औरंगजेब के परिवार के लोग आज रिक्शा चला रहे हैं। यह उनकी दुर्गति है। अगर उन्होंने पुण्य किए होते और मंदिरों को न तोड़ा होता, तो क्या उनकी ऐसी स्थिति होती? उन्होंने कहा कि विश्व शांति की स्थापना केवल सनातन धर्म के माध्यम से हो सकती है। यह शाश्वत धर्म है, जो सृष्टि के आरंभ से ही चला आ रहा है।

### विकास का काम कर रही डबल इंजन की सरकार

मुख्यमंत्री ने कहा कि विरासत और विकास के बीच बेहतर समन्वय होना चाहिए। उन्होंने अयोध्या में हो रहे विकास कार्यों का जिक्र करते हुए कहा कि डबल इंजन की सरकार ने संतों के मार्गदर्शन में अयोध्या के वैभव को पुनः स्थापित करने का कार्य किया है। रामलला के भव्य मंदिर का निर्माण और अयोध्या धाम का विकास इसका जीवंत उदाहरण है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह यज्ञ न केवल आत्मशुद्धि और पर्यावरण शुद्धि का माध्यम है, बल्कि यह सनातन धर्म की रक्षा और समाज में सकारात्मक ऊर्जा का प्रसार भी करता है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन मां सरयू के पवित्र अंचल और भगवान श्रीराम की जन्मभूमि पर हो रहा है, जो इस यज्ञ को और भी विशेष बनाता है।



### सीएम ने पंचनारायण महायज्ञ के आयोजकों का किया अभिनंदन

मुख्यमंत्री ने पंचनारायण महायज्ञ के आयोजन के लिए जगद्गुरु रामानुजाचार्य पूज्य स्वामी शंकराचार्य महाराज और उनकी टीम का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि यह आयोजन न केवल धार्मिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार भी करता है। उन्होंने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि इस यज्ञ का पुण्य पूरे भारतवासियों को प्राप्त होगा।

### सभी को ऐतिहासिक गलतियों से सबक लेने की आवश्यकता है: सीएम योगी

सीएम योगी ने कहा कि जिन गलतियों की वजह से भारत को गुलामी की बेड़ियां झेलनी पड़ीं और हमारे धर्म स्थलों का अपमान हुआ, उन्हें दोबारा नहीं दोहराया जाना चाहिए। उन्होंने भारतवासियों से सनातन धर्म की रक्षा और संरक्षण के लिए एकजुट होकर काम करने का आह्वान किया। सीएम योगी ने कहा कि अगर विश्व मानवता को बचाना है तो सनातन धर्म का सम्मान करना होगा। यह धर्म सभी के कल्याण की बात करता है। उन्होंने वसुधैव कुटुंबकम् का संदर्भ देते हुए कहा कि यह केवल सनातन धर्म है, जिसने हर जाति और मजहब के लोगों को विपत्ति के समय शरण दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत तब तक भारत है जब तक यहां सनातन धर्म सुरक्षित है। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस धर्म के संरक्षण और संवर्धन के लिए सभी को मिलकर कार्य करना होगा। उन्होंने यह भी कहा कि युगों-युगों से सनातन धर्म ने सृष्टि के साथ तालमेल बनाकर खुद को जीवंत बनाए रखा है। उन्होंने कहा कि भविष्य में इसे किसी भी प्रकार की विकृतियों या विसंगतियों से बचाने के लिए हमें सतर्क रहना होगा। भारत तब तक भारत है जब तक भारत के अंदर सनातन धर्म सुरक्षित है। इसकी रक्षा के लिए इसके संरक्षण के लिए हम सभी को मिलकर के कार्य करना होगा। यह एक शाश्वत धर्म है, सृष्टि के साथ चला हुआ धर्म है हो सकता है कि किसी कालखंड में कुछ विसंगतिया आई हो लेकिन, विसंगती का परिमार्जन भी हमारे ऋषि मुनि संतो के माध्यम से समय-समय परमहापुरुषों के द्वारा दिखाए गए मार्ग का अनुसरण करते हुए हम करेंगे। कहीं भी हम आपसी उन फूट का, आपसी बंटवारे का, आपसी विभाजन की गलतियों को पूरे देश और पूरे धर्म को नहीं भुगतने देंगे, इस संकल्प के साथ हमें आगे बढ़ना होगा।

### अपवित्र करने वालों का आज अस्तित्व नहीं है: योगी

सीएम योगी ने कहा कि आज बांग्लादेश में क्या हो रहा है, पाकिस्तान में क्या हुआ था, इससे पहले अफगानिस्तान में क्या हुआ ? मैं पूछना चाहता हूं उन लोगों से वह कौन लोग थे जिन्होंने देश के अंदर सनातन धर्म से जुड़े हुए उन मान बिंदुओं को नष्ट करने का काम किया था, और क्यों किया था, उसके पीछे की नियत क्या थी। उसके पीछे की नियति थी अपने कुकृत्यों को अंजाम दे करके पूरी धरती को नर्क बनाने की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि काशी में काशी विश्वनाथ मंदिर, अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि, मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मभूमि, संभल में कल्की अवतार की हरिहर भूमि, भोज में ज्ञान के अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती के पावन मंदिर जैसे पवित्र स्थलों को अपवित्र करने वालों का आज कोई अस्तित्व नहीं है। यह उनके पापों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि भविष्य में कोई भी ऐसी स्थितियां उत्पन्न न हो, जिनसे हमारे धर्म स्थलों को अपमानित होना पड़े। इस महायज्ञ में कैबिनेट मंत्री सूर्यप्रताप शाही, स्वतंत्र देव सिंह, जेपीएस राठौर राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी, धर्म-अध्यात्म से जुड़े कई प्रतिनिधि और वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## चोरी की कार के साथ शातिर वाहन चोर गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/कालपी।** कोतवाली क्षेत्र में पुलिस ने मुखबिर की सूचना के आधार पर वाहन चोर गिरोह के एक शातिर सदस्य को गिरफ्तार कर लिया। इतना ही नहीं बल्कि पकड़े गए वाहन चोर की निशानदेही पर चोरी की एक कार व एक कार के मूल प्रपत्र बरामद किए। नगर क्षेत्र के मोतीनगर जोल्हूपुर से बदमाशों द्वारा 8 नवम्बर की रात कार चोरी की गई थी। मामले को लेकर के पुलिस छानबीन करने में जुटी हुई थी। इसी दौरान कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नागेंद्र कुमार पाठक, उपनिरीक्षक रणधीर सिंह, राजेश सिंह, शिवम सिंह, हेड कांस्टेबल मोहम्मद मुईद, सुनील कुमार की टीम ने आरोपी ऋषभ कुमार तिवारी निवासी ग्राम सोनबरसा थाना शिवली जिला कानपुर को मुखबिर की सूचना के आधार पर गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से कार भी बरामद की गई और दूसरी कार के मूल प्रपत्र बरामद किए गए। पकड़े गए आरोपी द्वारा बताया गया कि कार कालपी से उसने साथी आकाश गौतम निवासी रूरा झींझक थाना रूरा ने मिलकर चोरी की थी। फिलहाल पुलिस ने सम्बन्धित कारवाई कर चालान कर दिया।

# आईटीआई में सप्लाई के नाम पर कथित ठेकेदार लगा रहा भ्रष्टाचार का तड़का

- एक ही ठेकेदार ने कथित तरीके से कई नामों से बनायी फर्में
- डीएम से शिकायत करेगा विद्यार्थी परिषद व भ्रष्टाचार विरोधी मंच

**जन एक्सप्रेस । शत्रुघ्न सिंह 'बादशाह'**




**उरई/जालौन।** आईटीआई में पिछले कई वर्षों से कालनेमि रूपी कथित सप्लायर की काली करतूतों को लेकर जिस तरह से विभाग में चर्चाओं का बाजार गर्माने लगा है, उसको देखते हुये यह उम्मीद पक्की हो गयी कि कथित सप्लायर विभिन्न नामों की फर्मों से मार्केट रेट से अधिक दामों में प्रधानाचार्य से सांठगांठ कर सप्लाई का धंधा बदस्तूर चला रहा है। हालांकि अब कथित सप्लायर की काली करतूतें उजागर होने के बाद विद्यार्थी परिषद ही नहीं बल्कि भ्रष्टाचार विरोधी मंच मैदान में आ गया जो जल्द ही जिलाधिकारी से मिलकर वस्तु स्थिति से अवगत कराकर शिकायती पत्र सौंपकर कालनेमि रूपी सप्लायर की विभिन्न फर्मों द्वारा क्या-क्या आपूर्ति की गयी है और कितने रेट पर की गयी है। ताकि टैक्नीकल शिक्षण संस्थान में सप्लाई के नाम पर भ्रष्टाचार का तड़का लगाने में सफलता की सीढ़ी चढ़ने वाले कथित सप्लायर के काले कारनामें उजागर हो सके।

गौरतलब हो कि एक ओर जहां केंद्र व प्रदेश सरकार छात्र-छात्राओं को टैक्नीकल शिक्षा देने के नाम पर अच्छा खासा बजट खर्च कर रही है, तो वहीं ऐसी शिक्षण संस्थानों में भी कथित सप्लायर प्रधानाचार्य से मिलकर जैम पोर्टल के माध्यम से जो सामान खरीदा जा रहा है, उसमें बाजार के रेट से ज्यादा दामों में सप्लाई कई फर्मों के नाम से करता चला आ रहा है। विभागीय सूत्रों की मांगें तो कथित सप्लायर एक ही व्यक्ति है, लेकिन उसने अपने परिवारजनों व रिश्तेदारों के नाम से कई फर्में बना रखी है। यही कारण है कि आईटीआई में चाहे विद्युत खराबी ठीक करानी हो या फिर स्टेशनरी की सप्लाई करना हो या प्रैक्टीकल का सामान हो या फिर चाय, नाश्ता देना हो तो यही एक सप्लायर समूचे जनपद की आईटीआई में सप्लाई का जिम्मा संभालने में कभी भी पीछे नहीं रहता है। चूंकि टैक्नीकल शिक्षण संस्थान होने की वजह से वहां के क्रियाकलापों की जानकारी आम लोगों से दूर ही रहती है, फिर ऐसे शिक्षण संस्थान आबादी क्षेत्र से दूर भी बने हुये हैं। जिससे वहां की गतिविधियां वहीं की चाहरदीवारीं में कैद होकर रह जाती है। ऐसा नहीं कि वहां के स्टाफ के ऐसे कार्यों की जानकारी न हो लेकिन वह आपस में ही चर्चा करते अपने मन को तसल्ली देकर अपना मन हल्का कर लेते हैं। सूत्रों की मानें तो आईटीआई के सप्लायर के पास ऐसा हुनर है। जिससे कोई भी प्रधानाचार्य आये उसकी मास्टर चाबी उसकी जेब में ही रहती है। यह ऐसा फंडा है जिससे आईटीआई में कथित सप्लाई के सप्लायर की बादशाहद बेखौफ अंजाम में पटरी पर दौड़ रही है। लेकिन इस तरह से आईटीआई में सप्लाई के नाम पर हो रहे कथित भ्रष्टाचार की जानकारियां विद्यार्थी परिषद व भ्रष्टाचार विरोधी मंच के कानों तक पहुंची, तो वह सरकारी धन का बंदरबांट बंद कराने के प्रयासों में जुट गये। दोनों संगठनों के पदाधिकारियों का कहना था कि वह जल्द ही जिलाधिकारी से मिलकर कथित सप्लायर की फर्मों से आपूर्ति होने वाली सामग्री की उच्च स्तरीय जांच कराये जाने की मांग करेंगे।

### वारिस प्रमाण पत्र बनवाने के नाम पर महिला से मांगे थे 30 हजार

# एंटी करप्शन टीम ने कानूनगो और दो दलालों को रिश्वत लेते किया गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । उरई**




कोंच में शुक्रवार को झांसी से आई एंटी करप्शन टीम ने कोंच तहसील में छापा मारते हुए एक कानूनगो और दो दलालों को रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार कर लिया है। यह कार्रवाई विधवा महिला की शिकायत पर की है।कानूनगो ने महिला से पति की मौत के बाद वारिस प्रमाण पत्र बनवाने के नाम पर 30 हजार रुपए रिश्वत की मांग की थी। कोंच तहसील के ग्राम पनयारा की रहने वाली महिला राधा पटेल पत्नी स्वर्गीय शिवेंद्र सिंह निरंजन जिसकी ससुराल ग्राम परेथा थी, उसने अपने पत्नी की मृत्यु होने के बाद वारिस प्रमाण पत्र बनवाने के लिए कोंच तहसील में उपजिलाधिकारी के यहां अक्तूबर माह में वारिस प्रमाणपत्र बनवाने के लिए आवेदन किया था। जिसको एसडीएम द्वारा आगे बढ़ा दिया था, मगर उसका आवेदक को तहसील में तैनात कानूनगो कृष्णा द्वारा आगे नहीं बढ़ाया जा रहा था। जब इस बारे में महिला ने कानूनगो से संपर्क किया, तो कानूनगो ने महिला से 30 हजार रुपए रिश्वत की मांग की। साथ ही इसमें दो दलाल भी सक्रीय थे, जिस पर महिला ने एंटी करप्शन टीम झांसी को इस बारे में सबूतों और वीडियो देकर शिकायत की। जिसके बाद एंटी करप्शन टीम एक्टिव हुई और उसने महिला से संपर्क करते हुए कानूनगो को रिश्वत देने के लिए कहा। तभी शुक्रवार को महिला और राजस्व निरीक्षक (कानूनगो) की बात हुई। जिसके बाद महिला राधा पटेल रिश्वत के रुपए लेकर अपने भाई के साथ राजस्व निरीक्षक कृष्णा बाबू खरे के पास पहुंची। जैसे ही महिला ने राजस्व निरीक्षक को रुपए दिए, वैसे ही आसपास मौजूद एंटी करप्शन टीम ने उन्हें हिरासत में ले लिया। इस दौरान राजस्व निरीक्षक का साथ देने वाले दो दलाल माता प्रसाद पुत्र राम किशुन निवासी भेड़, तथा सौरव यादव पुत्र भानु सिंह निवासी भरसूडा को गिरफ्तार किया है। एंटी करप्शन के निरीक्षक शादाब खान बताया कि कृष्णा बाबू खरे पुत्र आनंद प्रकाश जो पिरोना में राजस्व निरीक्षक के पद पर तैनात हैं, उनके साथ दो दलाल को पकड़ा है, एट थाने में इसके खिलाफ रिश्वत लेनी का मुकदमा पंजीकृत कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार करने वाली टीम में निरीक्षक ठाकुरदास, उप निरीक्षक सुयेंद्र प्रताप, इरशाद, राहुल कुशवाहा, ओमकार, आरिफ, जितेंद्र सिंह, शिवम गुप्ता, शिवम तथा मनोज शामिल थे।

# कन्या विवाह योजना का पैसा अपात्रों से करेंगे वसूल- गुप्ता



**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा संचालित कन्या विवाह योजना के अंतर्गत योजना का लाभ लेने वाले तीन अपात्रों से सरकारी धनराशि वसूली के लिए विभाग द्वारा आरसी जारी कर दी गई है। इसके चलते गलत तरीके से योजना का लाभ लेने वालों के बीच हड़कम्प मच गया है। सहायक श्रम आयुक्त आरके गुप्ता ने बताया कि कन्या विवाह योजना के अंतर्गत पात्रों को अनुदान उपलब्ध कराया जाता है। जिसमें पार्टल पर योजना की शर्तों का अनुपालन न करते हुए कई लोगों ने गलत तरीके से योजना का लाभ उठाया है। इस मामले की जांच के बाद चित्रकूट धाम मंडल बांदा के उप श्रमायुक्त द्वारा मानिकपुर तहसील के गढ़चपा और मानिकपुर नगर तथा सदर तहसील के सेमरिया जगन्नाथवासी गांव के एक-एक लाभार्थी की आरसी जारी की गई है। जिसके तहत इन तीनों को 55000-55000 रुपया जमा करना होगा। उन्होंने बताया कि विभाग में पंजीकृत श्रमिक इस योजना के लिए निर्धारित समय में आवेदन करते है। जिसमें पात्रों को आर्थिक मदद दी जाती है। ऐसे में कोई भी अपाल इस योजना का लाभ लेने का अनैतिक प्रयास न करें। ऐसी जांच निरंतर जारी रहेगी।

# अनियंत्रित कार ने सड़क किनारे बैठे किसान को रौंदा, मौके पर मौत

**जन एक्सप्रेस । उरई**

रामपुरा थाना क्षेत्र में स्कॉर्पियो कार ने सड़क किनारे बैठे किसान को रौंद दिया। जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। रामपुरा थाना क्षेत्र के कस्बा जगम्मनपुर में रामपुरा रोड़ पर सोनी गेस्ट हाउस के सामने सुजुकी पुत्र रामनरेश शाक्यवार की पंचर जोड़ने की दुकान है। जहां पर रामपुरा के ग्राम हमीरपुरा निवासी प्रहलाद सिंह 42 वर्ष पुत्र जगन्नाथ सिंह शुक्रवार को खेतों से वापस आते समय अपनी साइकिल का पंचर ठीक करवा रहा था। उसी समय तेज गति से आ रही काले रंग की स्कॉर्पियो कार अनियंत्रित होकर सड़क से उतरकर दुकान पर बैठे किसान को रौंद दिया। जिससे वह घायल हो गया। इतना ही नहीं बल्कि अनियंत्रित कार टीन टप्पर उछालते हुए चली गई। घटना से इलाके में अफरातफरी मच गई। मौजूद लोगों ने घायल किसान को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामपुरा पहुंचाया। जहां पर जांच पड़ताल के बाद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और परिजनों को खबर देने के बाद पूछताछ शुरू कर दी। मृतक के भाई सुरेंद्र सिंह ने बताया कि काले रंग की स्कॉर्पियो कार जिसे सोनू सिंह पुत्र राम किशोर सिंह निवासी जगम्मनपुर चला रहा था। जिससे उनके भाई की कुचलकर मौत हो गई। थानाध्यक्ष संजीव कुमार कटियार ने बताया कि शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। परिजनों की तहरीर के आधार पर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

# प्रदेश अध्यक्ष ने किया अगले चुनाव में कांग्रेस को सत्ता में लाने का वादा

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**




चित्रकूट स्थित रामायण मेला भवन में चल रहे उत्तर प्रदेश कौंग्रेस सेवादल के प्रशिक्षण शिविर में कौंग्रेस के नेताओं ने कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया। जिसमें कौंग्रेसियों ने पार्टी नेतृत्व का मजबूत बनाने पर जोर दिया।

शिविर में कौंग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व उत्तर प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय ने चित्रकूट व भगवान राम की महिमा के साथ सेवादल के इतिहास की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पं. नेहरू, से लेकर इंदिरा गांधी, राजीव गांधी व राहुल गाँधी ने सेवादल की यात्रा की सराहना की है। उन्होंने आजादी की लड़ाई में सेवादल के योगदान व नागपुर के झंडा आंदोलन का भी जिक्र करके वर्तमान परिस्थितियों में सेवादल के कार्यकर्ताओं को सक्रिय भूमिका निभाने की बात कही। प्रदेश कौंग्रेस के उपाध्यक्ष व प्रभारी विश्वविजय सिंह ने प्रशिक्षण शिविर की श्रृंखलाओं को आगे बढ़ाने सहित कौंग्रेस कार्यकर्ताओ को शारीरिक, मानसिक व वैचारिक रूप से तैयार करने पर जोर दिया। उत्तर प्रदेश कौंग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि बीती 18 दिसम्बर को विधान सभा घेराव में बिना साधनों के हजारों लोग लखनऊ पहुंचे। जिस पर सरकार ने हर जगह दबाव बनाते हुए हजारों लोगों को विभिन्न धाराओं में नोटिस दिया। उन्होंने कार्यकर्ताओ से दो साल और देने का आवाहन किया और बदले में 2027 व 2029 में कौंग्रेस की सत्ता देने का वादा किया। उन्होंने कहा कि भाजपा लगातार बाबा साहब को और समाज के वंचित तबकों को अपमानित करने का काम कर रही है। कौंग्रेस नेता राहुल गांधी सबकों सम्मान देते है। लोगों का ध्यान भटकाने के लिए भाजपा प्रोपोगेंडा कर रही है। इसी योजना के तहत पार्टी नेता राहुल गांधी पर मुकदमा कराया गया है। कौंग्रेस पूरी तरह से इसकी लड़ाई लड़ने को तैयार है। सड़क से लेकर सदन तक वह लोग डॉ आम्बेडकर का अपमान नहीं सहेंगे। प्रो रमेश चंद्रा ने सेवादल के कार्यकर्ताओ के व्यक्तित्व को आदर्श बनाने और नेतृत्व निर्माण पर प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम का संचालन उत्तर प्रदेश कौंग्रेस सेवादल के प्रदेश अध्यक्ष डॉ प्रमोद पांडेय ने किया।

इस मौके पर कौंग्रेस के राष्ट्रीय सचिव नीलांशु चतुर्वेदी, तौकीर आलम, कौंग्रेस के चित्रकूट जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल, बांदा जिलाध्यक्ष प्रद्युम्न कुमार दुबे सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सम्प्रेक्षण गृह में जिला जज ने जाना बाल अपचारियों का हाल

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



उच्च न्यायालय किशोर न्याय समिति (जेजेसी) के तत्वावधान एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ द्वारा निर्गत कार्य योजना के अनुपालन में शुक्रवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष व जनपद न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम ने राजकीय सम्प्रेक्षण गृह का आकस्मिक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान जनपद न्यायाधीश राजकीय सम्प्रेक्षण में निरुद्ध बाल अपचारियों से उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी ली। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अपर जिला जज नीलू मैनवाल ने उच्च न्यायालय किशोर न्याय समिति द्वारा राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोर) में बाल अपचारियों के शैक्षणिक विकास के लिए समर्पित पुस्तकालय में उपलब्ध पुस्तकों की जानकारी ली। साथ ही जो पुस्तकें समिति द्वारा प्रेषित सूची के अनुसार उपलब्ध नहीं हैं, उनको उपलब्ध कराने के लिये निर्देश दिये गये। राजकीय सम्प्रेक्षण गृह में चित्रकूट आवासित बाल अपचारियों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं के बारे में बातचीत की गयी। उनको निःशुल्क अधिवक्ता के सम्बन्ध में अवगत कराया गया और किसी बाल अपचारी के पास अधिवक्ता उपलब्ध न हो तो जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से अपने वाद की पैरवी के लिए निःशुल्क अधिवक्ता प्राप्त कर सकता है।

निरीक्षण में किशोर न्याय बोर्ड की प्रधान मजिस्ट्रेट अंजलिका प्रियदर्शिनी, क्षेत्राधिकारी नगर राजकमल, उपजिलाधिकारी कर्वी पूजा साहू, संस्था प्रभारी वीर सिंह सहित किशोर न्यायबोर्ड की सदस्य अर्चना श्रीवास्तव, शिवशंकर त्रिपाठी।

# महिलाओं व बालिकाओं को शिविर लगाकर किया गया जागरूक

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



उत्तर प्रदेश में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के लिए संचालित बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ मिशन के अंतर्गत मानसिक स्वास्थ्य, कानूनी सहायता, विधि सहायता व सामाजिक सशक्तिकरण से सम्बन्धित सत्र एवं जागरूता कार्यशाला का आयोजन शुक्रवार को जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में ऑडिटोरियम भवन सोनपुर में किया गया।

कार्यशाला में जिलाधिकारी ने कहा कि यह मिशन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्राथमिकताओं में शामिल है। मिशन शक्ति में महिलाओं को कानूनी सहायता, सामाजिक सशक्तिकरण व मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए महिलाओं को महत्वपूर्ण कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया जाता है। कहा कि 'चुप्पी तोड़ो कुछ तो बोलो' के अंतर्गत जब तक आप लोग कोई समस्या नहीं बताएंगे तब तक हम लोग नहीं जान पाएंगे। बहुत सी महिलाएं खेतों में कार्य कर रही हैं, जो बड़ी फर्म व कंपनियों को एफपीओ के माध्यम से अपना उत्पादन बेच सकते हैं। राजनीति भी एक प्लेटफार्म होता है महिलाएं प्रधान होती हैं, लेकिन उनके प्रधान पति ही कार्य करते है, ऐसा नहीं होना चाहिए। सभी को स्वयं ही इस कार्य का निर्वहन करना चाहिए। पुलिस अधीक्षक ने कहा इस मिशन के अंतर्गत महिलाओं को सुरक्षा व सम्मान के प्रति जागरूक किया जाता है। कहा कि बेटे संस्कारी होंगे तो बेटियां सुरक्षित रहेंगी। पुलिस विभाग के बहुत से टोल फ्री नंबर है, जो हर समय महिलाओं की सहायता में काम करते है। साथ प्रत्येक पुलिस थानों में महिला हेल्प डेस्क स्थापित है, अपनी शिकायत वहां बताएं। साथ ही कहा कि मोबाइल का उपयोग करें, दुरूपयोग न करें। इसमें भी सतर्क रहने की जरूरत है। मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर ने कहा कि सभी महिलाएं व बालिकाएं अपने पडोस की लड़कियों को भी इस मिशन के बारे में बताते हुए जागरूकता फैलाएं। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव नीलू मेनवाल ने कहा कि महिलाओं के लिए विशेष कानून बनाया गया है। वंचित लोगों के लिए संविधान में कानूनी सेवा 39-ए में किया गया है। कोई भी समस्या है न्यायालय में एवं पुलिस हेल्प डेस्क सेंटर पर बता सकते हैं। इस दौरान यूपी बोर्ड में हाई स्कूल में प्रथम दीपा देवी, द्वितीय राखी देवी, तृतीय मुस्कान देवी एवं इंटरमीडिएट में प्रथम काव्य रघुवंशी, द्वितीय पूजा देवी, तृतीय प्रियंका देवी एवं सीबीएसई बोर्ड में हाई स्कूल में अनन्या सिंह प्रथम, नव्या केसरवानी द्वितीय, उन्नति पांडे तृतीया व इंटरमीडिएट में शालिनी वर्मा प्रथम, आदिति गुप्ता द्वितीय, स्नेहा यादव तृतीय स्थान प्राप्त करने पर क्रमशः 3 हजार 2 हजार एवं 1 हजार रुपये देकर सम्मानित किया गया।

इस मौके पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी, उपजिलाधिकारी कर्वी पूजा साहू, जिला पंचायत राज अधिकारी इंद्र नारायण सिंह, जिला बेसिक शिक्षाधिकारी बीके शर्मा, जिला पूर्ति अधिकारी आनंद सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी पंकज मिश्रा, जिला कार्यक्रम अधिकारी पीडी विश्वकर्मा, पुलिस आरक्षी पल्लवी देवी, राधा पाण्डेय, सविता देवी आदि मौजूद रहे।

## एक्सप्रेस खबरें...

### ठंड के दृष्टिगत गरीबों को वितरित किए कम्बल



**जन एक्सप्रेस/मऊ, चित्रकूट।** मौसम में ठंड बढ़ने के साथ ही प्रशासन ने गरीबों के बीच कम्बल वितरण शुरु कर दिया है। इसी क्रम में शुक्रवार को मऊ के पंड़ित पुरुषोत्तम द्विवेदी इंटर कॉलिज में मानिकपुर विधायक अविनाश चन्द्र द्विवेदी ने कम्बल वितरण किया। जिसमें गरीबों, निराश्रितों एवं विधवा महिलाओं को कम्बल वितरित किए गए। इस दौरान लगभग 300 लोगों को कम्बल बांटे गए। इस मौके पर मऊ उपजिलाधिकारी सौरभ यादव, तहसीलदार रामसुधार राम, नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी बालकृष्ण गौतम, सम्बन्धित लेखपाल व सभासद मौजूद रहे।

### रामायण परीक्षा का हुआ आयोजन




**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट:** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल मानिकपुर प्रखंड में रामायण परीक्षा का आयोजन शुक्रवार को आदर्श इंटर कॉलिज में कराया गया। बजरंग दल के जिला सह संयोजक अव्यय शरण गौतम ने बताया कि इस परीक्षा का मुख्य उद्देश्य युवाओं को रामायण के बारे में जानकारी देना है ताकि युवा पीढ़ी श्रीराम के आदर्शों को जीवन में उतारते हुए राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वाह करें। इस मौके पर प्रधानाचार्य राकेश सिंह चंदेल, प्रखंड उपाध्यक्ष बृजेश साहू, ललित पाण्डेय, एवं परीक्षा प्रभारी रविशंकर पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

### दहेज हत्या के मामले में मृतका के पति और देवर को सजा

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** दहेज हत्या के मामले में दोष सिद्ध होने पर न्यायालय ने दो सगे भाईयों को सात वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही प्रत्येक को 6,000 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी गोपाल दास ने बताया कि बीती चार फरवरी 2022 को मऊ थाना क्षेत्र के चंदई मजरा तिलौली गांव के निवासी हनुमान प्रसाद ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। शिकायतकर्ता के अनुसार उसने अपनी बेटी रेखा की शादी खण्डेहा गांव के अहिरनपुरवा निवासी रामदयाल के साथ की थी। शादी के बाद से रेखा का पति रामदयाल और देवर शिवदयाल समेत ससुरालीजन दहेज में एक लाख रुपये कम देने का ताना मारते हुए और अधिक दहेज देने की मांग कर रहे थे। ससुरालीजन एक लाख रुपये नगद व भैंस न देने पर बेटी को जान से मारने की धमकी देते थे। साथ ही ससुरालीजनों ने बीती तीन फरवरी 2022 को उसकी बेटी को मारकर फांसी में टांग दिया। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज करने के बाद न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। बचाव और अभियोजन पक्ष की दलीले सुनने के बाद त्वरित न्यायालय के अपर जिला जज नीरज श्रीवास्तव ने इस मामले में निर्णय सुनाया। जिसमें दोष सिद्ध होने पर मृतका के पति रामदयाल और देवर शिवदयाल को सात-सात वर्ष सश्रम कारावास व प्रत्येक को 6,000 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

### कुएं में किसान का शव मिलने से मचा हड़कंप

**जन एक्सप्रेस/राजापुर, चित्रकूट:** सरधुआ थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत ब्यौहरा में एक अधेड़ की हत्या से परिजनों में कोहराम मच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ट्यूबल में सो रहे अधेड़ अवधेश मिश्रा उर्फभूरा पुत्र अश्विनी कुमार मिश्रा उम्र (52वर्ष) प्रतिदिन की भांति बृहस्पतिवार को अपने ट्यूबवेल गया हुआ था। जिसकी रात में कुछ अज्ञात लोगों के द्वारा वही हत्या करके कुएं में शव को फेंक दिया गया है। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह व एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी सहित कई थानों की पुलिस शव को निकलवाने के लिए पहुंचने से ब्योहरा गाँव छाँवनी में तब्दील हो गया। पुलिस प्रशासन मौके पर मौजूद है और इस सनसनी वारदात से ग्रामीणों में आक्रोश देखने को मिल रहा है। गांव के पास बने ट्यूबेल के पास खून पाए जाने से प्रथम दृष्टया हत्या का अनुमान लगाया जा रहा है। मृतक के चार पुत्र प्रभाकर, गिरीश, सुरेन्द्र, देवेंद्र तथा दो पुत्रियां व पत्नी मालती का रो-रोकर बुरा हाल है। प्रभारी निरीक्षक सरधुवा आशुतोष तिवारी ने बताया है कि प्रथम दृष्टया हत्या का मामला समझ में आ रहा है। शव का पंचनामा भरकर शव विच्छेदन हेतु जिला चिकित्सालय भेज दिया गया है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद स्थिति साफहो जाएगी। मृतक के पुत्र के द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर अज्ञात लोगों के खिलाफमुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है और जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है।

### अवैध शराब बरामद, दो आरोपी गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्दशन में अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में चित्रकूट पुलिस ने दो आरोपियों को 45 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियान में थाना पहाड़ी के उपनिरीक्षक अरमान आलम व उनकी टीम मुख्य आरक्षी सौरभ कुमार व आरक्षी आनन्द प्रताप सिंह ने आरोपी राजेश उर्फपत्तू निवासी परसौंजा थाना पहाड़ी को 30 अदद क्वार्टर देशी शराब के साथ तथा थाना सरधुवा के उपनिरीक्षक चन्द्रमणि पाण्डेय व उनके हमराह आरक्षी महेन्द्र कुमार ने आरोपी देवकुमार यादव निवासी ग्राम हकीमपुर मजरा सरधुवा थाना सरधुवा को 15 देशी शराब पाउच के साथ गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में इन दोनों आरोपियों के विरुद्ध सम्बन्धित थानों में धारा 60 आबकारी अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया।

### टीचर आइकान अवार्ड के लिए हुआ शिवभूषण का चयन

**जन एक्सप्रेस/पहाड़ी, चित्रकूट:** राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर टीचर आइकन अवार्ड के लिए रामनगर ब्लाक के उच्च प्राथमिक विद्यालय रेरूवा के सहायक अध्यापक शिवभूषण त्रिपाठी का चयन किया गया है। टीचर आईकान अवार्ड में शिक्षा कला संस्कृति भाषा के क्षेत्र में काम करने वाली सामाजिक संस्था डॉक्टर यादवेंद्र नाथ मेमोरियल ट्रस्ट के तत्वाधान में संचालित राष्ट्रव्यापी शैक्षिक प्रकल्प राष्ट्रीय उद्घोष शिक्षा का नया सवेरा के तत्वाधान में आगामी 12 जनवरी को आयोजित होने वाले कार्यक्रम में हरिद्वार यूनिवर्सिटी कैनल रोड रुड़की उत्तराखंड में दिया जाएगा।

### चोरों ने एक रात में दो घरों से चुराई आधा दर्जन बकरियां

**जन एक्सप्रेस/जालौन।** कोतवाली क्षेत्र में छिरिया मलकपुरा चौकी क्षेत्र के ग्राम खनुआं में एक ही रात में पशु चोरों ने दो घरों में को निशाना बनाते हुए आधा दर्जन बकरियों को चोरीकर लिया। पीड़ित पशुपालकों ने सूचना पुलिस को दी है। छिरिया मलकपुरा चौकी क्षेत्र के ग्राम खनुआं निवासी मुन्ना व मंगल सिंह ने पुलिस को बताया कि पशु पालन ही उनकी आजीविका का मुख्य साधन है। बकरियां पालकर वह अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं। घर में ही बने एक बाड़े में वह अपनी बकरियों को बांधते हैं। पीड़ित मुन्ना ने बताया कि गुरूवार की रात उन्होंने घर में चार बकरियों को बांधा था और मंगल सिंह ने बताया कि उनकी दो बकरियां थीं। रात में किसी समय अज्ञात पशु चोर उनके घर में घुस गए। चोरों ने घर में बंधी बकरियों को खोल लिया और उन्हें चोरी कर ले गए। सुबह जब उन्होंने बकरियों को देखा तो वह गायब थीं। पशुपालकों की सूचना पर पुलिस बकरी चोरों की तलाश कर रही है।



**हरियाणा के पूर्व सीएम ओमप्रकाश चौटाला...**

हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री और आईएनएलडी प्रमुख ओमप्रकाश चौटाला का शुक्रवार को निधन हो गया। गुरुग्राम मेदांता में उन्होंने दोपहर करीब 12 बजे अंतिम सांस ली। उन्हें सांस लेने में दिक्कत थी, तीन-चार साल से मेदांता में ही उनका इलाज चल रहा था।... पढ़ें पेज 12 पर...

# अब कांग्रेस पर चंद्रशेखर आजाद ने बोला हमला

## सांसद चंद्रशेखर आजाद ने संसद में अंबेडकर प्रकरण पर प्रियंका गांधी और कांग्रेस को नसीहत दी है

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

- कहा है कि गृहमंत्री अमित शाह ने इस मामले में अपनी सफाई दे दी है, लिहाजा अब जनता के मुद्दों पर फोकस करना चाहिए
- जिस तरह का विरोध एक दूसरे के खिलाफ किया जा रहा है, वह संवैधानिक दायरे में रहकर ही किया जाए, यह बहुत जरूरी है
- संविधान पर जो हमला हो रहा है उसको भी छुपाया नहीं जा सकता, चाहे वन नेशन वन इलेक्शन हो

संसद में बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के अपमान पर भाजपा को घेर रही कांग्रेस पर अब नगीना सांसद और आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के मुखिया चद्रशेखर आजाद ने हमला बोल दिया है। सांसद चंद्रशेखर आजाद ने प्रियंका गांधी और कांग्रेस को नसीहत दी है। कहा है कि गृहमंत्री अमित शाह ने इस मामले में अपनी सफाई दे दी है। लिहाजा अब जनता के मुद्दों पर फोकस करना चाहिए। आजाद ने कहा कि उनकी पार्टी बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर के विचारों को लेकर चलने वाली पार्टी है। कुछ लोग तो अब संविधान उठाने लगे, जबकि हम तो इस मांग को लंबे समय से उठा रहे हैं कि सरकार संविधान के अनुसार काम नहीं कर रही। जिस तरह का विरोध एक दूसरे के खिलाफ किया जा रहा है, वह संवैधानिक दायरे में रहकर ही किया जाए, यह बहुत जरूरी है। संविधान पर जो हमला हो रहा है उसको भी छुपाया नहीं जा सकता। चाहे वन नेशन वन इलेक्शन हो या फिर निजीकरण हो। यह सब भी अंबेडकर पर हमला ही है। अगर किसी से भूल हो जाए तो स्वीकार करने में भी कोई बुराई नहीं। अगर किसी ने कहा कि मैं नहीं किया तो यह भी ठीक है। राजनीति में जन भावना का ध्यान रखना पड़ता है। देश के गृह मंत्री को एहसास है, देश के प्रधानमंत्री को एहसास और उन्होंने 6 ट्वीट किया है तो आप समझिए। बाबा साहब हर आदमी के दिल में है मजबूरी में या जरूरत में।



### अगर आप कुछ कहेंगे तो उसका जवाब विरोध के तौर पर आपको झेलना होगा

चंद्रशेखर ने कहा कि बाबा साहेब के खिलाफ जो काम किया जा रहा है वह भी उन पर हमला ही है। अच्छी बात है कि गृह मंत्री ने सफाई दी है, और देनी भी चाहिए। अगर उनको लगता है कि उनकी बातों को तोड़ मरोड़ कर पेश किया गया है तो उनको सफाई देनी चाहिए, क्योंकि यह अंबेडकरवादियों की भावनाओं पर ठेस पहुंची है। आज वह समय नहीं रहा कि आप हमारे महापुरुषों के बारे में कुछ कहेंगे और कुछ नहीं होगा। अगर आप कुछ कहेंगे तो उसका जवाब विरोध के तौर पर आपको झेलना होगा।

### अगर कोई किसी महापुरुष के बारे में बोले तो मर्यादा में बोले

अच्छा हुआ गृह मंत्री ने अपनी बात को लोगों ने समझाने का प्रयास किया। सच यह है, सदन में हमने बहस भी सुनी, बाबा आंबेडकर का कद इतना बड़ा है कि सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों को बाबा साहेब अंबेडकर की जय जयकार करनी पड़ रही है। हमारी मांग है कोई भी चाहे सत्ता पक्ष हो या विपक्ष हो अगर किसी महापुरुष के बारे में बोले तो मर्यादा में बोले और सदन चले। 2 दिन का हाउस बचा है, सदन चले और सदन में जनता के मुद्दे पर चर्चा हो।

# प्रदेश के 10 जिलों में बेटियों को रहने की मुफ्त सुविधा देगी योगी सरकार

## शक्ति सदन के तहत विभिन्न श्रेणी के अंतर्गत पीड़ित बेटियों और महिलाओं को दी जाएगी रहने की सुविधा



**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

- प्रदेश के 10 शहर में 50-50 क्षमता वाले तैयार किये जाएंगे आवासीय भवन
- अलीगढ़, आजमगढ़, कानपुर नगर, झांसी, मीरजापुर, मेरठ समेत दस जिलों में दी जाएगी सुविधा

योगी सरकार सकटग्रस्त घरेलू हिंसा से पड़ित और आपदा वाली महिलओं के पुर्नवासन और मुख्य धारा में जोड़ने के लिए प्रदेश भर में शक्ति सदन का संचालन शुरू कर रही है। इसके लिए प्रदेश के 10 जिलों का चयन किया गया है, जिसमें विभिन्न विभिन्न श्रेणी के अंतर्गत पीड़ित बेटियों और महिलाओं को उनकी बुनियादी आवश्यकताओं की पूर्ति के साथ-साथ पुनर्वासन और उन्हें समाज की मुख्य धारा से जोड़ने जाने का भी काम होगा। भारत सरकार द्वारा वित्त पोषित मिशन शक्ति की उप योजना सामर्थ्य के अंतर्गत सरकार इस योगी सरकार शक्ति सदन का संचालन करेगी। पाइलट प्रोजक्ट के तहत प्रदेश के 10 जिलों में शक्ति सदन के संचालन को स्वीकृति प्रदान कर दी गयी है और इसे शुरू करने की प्रक्रिया भी शुरू हो गयी है। शक्ति सदन में 50 महिलाओं के रहने की व्यवस्था होगी। इसके लिए आवासीय भवन का चयन किया जा रहा है। यह भवन ऐसे स्थान पर होगा, जहां से जिला मुख्यालय निकट हो और उस स्थान तक आवागमन की बेहतर सुविधा उपलब्ध हो।

### इन जिलों में शुरू होगा शक्ति सदन

महिला कल्याण विभाग प्रदेश के 10 जिलों वाराणसी, अलीगढ़, आजमगढ़, कानपुर नगर, चित्रकूट, झांसी, गोण्डा, बस्ती, मिर्जापुर और सहारनपुर में शक्ति सदन के संचालन योगी सरकार करेगी। शक्ति सदन के संचालन के लिए उपयुक्त आवासीय भवन की तलाश की जा रही है। इसके लिए भवन किराए पर लिया जाएगा। संबंधित जनपदों में 50 की स्वीकृत क्षमता वाले इन भवनों में महिलाओं और बेटियों के रहने की पूरी व्यवस्था होगी। शक्ति सदन में आश्रय, भोजन, कपड़े, प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल के साथ-साथ अन्य सुविधाएँ उपलब्ध कराया जाएगा। शक्ति सदन के सुचारू रूप से संचानल के लिए सेवा प्रदाता के माध्यम से 9 कर्मचारियों का जल्द से चयन किया जाएगा।

# राज्य बीज उप समिति की हुई बैठक

## केन्द्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान ने किया आम, अमरूद, बेल, जामुन, परवल की प्रजातियों का प्रस्तुतीकरण

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

- आचार्य नरेन्द्र देव कृषि विश्वविद्यालय दी ने बेल, बेर और हल्दी की प्रजाति की प्रस्तुति

प्रदेश के अपर मुख्य सचिव उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण एवं अध्यक्ष राज्य बीज उप समिति औद्यानिक फसलें बी एल मीणा की अध्यक्षता में केन्द्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान लखनऊ में औद्यानिक फसलों की नवीन विकसित प्रजातियों को विमोचित करने हेतु गठित राज्य बीज उप समिति औद्यानिक फसलें।की 14वीं बैठक सम्पन्न हुई। केन्द्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान रहमानखेड़ा लखनऊ की आम की 3, अमरूद की 1, बेल की 2, जामुन की 1 व परवल की 2, कुल 9 प्रजातियों का प्रस्तुतीकरण सम्बन्धित वैज्ञानिकों द्वारा किया गया। आचार्य नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कुमारगंज, अयोध्या की बेल, बेर व हल्दी की 1-1 प्रजातियों को विमोचन हेतु वैज्ञानिकों द्वारा समिति के समक्ष विस्तृत प्रस्तुतीकरण किया गया। समिति के अध्यक्ष व सदस्यों द्वारा प्रस्तुतीकरण में उल्लिखित प्रजातियों की विशेषताओं के सम्बन्ध में प्रश्न किये गये, जिनका समाधान सम्बन्धित वैज्ञानिकों द्वारा किया गया। अन्त में विचार-विमर्श के उपरान्त समिति द्वारा उक्त सभी प्रजातियों को केन्द्रीय बीज समिति, भारत सरकार को विमोचित करने हेतु संस्तुति सहित प्रस्ताव प्रेषित करने पर सहमति व्यक्त की गयी।बैठक में समिति के सदस्यों के साथ भारत सरकार के संस्थानों एवं कृषि विश्वविद्यालयों के वैज्ञानिकों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

### दुग्ध विकास: 'कृषकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम योजना' हेतु 02 करोड़ मंजूर

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने दुग्ध विकास के अंतर्गत आच्छादित संस्थाओं के माध्यम से कृषकों को प्रशिक्षण दिए जाने हेतु कृषकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम योजना के तहत वर्तमान वित्तीय वर्ष में 02 करोड़ रुपये की धनराशि द्वितीय किश्त के रूप में स्वीकृत की है। यह धनराशि 31 जनपदों के लिए स्वीकृत की गई है ।दुग्ध विकास विभाग द्वारा इस संबंध में शासनादेश जारी कर दिया गया है। जारी आदेशानुसार योजना के सुव्यवस्थित क्रियान्वयन एवं स्वीकृत धनराशि के नियामानुसार व्यय के संबंध में जनपद मैनपुरी, आगरा, मेरठ, झांसी, जालौन उरई हमीरपुर, बांदा, महोबा, लखनऊ, लखीमपुरखीरी, बरेली, शाहजहांपुर, पीलीभीत, विकास अधिकारी ,आहरण वितरण अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

# लघु सिंचाई विभाग के 11 सहायक अभियन्ताओं का पदस्थापन

## कृषक हमारे अन्न दाता, उन्हें सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता: स्वतंत्र देव

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

लघु सिंचाई विभाग के अभियन्ताओं को, जिन जनपदों में तैनाती की कार्यवाही की जा रही है वे तत्काल कार्यभार ग्रहण करते हुये विभागीय योजनाओं का अधिकाधिक लाभ कृषकों को प्रदान किये जाने में अपना सहयोग दें। जल शक्ति मंत्री स्वतन्त्र देव सिंह ने यह निर्देश भूगर्भ जल विभाग के सहायक अभियंताओ के पदस्थापन के अवसर दिया। पदस्थापन कार्यक्रम का आयोजन राणाप्रताप मार्ग स्थित जल निगम ग्रामीण के कार्यालय में आयोजित किया गया। जलशक्ति मंत्री ने इस अवसर पर कहा कि कृषक हमारे अन्न दाता हैं उन्हें समय से सुनिश्चित सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता में है। पदस्थापन प्रक्रिया के अन्तर्गत प्रोन्नति के फलस्वरूप रिक्त हुये पदों पर सहायक अभियन्ताओं के पदस्थापन किया गया। कार्यक्रम में लघु सिंचाई विभाग के 11 सहायक अभियन्ताओं के विभिन्न रिक्त जनपदों में पदस्थीकरण की कार्यवाही की गयी। प्रमुख सचिव अनुराग श्रीवास्तव के द्वारा अभियन्ताओं से विभागीय जनोपयोगी कार्यों को ईमानदारी के साथ सीधे कृषकों तक पहुंचाने की दिशा में कार्य करने एवं उनके आय में बढ़ोत्तरी किये जाने का आवाहन किया गया। भूजल स्तर में बढ़ोत्तरी हेतु विभाग द्वारा वर्षा जल संचयन व संरक्षण की दिशा में भी महत्वपूर्ण कार्य किया जाना है। विशेष सचिव प्रभाष कुमार के द्वारा सरकार की मंशा के अनुरूप योजनाओं पर प्रदत्त अनुदान का लाभ किसानों तक ससमय पहुंचाने की विशेष आवश्यकता बतायी गयी। कार्यक्रम में उपस्थित सहायक अभियन्ताओं द्वारा पारदर्शी प्रक्रिया के अन्तर्गत पदस्थीकरण की कार्यवाही किये जाने पर हर्ष व्यक्त किया गया।

## एक्सप्रेस खबरें...

### राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के सहायक अध्यापक,प्रवक्ता पद हेतु चयनित अभ्यर्थियों की ऑनलाइन नियुक्ति

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ।** निदेशक माध्यमिक शिक्षा डॉ महेंद्र देव ने बताया कि उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग, प्रयागराज द्वारा राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के लिए चयनित सहायक अध्यापक एलटी ग्रेड वर्ष 2018 एवं प्रवक्ता संवर्ग पुरुष,महिला वर्ष 2020 के सापेक्ष चयनित अभ्यर्थियों के लिए ऑनलाइन नियुक्ति एवं पदस्थापन की प्रक्रिया 23 दिसंबर से प्रारंभ की जाएगी। चयनित अभ्यर्थियों को मानव सम्पदा पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 23 दिसम्बर से प्रारम्भ होकर 27 दिसम्बर तक की जायेगी।निदेशक माध्यमिक शिक्षा ने बताया कि कार्यदिवस में प्रात: 10 बजे से सायं 05 तक ईमेल तथा 9368636558 के माध्यम से जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। अभ्यर्थियों का आवेदन पत्र ऑनलाइन सबमिट होगा, किसी अन्य माध्यम से आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा।

### दुग्ध संघों के सुदृढ़ीकरण के लिए 20 करोड़ स्वीकृत

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रदेश में डेयरी विकास के लिए दुग्ध संघों के सुदृढ़ीकरण एवं उन्हें पुनर्जीवित करने की योजना के तहत वर्तमान वित्तीय वर्ष में 20 करोड़ रूपये की धनराशि स्वीकृत की है। यह धनराशि तृतीय किश्त के रूप में स्वीकृत की गई है। यह धनराशि आगरा, मैनपुरी, मेरठ, झांसी, जालौन उरई, हमीरपुर, महोबा, बांदा, लखनऊ, लखीमपुर खीरी, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, रामपुर, वाराणसी, मिर्जापुर, सोनभद्र, गोरखपुर, महाराजगंज, देवरिया, बस्ती, सिद्धार्थनगर, आजमगढ़, मऊ, प्रयागराज, प्रतापगढ, कानपुर, अयोध्या, अंबेडकरनगर, बहराइच, तथा गोंडा जनपदों के लिए स्वीकृत की गई है।इस संबंध में दुग्ध विकास विभाग द्वारा शासनादेश जारी करते हुए योजना के कियान्वयन के सम्बन्ध में जनपदों के दुग्धशाला विकास अधिकारी उप दुग्धशाला विकास अधिकारी तथा आहरण वितरण अधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दे दिये गये हैं।

### अंडा एवं कुक्कुट उत्पादन बढ़ाने हेतु 10 करोड़ स्वीकृत

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रदेश में कुक्कुट विकास के लिए अंडा एवं कुक्कुट मांस उत्पादन बढ़ाने की योजना के तहत वर्तमान वित्तीय वर्ष में 10 करोड़ रूपये की धनराशि स्वीकृत की है। यह धनराशि द्वितीय किश्त के रूप में स्वीकृत की गई है। इस संबंध में पशुधन विभाग द्वारा शासनादेश जारी कर दिया गया है।शासनादेश में निदेशक, प्रशासन एवं विकास पशुपालन विभाग को निर्देशित किया गया है कि स्वीकृत धनराशि का आहरण,व्यय अनुमोदित कार्ययोजना एवं मदों में योजना हेतु निर्धारित गाइडलाईन्स का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करते हुए किया जायेगा तथा पूर्ण विवरण सहित उपयोगिता प्रमाण-पत्र शासन को उपलब्ध कराया जायेगा। स्वीकृत धनराशि का व्यय उसी प्रयोजन हेतु किया जायेगा जिसके लिए धनराशि स्वीकृत की गयी है।

# डिवाइडर से टकराकर होंडा सिटी कार पूरी तरह जलकर हुई राख



**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

लखनऊ जिले के जनेश्वर मिश्र पार्क के समीप शुक्रवार सुबह में एक कार में अचानक आग लग गई। बता दें कि कार के इंजन से आग निकलते देख महिला चालक ने शोर मचाना शुरू किया। सूचना पर पहुंची दमकल की एक गाड़ी ने करीब दस मिनट में आग पर काबू पा लिया। आग से कार पूरी तरह से जल चुकी थी। डिवाइडर से टकराकर होंडा सिटी कार पूरी तरह से जलकर राख हो गई। वहीं एफएसओ के अनुसार गोमती नगर निवासी आनंद मौर्या की पत्नी किरन अपनी होंडा सिटी कार से घर से निकली थीं, तभी वह जनेश्वर मिश्र पार्क की तरफ से शहीद पथ की तरफ जा रही थीं। उन्होंने बताया कि अचानक कार रोड के किनारे बाउंड्री से टकरा गई, जिससे इंजन की तरफ आग लग गई। वहीं सूचना पर पहुंची दमकल की एक गाड़ी ने आग पर काबू पा लिया और घटना में किसी को कोई चोट नहीं आई हैं।

# बिजली के निजीकरण के निर्णय के विरोध में 22 दिसम्बर को विशाल बिजली पंचायत

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

- विद्युत वितरण निगमों के घाटे को लेकर ऊर्जा मंत्री द्वारा दिया जा रहा है विरोधाभाषी बयान
- ऊर्जा निगमों के किसी श्रम संघ ने निजीकरण का समर्थन नहीं किया

विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उप्र ने ऊर्जा निगमों के घाटे को लेकर प्रदेश के ऊर्जा मंत्री द्वारा दिये गये बयानों को भ्रामक बताते हुए कहा कि ऊर्जा मंत्री घाटे को लेकर विरोधाभाषी बयान दे रहे हैं। संघर्ष समिति ने यह भी कहा कि ऊर्जा निगमों के किसी भी श्रम संघ ने निजीकरण का समर्थन नहीं किया है। इस सम्बन्ध में ऊर्जा मंत्री गलत बयानी कर रहे हैं। संघर्ष समिति के आह्वान पर निजीकरण के विरोध में आगामी 22 दिसम्बर को लखनऊ में विशाल बिजली पंचायत का आयोजन किया गया है। लखनऊ में होने वाली बिजली पंचायत में देश के सभी बिजली कर्मचारी महासंघों और ऑल इण्डिया पॉवर डिप्लोमा इंजीनियर्स फेडरेशन एवं ऑल इण्डिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष और महामंत्री सम्मिलित होंगे। इस बिजली पंचायत में प्रदेश के समस्त जनपदों एवं परियोजनाओं से बड़ी संख्या में बिजली कर्मी संविदा कर्मी और अभियन्ता सम्मिलित होंगे। पंचायत में उपभोक्ता संगठनों और किसानों का भी प्रतिनिधित्व होगा।बिजली पंचायत में निजीकरण के विरोध में संघर्ष के अगले कदमों की घोषणा की जायेगी। ऊर्जा मंत्री द्वारा विद्युत वितरण निगमों में घाटे के दिये गये आंकड़ों पर सवाल उठाते हुए संघर्ष समिति ने कहा कि पॉवर कारपोरेशन द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2016-17 में वितरण निगमों की एटीएण्डसी हानियां 41 प्रतिशत थीं। 2017 में योगी आदित्यनाथ सरकार आने के बाद 2021-22 में एटीएण्डसी हानियां घट कर 27.23 प्रतिशत रह गयी थीं। वर्ष 2023-24 में एटीएण्डसी हानियां 17 प्रतिशत हो गयी हैं। इस प्रकार 7 वर्षों में एटीएण्डसी हानियां में 24 प्रतिशत की उल्लेखनीय कमी आयी है।इसके विपरीत ऊर्जा मंत्री घाटे के बड़े-बड़े भ्रामक आकड़े देकर निजीकरण की दुहाई दे रहे हैं। जबकि निजीकरण के कारण आगरा में पॉवर कारपोरेशन को टोरंट कम्पनी को बिजली देने में ही 2434 करोड़ रूपये का नुकसान हो चुका है और आगरा जैसे औद्योगिक और व्यवसायिक शहर से होने वाले राजस्व की हानि 5 हजार करोड़ रूपये से अधिक की है।

# कांग्रेस देश की आजादी के पहले से अब तक डॉ भीमराव अम्बेडकर जी का अपमान कर रही हैं: कौशल किशोर

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

भारतीय संविधान पर विगत दो दिन से लोकसभा व राज्यसभा में चल रही चर्चा में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राज्यसभा में डॉ भीमराव अम्बेडकर के द्वारा देश के लिए किये गये योगदान को गिनाने के साथ साथ कांग्रेस द्वारा डॉ अम्बेडकर का देश की आजादी के पहले से अब तक किये गए अपमान को गिनाया, तो कांग्रेस सहित विपक्ष ने एक सोची समझी रणनीति के तहत देश को व सच्चे अम्बेडकरवादियों को गुमराह करने का प्रयास किया। 19 दिसंबर 2024 को लोकसभा के अंदर विपक्ष ने भाजपा सांसदो पर हमला करते हुए मारपीट किया जिसमें भाजपा सांसदो को चोट भी लगी। वहीं इस संबंध में मोहनलालगंज के पूर्व सांसद एवं पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री कौशल किशोर ने कांग्रेस के द्वारा डॉ अम्बेडकर के अपमान को गिनाया। पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री पूर्व सांसद कौशल किशोर ने मीडिया को बताया कि संविधान सभा में डॉ भीमराव अम्बेडकर जी को न जाने देने के लिए हुए चुनाव में कांग्रेस ने पूरी ताकत लगाकर हराया, इसके बाद योगेन्द्र मंडल ने एक सीट खाली कराकर डॉ अम्बेडकर जी को चुनाव जीतवाकर संविधान सभा में भेजा, कौशल किशोर ने मीडिया को बताया कि डॉ अंबेडकर को कांग्रेस ने संविधान सभा की ड्राफ्ट कमेटी के अध्यक्ष बनने से भी रोकने का हर संभव प्रयास किया लेकिन संविधान सभा के दबाव में चेयरमैन डॉ अम्बेडकर को बनाया गया, डॉ अम्बेडकर की तस्वीर कांग्रेस ने लोकसभा के सेंट्रल हॉल में नहीं लगायी रामविलास पासवान के प्रयास से गैर कांग्रेसी सरकार द्वारा डॉ अम्बेडकर की तस्वीर लोकसभा में लगावाई गई,कांग्रेस द्वारा ओबीसी सहित गरीबों के लिए डॉ अंबेडकर से किये गये वादो को न पूरा करने पर डॉ अंबेडकर को कानून मंत्री के पद से इस्तीफा देने के लिए मजबूर किया।

# निकाय चुनाव में निर्दलीय की खिलीं बांछे, सपा का 'सपना' टूटा

**जन एक्सप्रेस । संतोष कुमार दीक्षित**

- प्रदेश में 27 सीटों पर हुए चुनाव में सपा तीन पर सिमटी, 11 सीट पर खिला कमल, निर्दलीय 13 सीट पर विजयी

राज्य मुख्यालय। प्रदेश में विधानसभा की 9 सीटों पर हुए उपचुनाव में कारारी हार के बाद नगरीय निकाय चुनावों में भी समाजवादी पार्टी का सपना टूट गया है। 27 सीटों पर हुए नगर निकाय के चुनावों में सपा महज तीन सीट पर सिमट गई है। भाजपा ने 11 सीटें जीतकर लाज बचाई है। वहीं सबसे ज्यादा फायदा निर्दलीयों को हुआ है और 13 सीटें जीतकर उनकी बांछे खिल गईं हैं।

### तीन कदम ही चल सकी सपा

प्रदेश के मुख्य विपक्षी दल के प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव 2027 में होने वाले विधानसभा के चुनावों में जीत का दावा करते रहते हैं, लेकिन हाल ही हुए विधानसभा चुनाव और अब निकाय चुनावों का का परिणाम कहीं न कहीं कहीं बबुआ के दावों की पोल खोलते दिख रहे हैं। नौ सीटों पर हुए विधानसभा उपचुनाव में सपा जहां महज दो सीट जीत सकी थी वहीं निकाय चुनावों में भी तीन सीटों पर सिमट कर रह गई है। अमरोहा नगर पालिका परिषद सीट, बांदा जिले की अतर्रा सीट और लखनऊ की अमेठी नगर पंचायत सीट पर ही सपा की साइकिल दौड़ सकी।

### नगर पालिका परिषद की 13 खाली सीटों का चुनाव

अमरोहा और बांदा की अतर्रा सीट को छोड़कर बाकी 11 सीटों पर निर्दलीय और भाजपा ने परचम लहराया है। प्रतापगढ़ की बेल्हा प्रतापगढ़ सीट, बहराइच नगर पालिका परिषद सीट और लखीमपुर खीरी की पलिया कलां नगर पालिका परिषद सीट पर बीजेपी का कमल खिला है। बाकी सीटों पर निर्दलीय जीते हैं।

### पंचायत चुनाव में जीते भाजपा के पांच प्रत्याशी

यूपी निकाय चुनाव में बीजेपी ने पांच सीटों पर जीत दर्ज की है। इनमें कौशांबी जिले की अझुवा नगर पंचायत सीट, चंदौली जिले की सौयद राजा नगर पंचायत, बांदा जिले की बबेरु नगर पंचायत सीट, सीतापुर की महोली नगर पंचायत में और पश्चिमी यूपी के हाथरस जिले की सादाबाद नगर पंचायत चुनाव में बीजेपी ने जीत दर्ज कर अपनी साख बरकरार रखी।

### नगर निगम में दो सीट जीती भाजपा

गाजियाबाद की दो नगर निगम सीटों में से एक पर बीजेपी एक पर निर्दलीय जीता। शाहजहांपुर जिले की हयात पुरा नगर निगम सीट पर बीजेपी का कमल खिला।

### भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने जताया आभार

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी और प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने निकाय उपचुनाव में विजयी हुए भाजपा प्रत्याशियों को शुभकामनाएं दी है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने निकाय उपचुनाव में भाजपा उम्मीदवारों को विजयी बनाने के लिए स्थानीय मतदाताओं का आभार जताया।

## सार्वजनिक सूचना

मेरा नाम आधार कार्ड में साहेबे आलम (Sahebe Alam) अंकित है और पासपोर्ट नं0-M8756084 में (Sahabey Alam) अंकित है। साहेबे आलम (Sahebe Alam) व (Sahabey Alam) दोनों एक ही व्यक्ति अर्थात मेरे नाम हैं।
-साहेबे आलम (Sahebe Alam) पुत्र मो0 असलम निवासी-म0नं0-82/68, गुरू गोविन्द सिंह मार्ग, लालकुआँ, जनपद-लखनऊ।

### सेक्सड सॉर्टेड सीमेन उत्पादन हेतु प्रयोगशाला निर्माण के लिए 2.25 करोड़ मंजूर

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रदेश में अति हिमीकृत वीर्य उत्पादन केंद्र, रहमानखेड़ा, लखनऊ पर बोवाइन पशुओं में सेक्सड सॉर्टेड सीमेन उत्पादन हेतु प्रयोगशाला निर्माण के लिए नन्द बाबा दुग्ध मिशन के अंतर्गत वर्तमान वित्तीय वर्ष मे दो करोड़ पच्चीस लाख रूपये स्वीकृत किया गया है। इस संबंध में दुग्ध विकास विभाग द्वारा शासनादेश जारी कर दिया गया है।

## जिलाधिकारी ने मध्य रात्रि में रैन बसेरों का किया निरीक्षण

जन एक्सप्रेस। रायबरेली

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने शीतलहर के दृष्टिगत जनपद में स्थाई एवं अस्थाई रैन बसेरों का औचक निरीक्षण किया एवं वहां पर उपलब्ध कराई गई सुविधाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने सुपर मार्केट एवं जिला अस्पताल में स्थापित रैन बसेरों के निरीक्षण के दौरान वहां पर पीने के पानी की व्यवस्था, बाथरूम आदि की जानकारी ली तथा रैन बसेरों में रहने वाले लोगों से भी उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली उन्होंने रैन बसेरों के संचालकों को शीतलहर के दृष्टिगत पर्याप्त मात्रा में बेड एवं अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिएजिलाधिकारी ने कहा कि रैन बसेरों मेंअतिरिक्त कंबल तथा अलाव की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए साथ ही समस्त रैन बसेरों में समुचित साफ-सफाई पर विशेष ध्यान रखा जाए निरीक्षण के दौरान एडीएम (वित्त एवं राजस्व) अमृता सिंह, जॉइंट मजिस्ट्रेट प्रफुल्ल शर्मा, तहसीलदार सदर प्रज्ञा द्विवेदी, ईओ नगर पालिका स्वर्ण सिंह सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहें।

# पुष्टाहार वितरण में अनियमितता और धांधली को लेकर प्रदर्शन एवं नारेबाजी

## कागजों पर ही हो रहे पोषण सामग्री के वितरण का आरोप

जन एक्सप्रेस। अमेठी



जिले में बच्चों के पोषण के लिए वितरित होने वाले पुष्टाहार में अनियमितता और धांधली से नाराज महिलाओं ने शुक्रवार को विकास भवन में प्रदर्शन किया। किसान नेत्री रीता सिंह के नेतृत्व में बड़ी संख्या में लाठी-डंडों से लैस लोगों ने पहुंचकर जमकर नारेबाजी की।प्रदर्शन के दौरान महिलाओं ने जिला कार्यक्रम अधिकारी को शिकायती पत्र सौंपा।और पूरे मामले की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की।महिलाओं ने आरोप लगाया कि बच्चों के लिए हर महीने शासन द्वारा भेजा जाने वाला पुष्टाहार वितरण में घोर लापरवाही बरती जा रही है।कई ब्लॉकों में केवल कागजों पर वितरण दिखाया जा रहा है।जबकि हकीकत में बच्चों तक पोषण सामग्री नहीं पहुंच रही है।महिलाओं ने कहा कि यह बच्चों के स्वास्थ्य के साथ गंभीर खिलवाड़ है।लाठी-डंडों से लैस महिलाओं को देखकर विकासभवन में अधिकारियों और कर्मचारियों के बीच हड़कंप मच गया।प्रदर्शन की जानकारी मिलने पर जिला कार्यक्रम अधिकारी संतोष श्रीवास्तव मौके पर पहुंचे।और महिलाओं की शिकायत सुनी।महिलाओं ने विकास भवन में प्रदर्शन किया।

किसान नेत्री रीता सिंह ने कहा कि शासन ने बच्चों को बेहतर पोषण उपलब्ध कराने को पुष्टाहार का प्रावधान किया है।लेकिन विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों की मिलीभगत से बच्चों तक यह पहुंच ही नहीं रहा है।यह बच्चों के स्वास्थ्य और उनके अधिकारों के खिलाफ है। यदि जल्द ही समस्या का समाधान नहीं हुआ,तो महिलाओं के नेतृत्व में बड़ा प्रदर्शन किया जाएगा।साथ ही प्रदर्शन कर रहे लोगों ने प्रशासन से मांग की है,कि पुष्टाहार वितरण में हो रही अनियमितता की जांच की जाए।और दोषी अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।तथा यह सुनिश्चित किया जाए कि बच्चों को समय पर पुष्टाहार उपलब्ध हो।महिलाओं ने चेतावनी दी है कि अगर उनकी मांगों पर कार्रवाई नहीं की गई तो आने वाले दिनों में और बड़ा प्रदर्शन किया जाएगा।मामले को लेकर जिला कार्यक्रम अधिकारी अधिकारी से संपर्क करने पर फोन रिसीव नहीं हुआ।

## सर सैयद के नाम पर बने रीडिंग रूम को बना दिया हॉस्टल, छात्रों में आक्रोश

जन एक्सप्रेस/अलीगढ़। हॉल में पढ़ाई की जगह आराम की व्यवस्था बना दी गई है। इससे विद्यार्थियों में आक्रोश है। वे हॉस्टल को दोबारा रीडिंग रूम बनाने की मांग पर अड़ गए हैं। अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी (एएमयू) के संस्थापक सर सैयद के नाम के सर सैयद (दक्षिण) हॉल में बने रीडिंग रूम को हॉस्टल में तब्दील कर दिया गया है। हॉल में पढ़ाई की जगह आराम की व्यवस्था बना दी गई है। इससे विद्यार्थियों में आक्रोश है। वे हॉस्टल को दोबारा रीडिंग रूम बनाने की मांग पर अड़ गए हैं। यूनिवर्सिटी में 20 हॉल हैं। हर हॉल एक-एक रीडिंग रूम है। सर सैयद (दक्षिण) हॉल में रीडिंग रूम का जीर्णोद्धार कराया गया था, जिसका उद्घाटन 15 अगस्त 2018 को तत्कालीन कुलपति प्रो. तारिक मंसूर ने किया था। शोधार्थी अब्दुल वहीद खान ने बताया कि रीडिंग रूम में कंप्यूटर रूम समेत पढ़ाई के लिए तमाम सहूलियतें थीं।

## शहर के देवानंदपुर में 59 बीघा तालाब की जमीन हुई कब्जा मुक्त



जन एक्सप्रेस। रायबरेली

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के निर्देश में अवैध कब्जेदारों के खिलाफ चल रहे अभियान के अंतर्गत ज्वाइंट मजिस्ट्रेट प्रफुल्ल कुमार शर्मा एवं तहसीलदार प्रज्ञा द्विवेदी के कुशल मार्गदर्शन में बड़ी कार्यवाही करते हुए करीब 59 बीघा जमीन जिसकी कीमत 40 करोड़ के लगभग कि राजस्व अभिलेखों में तालाब दर्ज है नगर पालिका व राजस्व टीम ने संयुक्त रूप से पूरी जमीन की नाप कर अवैध कब्जेदारों से मुक्त करा दिया तथा पूरी जमीन नगर पालिका को हैंडोवर भी कर दी गई इस मौके पर नायब तहसीलदार रमाशंकर मिश्रा राजस्व निरीक्षक राजेन्द्र सिंह, लेखपाल रविकान्त त्रिपाठी, अंजनी मिश्रा उमेश दीक्षित एवं नगर पालिका से राजस्व निरीक्षक गौरव शुक्ला समेत पूरी टीम मौजूद रही।

## आरजीआईपीटी में समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत छात्र, छात्राओं का भ्रमण कार्यक्रम संपन्न

जन एक्सप्रेस। जायस सिटी,अमेठी



राजीव गाँधी पेट्रोलियम प्रौद्योगिकी संस्थान जायस में शुक्रवार को समग्र शिक्षा अभियान तथा उप्र माध्यमिक शिक्षा अभियान के तहत संस्थान में चल रहे माध्यमिक स्तर के विद्यालयों के शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम का समापन हुआ।बारह दिसंबर से चल रहे इस कार्यक्रम में आस-पास के क्षेत्रों में माध्यमिक स्तर पर संचालित विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।कार्यक्रम के अंतिम दिन राजकीय इंटर कालेज1फुरसतगंज, अमेठी तथा राजकीय कन्या इंटर कालेज देवानंदपुर रायबरेली के छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक सम्मिलित हुए।कार्यक्रम में अधिष्ठाता छात्र मामले सह आचार्य देबाशीष पाण्डा, सहायक आचार्य विवेक कुमार, रासायनिक अभियांत्रिकी विभाग, राजकीय इंटर कालेज फुरसतगंज, अमेठी के प्रधानाचार्य तथा राजकीय कन्या इंटर कालेज देवानंदपुर की प्रधानाचार्या मंचासीन रहे।अधिष्ठाता छात्र मामले सह आचार्य देबाशीष पाण्डा ने छात्र-छात्राओं का मनोबल बढ़ाते हुए प्रेरक भाषण दिया।और सहायक आचार्य विवेक कुमार द्वारा उपस्थित छात्र-छात्राओं हेतु कक्षाएं आयोजित की गईं।प्रयोगात्मक गतिविधियों से परिचित कराने हेतु भौतिकी, रसायन,बायोगैस,बायोमॉस पेट्रोलियम एवं रासायनिक आदि प्रयोगशालाओं का भ्रमण कराया गया।इस अवसर पर संकाय सदस्य व कार्मिक उपस्थित रहे।

## अस्पताल के वार्ड में लगेंगे रूम हीटर,मरीजों को बांटे जाएंगे कंबल, तीमारदारों के लिए जलेंगे अलाव

जन एक्सप्रेस। गौरीगंज,अमेठी



भीषण ठंड को देखते हुए मरीजों को बेहतर सुविधा देने के लिए जिले का स्वास्थ्य प्रशासन एक्टिव मोड में आ गया है।सीएमओ के निर्देश पर जिले के सभी सीएचसी और पीएचसी समेत जिला अस्पताल में भर्ती मरीजों को कंबलों का वितरण किया जा रहा है।इसके साथ ही वार्डों में रूम हीटर भी लगाए जाएंगे। अस्पताल परिसर में अलाव को भी जलवाया जा रहा है। जिले में ठंड का प्रकोप शुरू हो गया है।ऐसे में अस्पतालों में भर्ती मरीजों को किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े इसके लिए स्वास्थ्य महकमा सक्रिय हो गया है।मुख्य चिकित्सा अधिकारी अंशुमान सिंह के निर्देश पर जिले के सभी सीएचसी पीएचसी और जिला अस्पताल में भर्ती मरीजों को ठंड से बचाव के लिए गर्म कंबलों का वितरण किया जा रहा है।मुख्य चिकित्सा ने कहा कि जिले में एक जिला अस्पताल तेरह सीएचसी और तीस पीएचसी हैं।सभी अस्पताल प्रभारियों को सख्त निर्देश दिया गया है, कि अस्पताल में भर्ती सभी मरीजों को कंबल का वितरण किया जाए। इसके साथ ही अस्पताल परिसर में अलाव जलाया जाए।एसएनसीयू एमएनसीयू में रूम हीटर को भी लगाया गया है।उन्होंने कहा कि मरीज को पूरी सुविधा मिले यह हमारा प्रयास है।

## किसान सम्मान दिवस / किसान मेला का आयोजन 23 को

जन एक्सप्रेस। रायबरेली

- पूर्व पीएम स्व0 चौधरी चरण सिंह के जन्मदिवस को किसान सम्मान दिवस के रूप में मनाया जाएगा
- उत्कृष्ट उत्पादन प्राप्त करने वाले कृषकों को किया जाएगा सम्मानित

सबमिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन एवं टेक्नोलॉजी योजना अंतर्गत मा0 स्व0 चौधरी चरण सिंह, भूतपूर्व प्रधानमंत्री भारत सरकार के जन्म दिवस 23 दिसंबर को किसान सम्मान दिवस/जैविक/तिलहन किसान मेला का आयोजन कृषि भवन परिसर, बस्तेपुर रोड़, गोरा बाजार, रायबरेली में दिनांक 23 दिसम्बर 2024 को पूर्वान्ह 11ः00 बजे से जिलाधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में किया जा रहा है, जिसमें जनपद में कृषि विभाग तथा सहयोगी विभागों के उत्कृष्ट उत्पादन प्राप्त करने वाले कृषकों को सम्मानित किया जाएगा तथा कृषकों को रबी कृषि संबंधी समसामयिक एवं नवीनतम तकनीकी जानकारी विषय विशेषज्ञों द्वारा दी जाएगी इस कार्यक्रम में संबंधित विभागों के विभागीय कार्यक्रमों एवं उत्पादों के प्रदर्शन हेतु स्टॉल भी लगाए जाएंगे जिलाधिकारी ने समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया है कि अपने-अपने विकास खण्ड में उक्त कार्यक्रम को समुचित निष्ठा एवं गरिमा के साथ आयोजन कराना सुनिश्चित कराए उक्त कार्यक्रम में जनपद में खरीफ 2024 में डिजिटल क्रॉप सर्वे में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सर्वेक्षण को भी पुरस्कृत किया जाएगा।

## विशेष प्रवर्तन अभियान 21 दिसम्बर से 04 जनवरी तक

जन एक्सप्रेस। रायबरेली

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने कहा कि क्रिसमस पर्व एवं नववर्ष 2025 सन्निकट होने पर अवैध मादक पदार्थों के निर्माण, बिक्री एवं तस्करी की संभावना के दृष्टिगत 21 दिसंबर से 04 जनवरी 2025 तक विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया जाना है। जिसमें अवैध मदिरा के निर्माण एवं बिक्री एवं तस्करी पर अंकुश लगाए जाने हेतु समस्त तहसीलवार टीमों का गठन किया है जिलाधिकारी ने आबकारी, पुलिस एवं राजस्व प्रशासन के अधिकारियों की संयुक्त टीम बनाकर प्रभावी प्रवर्तन कार्य सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि पूरे जनपद में विशेष प्रवर्तन अभियान चलाकर अवैध शराब के निर्माण, तस्करी, परिवहन आदि पर प्रभावी अंकुश लगाया जाए। इस कार्य के लिए प्रत्येक तहसील में उप जिलाधिकारी क्षेत्राधिकारी तथा आबकारी निरीक्षक विशेष रूप से सक्रिय रहेंगे। पूरे जनपद में 6 प्रवर्तन दलों का गठन किया गया है जिलाधिकारी ने कहा कि यह टीमें पूर्ण निष्ठा एवं गंभीरता से विशेष प्रवर्तन अभियान के दौरान अवैध मदिरा के कार्य में संलिप्त माफियाओं/तस्करों की सूची के अनुसार उनके विरुद्ध स्थानीय पुलिस के सहयोग से नियमानुसार गैंगस्टर/गुण्डा एक्ट के अन्तर्गत कठोरतम कार्यवाही की जाए तथा उन पर सतत निगरानी की जाएसंदिग्ध वाहनों की सघनता एवं सूक्ष्मता से चेकिंग कराई जाएगी और राष्ट्रीय/राज्य राजमार्ग पर स्थित ढाबों, जहां अल्कोहल के टैंकर प्रायः रूकते है, की भी संघ एवं आकस्मिक जांच कराई जाए। इन टीमों द्वारा जनपद में अवैध मदिरा के संदिग्ध स्थानों/अड्डों पर छापेमारी की कार्यवाही की जाए। आबकारी दुकानों एवं थोक अनुज्ञापनों का निरीक्षण चेकलिस्ट के अनुसार किया जाए स्टॉक के बारकोड व क्यू0आर0 कोड की सूक्ष्मता एवं सतर्कता पूर्वक स्कैनिंग/जांच की जाए।

# विभिन्न संगठनों द्वारा संत गाडगे चौक में 68वाँ परिनिर्वाण दिवस मनाया गया

- संत गाडगे महराज वैज्ञानिक दृष्टिकोण वाले समाज सुधारक थे कमलेश चौधरी

जन एक्सप्रेस। रायबरेली



संत गाडगे महराज का 68वाँ परिनिर्वाण दिवस विभिन्न संगठनों द्वारा संत गाडगे चौक रायबरेली में मनाया गया। इस अवसर पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए संत गाडगे सेवक कमलेश चौधरी ने कहा कि संत गाडगे महराज वैज्ञानिक दृष्टिकोण वाले समाज सुधारक थे। उन्होनें अपना पूरा जीवन दलितों और दलितों की सेवा में लगा दिया। उ0प्र0 उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल के प्रदेश संगठन मंत्री मुकेश रस्तोगी ने कहा कि गाडगे महराज ने दलितों व गरीबों के बीच अज्ञानता, अंध विश्वास और अस्वच्छता के उन्मूलन के लिए काम किया। पूर्व डीजीसी ओपी यादव ने कहा कि आज भारत के गृह मंत्री अमित शाह ने भारतीय संविधान के निर्माता भारत रत्न बाबा साहब डा0 भीमराव अम्बेडकर का भरी संसद में अपमान कर यह साबित कर दिया कि एन.डी.ए. सरकार दलित विरोधी है। इस घटना ने इनका असली चेहरा बेनकाब कर दिया है। स्वर्णकार समाज के संरक्षक भौमेश स्वर्णकार ने कहा कि संत गाडगे कहते थे कि मंदिरों में मत जाओं, मूर्तियों की पूजा मत करो, असली संत वही है, जो गरीबों, कमजोरों, अनाथों एवं विकलांगों की सेवा करते हैं। चंद्रगुप्त मौर्य संस्थान के जिला महामंत्री सुशील मौर्य ने कहा कि गाडगे महराज का मानना था कि भगवान पत्थरों में नहीं बल्कि इंसानों में है। आई.टी.आई. के श्रमिक नेता श्याम लाल ने कहा कि संत गाडगे का कीर्तन लोक ज्ञान का अंग था, बाबा कीर्तन के माध्यम से पाखंड को दूर करने की शिक्षा देते थे। गोष्ठी की अध्यक्षता रामशरन चौधरी एवं संचालन कैलाश कनौजिया ने किया। इस अवसर पर राम किसुन निर्मल, रूपचन्द्र यादव, गौरीशंकर, राजेश कुरील, अमर सिंह चौधरी रोहित चौधरी, श्रीकांत दिवाकर, शास्त्री केदार सोनी, रोहित पटेल, रामनरेश चौधरी नीरज कनौजिया आशीष वर्मा, संतोष निर्मल आदि लोगों ने संत गाडगे महराज की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला।

## कांग्रेस पार्टी के जिला पंचायत सदस्य वीरेन्द्र यादव ने गृह मंत्री का फूंका पुतला



जन एक्सप्रेस। रायबरेली

डलमऊ से जिला पंचायत सदस्य ने भारत रत्न संविधान निर्माणकर्ता डॉक्टर बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी को केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने संसद में अपमानित करने के उद्देश्य से बयान दिया है घृणित मानसिकता से प्रेरित गृहमंत्री का पुतला दहन हाथी पार्क चौराहा अंबेडकर प्रतिमा के सामने जिला पंचायतसदस्यडलमऊएआईसीसी सदस्य वीरेंद्र यादव एडवोकेट के नेतृत्व में किया गया बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर जी भारत रत्न हैं और देश का गौरव हैं इसलिए बाबा साहब का अपमान देश का अपमान है संविधान की कसम खाकर बीजेपी आज सत्ता में है उसी संविधान को खत्म करना चाहती है गृहमंत्री के उपर देशद्रोह का मुकदमा दर्ज होना चाहिए इस अवसर पर पीसीसी सदस्य राहुल बाजपेई शंभू शरण पाल शाजू नकवी जितेंद्र पासी शितांशु मौर्य पियंका रावत साक्षर पटेल अमित कुमार श्यामू सिंह गौतम मौर्या मेराज अहमद गुड्डू यादव शिवा शिवचरित्र आदि उपस्थित रहे।

## वरिष्ठ जनों के विधिक अधिकार विषय पर आयोजित किया गया शिविर

जन एक्सप्रेस। रायबरेली

उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ तथा माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राज कुमार सिंह के निर्देशानुसार व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली के तत्वाधान में वृद्धजन आवास (वृद्धाश्रम), आई0टी0आई0 कैम्पस दूरभाष नगर, रायबरेली में आवासित वृद्धजनों के देख-रेख, खानपान, रहन-सहन आदि हितों से सम्बन्धित मामलों के सम्बन्ध में अनुपम शौर्य अपर जिला जज/सचिव, जिलाविधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली द्वारा वृद्धजन आवास का निरीक्षण किया गया। इस निरीक्षण के दौरान जिला समाज कल्याण अधिकारी रायबरेली भी उपस्थित रही। सचिव द्वारा अधीक्षक वृद्धाश्रम से आवासित वृद्धों की देखभाल व खान-पान के सम्बन्ध में चर्चा की। निरीक्षण दौरान सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा वृद्धजन आवास की पाकशाला का भी निरीक्षण किया गया। पाकशाला में पर्याप्त साफ सफाई न पाए जाने पर अधीक्षक वृद्ध आश्रम को उचित साफ सफाई कराये जाने हेतु निर्देशित किया गयानिरीक्षण उपरांत वृद्धजनों के विधिक अधिकार विषय पर विधिक साक्षरता जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया इस अवसर पर अपर जिला जज/सचिव अनुपम शौर्य के द्वारा उपस्थित वृद्धजनों को यह बताया गया कि कैसे आप अपने अधिकारों के प्रति सचेत रहे इस अवसर पर प्रत्येक वृद्धजन से अलग-अलग उनकी समस्याओं के बाबत पूछा गया वृद्धाजनों को उनके निःशुल्क अधिकारों के विषय पर जानकारी दी गयी एवं बताया गया कि किसी भी प्रकार की निःशुल्क विधिक सहायता के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायबरेली के कार्यालय में किसी कार्य दिवस में उपस्थित होकर अपनी शिकायत दर्ज कराकर सहायता प्राप्त कर सकते हैं इस अवसर पर वृद्धजनों को नालसा हेल्प लाइन नम्बर 15100 के सम्बन्ध मे भी जानकारी प्रदान की गई उक्त शिविर में वृद्धजनों को वृद्धा पेंशन, आधार कार्ड व आयुष्मान कार्ड बनवाये जाने के सम्बन्ध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गयी। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली द्वारा अधीक्षक वृद्धाश्रम धनंजय सिंह को वृद्धजनों के उक्त कार्डों को अद्यतन किये जाने व बनवाये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

### विकास खण्ड/जनपद स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन 24 दिसंबर से 03 जनवरी तक

# डीएम की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय खेल आयोजन समिति की बैठक सम्पन्न

जन एक्सप्रेस। रायबरेली



'उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल लीग (यूपीआरएसएल)'' के अन्तर्गत होने वाली खेल प्रतियोगिता के आयोजन हेतु जिलाधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय में जनपद स्तरीय खेल आयोजन समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिला युवा कल्याण अधिकारी ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार वित्तीय वर्ष 2024-25 में होने वाली ग्रामीण खेल प्रतियोगिताओं को अधिक प्रतिस्पर्धी, सुव्यवस्थित एवं व्यापक बनाने के उद्देश्य से खेलसंघों के समन्वय के माध्यम से सब जूनियर, जूनियर एवं सीनियर वर्ग में बालक तथा बालिका दोनों श्रेणियों में एथलेटिक्स, कबड्डी, वालीबॉल, कुश्ती, भारोत्तोलन, फुटबाल, बैडमिन्टन एवं जूड़ो विधाओं में विकास खण्ड एवं जनपद स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन 24 दिसंबर से 03 जनवरी 2025 तक कराया जाना है जिसके अनुसार 24 व 25 दिसंबर को ब्लॉक महाराजगंज, रोहनियां एवं शिवगढ़ में विकास खण्ड स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। इसी प्रकार ब्लॉक सरेनी में 25 व 26 दिसम्बर को, ब्लॉक अमावां, जगतपुर एवं सलोन में 26 व 27 दिसंबर को, ब्लॉक राही, लालगंज एवं हरचन्दपुर में 27 व 28 दिसंबर को, ब्लॉक बछरावां में 28 व 29 दिसंबर को, ब्लॉक डलमऊ में 29 व 30 दिसंबर को, ब्लॉक दीनशाहगौरा, डीह, सतांव, ऊँचाहार, खीरों एवं छतोह में 30 व 31 दिसंबर को विकास खण्ड स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। इसी प्रकार 02 व 03 जनवरी 2025 को जनपद स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन मोती लाल नेहरू स्टेडियम, रायबरेली में आयोजित किया जायेगा बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि ग्रामीण अंचल मेंप्रतिभाशाली खिलाड़ियों को मंच एवं अवसर दिये जाने हेतु यह पहल की जा रही है। उन्होंने कहा कि विकास खण्ड/जनपद स्तरीय प्रतियोगिता में अधिक से अधिक खिलाड़ियों को प्रतिभाग कराये जाने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाये उन्होंने कहाकिइनखेलकूदप्रतियोगिताओं के सफल आयोजन हेतु समस्त व्यवस्थाए समय से पूर्ण करा ली जाएबैठक में जिला युवा कल्याण अधिकारी अमिताभ कुमार, क्रीडाधिकारी उपस्थित रहें।

# कानपुर नगर एक्सप्रेस

हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस | @janexpressnews | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper | janexpresslive | लखनऊ, शनिवार, 21 दिसंबर, 2024






**राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन कार्यकर्ताओं...**

सहकारी चीनी मिल में धीमी गति से हो रही गन्ने की तौल से परेशान गन्ना कृषकों की समस्याओं को लेकर राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के मंडल संयोजक के...

▶ शेष पेज 10 पर...

# कांस्टेबल ने रेप-एबॉर्शन के बाद की शादी, फिर घर से भगाया

■ युवती कांस्टेबल के खिलाफ पहुंची पुलिस कमिश्नर ऑफिस, लगाई न्याय की गुहार

**जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर**



पुलिस कमिश्नर ऑफिस में बीते दिन शुक्रवार को एक महिला कमिश्नर दफ्तर के बाहर जमीन पर बैठ गई। महिला बोली जब तक मुझे न्याय नहीं मिलेगा मैं नहीं उठूंगी। मामले को समझना के लिए एडीसीपी महिला क्रीम अमित सिंह पहुंची तो रोते हुए उसके पैरों में गिर पड़ी बोली अगर मुझे इंसाफ नहीं मिला तो यही जान दे दूंगी। महिला ने कहा कि मैडम पनकी थाने मेहता ना कांस्टेबल ने शादी का झांसा देकर रेप और फिर अबॉर्शन कराया। इसके बाद शादी से मुकर गया। कांस्टेबल के खिलाफ ताहिर दी तो मुकदमे से बचने के लिए शादी करके 3 महीने अपने साथ रखा और फिर अब घर से भगा दिया है। मामले का संज्ञान लेकर एडीसीपी महिला अपराध ने कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

घटनाक्रम के मुताबिक कल्याणपुर बारा सिरोही में रहने वाली युवती ने बताया कि कौशांबी सिराथू के डोलची डोरमा के रहने वाले अभिषेक कुमार यूपी पुलिस में कांस्टेबल के पद पर तैनात है। अभी उनकी तैनाती कानपुर के पनकी थाने में हुई है। युवती ने बताया कि कांस्टेबल ने उससे शादी का झांसा देकर अपने प्यार में फंसा लिया। इसके बाद कई बार फिजिकल रिलेशन बनाएं। कुछ दिन बाद मुझे कुछ परेशानी हुई तो मैं डॉक्टर के पास गई। वहां पता चला कि मेरे पेट में बच्चा है। इसके बाद कांस्टेबल ने जबरन मेरा एबॉर्शन कराया और बाद में शादी से मुकर गया। मैंने उसके खिलाफ रेप और फिर एबॉर्शन करने की तहरीर दी तो मुकदमे से बचने के लिए 5 अप्रैल 2023 को शादी की और कोर्ट में रजिस्ट्रेशन भी कराया। इसके बाद अपने साथ 3 महीने अयोध्या में तैनाती के दौरान रखा। इसके बाद मारपीट करके घर से भगा दिया। महिला का आरोप है कि कांस्टेबल ने धमकाते हुए कहा कि रेप के मुकदमे से बचने के लिए मजबूरी में शादी की है। अब वह उसके साथ नहीं रहेगा। युवती ने कानपुर पुलिस कमिश्नरेट में शिकायत की तो आरोपी कांस्टेबल के खिलाफ पनकी थाने में मारपीट एबॉर्शन कराने समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया।

## युवती का आरोप पुलिस कांस्टेबल को बचा रही

युवती ने आरोप लगाया है कि थाने की पुलिस भी मिली हुई है। पनकी थाने में तैनाती के चलते साठ गांठ से गर्भपात जैसी गंभीर धाराओं से उसे राहत दे दी गई और अरेस्टिंग नहीं की गई। महिला ने बताया कि बीते 3 महीने से पनकी थाने से लेकर एसीपी और पुलिस कमिश्नरेट दफ्तर के चक्कर काट रही थी। लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही थी। इसके चलते शुक्रवार को वह पुलिस कमिश्नरेट दफ्तर के बाहर बैठ गई। वह बोली चाहे मेरी जान चली जाए लेकिन अब हम नहीं जाएंगे। मैं रोज आती हूं लेकिन मेरा लोग मजाक उड़ाते हैं। एडीसीपी महिला अपराध अमिता सिंह उसे समझाने पहुंची तो हाथ जोड़ते हुए उनके पैरों में गिर गई। एडीसीपी ने मामले की जानकारी महिला थाने में दी है। एडीसीपी अमिता सिंह महिला अपराध ने बताया कि पहले आरोपी कांस्टेबल को बातचीत के लिए बुलाया गया है। अगर दोनों के बीच समझौता होता है तो ठीक है। नहीं तो आरोपी कांस्टेबल के खिलाफ मुकदमे में धाराएं बढ़ाकर उसे अरेस्ट करके जेल भेजने की कार्रवाई की जाएगी।

# शहर कांग्रेस कमेटी ने गृहमंत्री द्वारा टिप्पणी किए जाने को लेकर जिलाधिकारी कार्यालय के बाहर किया प्रदर्शन

**जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर**

शहर कांग्रेस कमेटी कानपुर नगर द्वारा गृहमंत्री अमित शाह द्वारा राज्यसभा में भारत रत्न बाबा भीमराव अंबेडकर पर अपमानजनक टिप्पणी कर जो अपमान किया है उसके विरोध में चेतना चौराहे कचहरी कानपुर से विशाल विरोध प्रदर्शन जुलूस निकालकर कानपुर जिला मुख्यालय कानपुर कलेक्ट्रेट पर समस्त कांग्रेस जनों के साथ कांग्रेस के झंडों और बाबा भीमराव अंबेडकर के चित्र मैं भी अंबेडकर हूं बाबा साहब का यह अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान÷ ÷ गृहमंत्री इस्तीफा दो के नारे के साथ तख्ती लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। विरोध प्रदर्शन के समय कलेक्ट्रेट पर शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नौशाद आलम मंसूरी, प्रदेश उपाध्यक्ष पूर्व विधायक संजीव दरियाबादी, पूर्व लोकसभा प्रत्याशी आलोक मिश्रा, प्रदेश उपाध्यक्ष पूर्व विधायक सोहेल अख्तर अंसारी आदि ने संबोधित करते हुए कहा अब समस्त कांग्रेस जन एवं हिंदुस्तान का जनमानस अपने देश के संविधान के निर्माता और देश के सभी नागरिकों को समानता, न्याय, अभिव्यक्ति की आजादी, सुरक्षित जीवन जीने के लिए व मजबूत लोकतंत्र के रूप में देश चलाने के लिए राष्ट्र ग्रंथ के रूप में संविधान देने वाले भारत रत्न डॉक्टर बाबा साहब भीमराव अंबेडकर का अपमान किसी भी रूप में अब बर्दाश्त नहीं करेगा क्योंकि यह लोग हमेशा मनुस्मृति की पूजा करते हैं और संविधान को नकारने व आजादी के बाद संविधान की प्रतियां जलाने वाले हैं। जो लोग गोडसे का महिमा मंडप करते हो वह लोग कैसे डॉक्टर भीमराव अंबेडकर और संविधान का सम्मान कर सकते हैं। इसलिए संसद में अपनी इस परंपरा को निभाते हुए बाबा भीमराव अंबेडकर पर अपमानजनक टिप्पणी की इसके विरोध में आप सभी कांग्रेस जन संविधान रक्षक के रूप में संघर्ष कर एक जन आंदोलन को स्वरूप प्रदान करेंगे और सभी अन्य सामाजिक संगठनों को आंदोलन में भाग लेने की अपील करेंगे और जल्दी सभी सामाजिक संगठनों की बैठक आहूत करेंगे। शहर अध्यक्ष के साथ कांग्रेस नेताओं ने महामहिम राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन जिला अधिकारी के माध्यम से दिया गया। जिसमें गृहमंत्री के इस्तीफा एवं इस्तीफा न देने पर बर्खास्तगी की मांग की तथा राहुल गांधी के साथ जो संसद में जाने से रोकने धक्का मुक्की की गई। उसके पश्चात फर्जी मुकदमा कायम किया गया उसको निरस्त करने की मांग की गई। विरोध प्रदर्शन में प्रमुख रूप से शंकर दत्त मिश्रा, दिलीप शुक्ला, मनीष बाजपेई ,लल्लन अवस्थी, पवन गुप्ता, विकास अवस्थी, हरीश गुप्ता, दिलीप बाजपेई, महेश मेघानी, संजीव मिश्रा, अवनीश सलूजा, आसिफ इकबाल, संजय दीक्षित डब्बू, इस्लाम सिद्दीकी, विशाल सोनकर, तनवीर आलम खां मंटू, सतीश सैनी, आतिफ रहमान, गुफरान अहमद चंद, अफजाल अहमद चंद, शकील मंसूरी, मोहम्मद अख्तर, पिंटू कुरील, नीरज त्रिपाठी, मुकेश वाल्मीकि जावेद जमील उस्मानी, हीरालाल निषाद, विनय पांडे, मुकेश कनौजिया, बाबूराम सोनकर, रवि शंकर तिवारी, राजेश गौतम, उमा प्रसाद मिश्रा, के जी गुप्ता, आरिफ पहलवान, संजय सोनकर महेंद्र भदोरिया नूर अहमद, गणेश चौधरीआदि सैकड़ो कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

# समाजसेवी शिवी पांडे एवं देश रत्न राघव शुक्ला को मिला नेशनल आईकॉन अवॉर्ड



**जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर**

विख्यात समाज सेविका शिवी पांडे एवं देश रत्न राघव शुक्ला को दूरदर्शन भवन नई दिल्ली में भारत सरकार द्वारा आयोजित कार्यक्रम में नेशनल आईकॉन अवॉर्ड 2024 से सम्मानित किया गया। यह सम्मान दोनों को समाज सेवा के क्षेत्र में निरंतर विशेष असाधारण कार्य करने के लिए दिया गया। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व प्रभारी मंत्री श्याम जाजू और भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रभारी विनय चौधरी, प्रसिद्ध उद्यमी और नेल्सन मंडेला पुरस्कार विजेता डॉ. संजीव शॉनी, एवं मंच पर उपस्थित तमाम अधिकारिक हस्तियों द्वारा दिया गया। भारत सरकार के मंत्रालयों द्वारा प्रतिवर्ष यह अवार्ड उन लोगों को समर्पित किया जाता है जिनके द्वारा समाज सेवा के क्षेत्र में निरंतर विशेष आसाधारण एवं अकल्पनीय कार्य किए जा रहे हैं।

## अफसरों की लापरवाही से संचालित नहीं हो पा रही गोशाला

**जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर**

कानपुर में मुख्यमंत्री के ड्रीम प्रोजेक्ट में शामिल राधा उपवन गोशाला की 50 मीटर बाउंड्रीवॉल अफसरों के दावे के चार महीने बाद भी नहीं बन सकी है। गोशाला में चरही, नादी, टिनशेड का इंतजाम हो चुका है, लेकिन नगर निगम के अफसरों की लापरवाही की वजह से इसका संचालन नहीं हो पा रहा है। इधर, शहर में सड़कों पर छुट्टा मवेशी धमाचौकड़ी मचाए रहते हैं, जिसके चलते आए दिन हादसे होते हैं। नगर निगम ने जाजमऊ में ग्राम किशनपुर स्थित कान्हा उपवन के बगल में तीन एकड़ जमीन पर करीब 3.17 करोड़ से गोशाला का निर्माण कराया है। पिछले साल जन्माष्टमी पर महापौर प्रमिला पांडेय ने राधिका उपवन का शिलान्यास किया था। उन्होंने कहा था कि निराश्रित गोवंशों के लिए यह शहर की दूसरी सबसे बड़ी गोशाला है।

# नसीम सोलंकी से जोड़े हाथ, मेयर बोली बुलडोजर चलकर रहेगा







**जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर**

शहर में अवैध निर्माण पर कार्रवाई को लेकर सीसा मऊ विधायक नसीम सोलंकी और कानपुर के मेयर प्रमिला पांडे आमने-सामने आ गई। मेयर प्रमिला पांडे हेलमेट पहनकर अवैध निर्माण गिराए जाने वाली साइड पर पहुंची थी। नसीम सोलंकी ने अवैध निर्माण को गिराए जाने पर रोक लगाते हुए एक सप्ताह का टाइम मांगा। जिस पर मेयर बोली बेटा नाले में गिरने से एक बच्ची की मौत हो गई। मैं बच्ची के परिजनों से मिलने गई थी। कुछ नहीं कर पाई। इसलिए आप अब घर जाओ बुलडोजर तो जरूर चल कर रहेगा। यह भी जानकारी मिल रही है कि नसीम सोलंकी बस्ती वालों की तरफ से मेयर से हफ्ते भर की मोहलत मांगने आई थी। वह कहती रही कि ठंड के मौसम में गरीब परिवारों को कुछ समय मिलना चाहिए ताकि उन्हें परेशानी ना हो। लेकिन मेयर प्रमिला पांडे ने विधायक की बात सुनने से साफ इनकार कर दिया। दरअसल सीसा मऊ विधानसभा के अंतर्गत नाला करीब 20 फीट चौड़ा है। इसको ढकने के लिए बड़ी-बड़ी स्लैप डाली गई है। नाले के ऊपर बड़ी संख्या में लोगों ने अवैध तरीके से घर बना लिए हैं। महापौर ने बताया कि कार्रवाई के दौरान 40 पक्के के और 80 कच्चे अवैध निर्माण तोड़े गए हैं। कल 120 अवैध निर्माण पर बुलडोजर की कार्रवाई की गई है। शनिवार को वीआईपी रोड की तरफ सीसा मऊ नाले पर अभियान चलाया जाएगा।

## दलबल के साथ पहुंची मेयर गिरी अवैध निर्माण

बच्ची की मौत के बाद नगर निगम ने लोगों को खुद ही अवैध अतिक्रमण हटाने के लिए कहा था। शुक्रवार को महापौर प्रमिला पांडे नगर निगम के प्रवर्तन दस्ते और पुलिस फोर्स के साथ अवैध निर्माण को हटवाने के लिए पहुंची। लोगों को घर खाली करने का अनाउंसमेंट किया गया। आनन-फानन मैं लोगों ने घरों से सामान निकाला और सड़क पर ही रख दिया। इससे करीब 1 घंटे बाद नगर निगम के बुलडोजर ने अभय निर्माण को ढहाया। अवैध निर्माण तोड़े जाने की सूचना पाकर सपा विधायक नसीम सोलंकी भी मौके पर पहुंच गई। विधायक नसीम सोलंकी को महापौर ने प्रणाम किया और कहा बेटा आप यहां से चले जाइए। आपके रहने से माहौल खराब हो सकता है। नसीम सोलंकी ने महापौर से एक हफ्ते का समय मांगा। लेकिन महापौर ने कहा एक सेकंड का समय नहीं दूंगी। नसीम सोलंकी ने कहा लोगों के छोटे-छोटे बच्चे हैं।

महा पूर्णिमा की बच्चा आपका हो या मेरा हो। अगर वह मरता है तो जिम्मेदारी हम सभी की है। अगर मैं किसी का घर तोड़ दूं और किसी का छोड़ दूं तो आप मेरे से आकर शिकायत करना। इसके बाद कई घंटे तक बुलडोजर की कार्रवाई चलती रही।

# बाल दिवस के आयोजन हेतु क्षेत्रीय बैठक संपन्न

**जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार ने 26 दिसंबर को साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह जी और बाबा फतेह सिंह जी की शहादत की स्मृति में वीर बाल दिवस के रूप में राष्ट्रीय दिवस घोषित किया है। इसी उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र कार्यालय में एक क्षेत्रीय बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने की।

उन्होंने बताया कि क्षेत्र के सभी 17 जिलों में 21 एवं 22 दिसंबर को प्रभात फेरियों का आयोजन किया जाएगा। इसमें समाज के सभी वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।

प्रभात फेरी के दौरान बाबा जोरावर सिंह जी - बाबा फतेह सिंह जी अमर रहें जैसे प्रेरणादाई नारे लगाए जाएंगे। छोटे वाहनों पर साउंड सिस्टम के माध्यम से सिख धर्म के प्रेरणादायक भजन एवं संगीत बजाने की व्यवस्था की जाएगी। सभी स्थानिक गुरुद्वारों से संपर्क कर कीर्तन एवं धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

इन कार्यक्रमों में पार्टी के पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि सामूहिक रूप से भाग लेंगे। विद्यालयों और महाविद्यालयों में साहिबजादों के बलिदान को लेकर विचार गोष्ठियों, निबंध प्रतियोगिताओं एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा।

प्रत्येक जिले में संगोष्ठी से पूर्व एलईडी पर एक लघु वीडियो फिल्म भी प्रदर्शित की जाएगी।

जिला स्तर के वक्ता एवं जिम्मेदारियां सभी जिलों में पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों को वक्ता के रूप में भेजा जाएगा। क्षेत्रीय महामंत्री श्रीमती पूनम द्विवेदी एवं अल्पसंख्यक मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष अजीत छाबड़ा को इन कार्यक्रमों की समुचित व्यवस्था एवं सफलता सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। यह जानकारी भारतीय जनता पार्टी कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के मीडिया प्रभारी अनूप अवस्थी द्वारा प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से साझा की गई।

# एलिवेटेड ट्रैक में तोड़े जाएंगे 144 साल पुराने स्टेशन







■ 1880 में बने रावतपुर और कल्याणपुर स्टेशन को भी तोड़े जाने की तैयारी

**जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर**

शहर के अंदर से गुजर रही रेलवे लाइन को एलिवेटेड करने के लिए तैयारी ने तूफानी गति पकड़ ली है। इस ट्रैक को एलिवेटेड करने में 1880 में बने रावतपुर और कल्याणपुर स्टेशन को भी तोड़ दिया जाएगा। इसकी जगह पर सीएसजेएमयू यूनिवर्सिटी के बाहर एक नया रेलवे स्टेशन का निर्माण कराया जाएगा। रेलवे प्रशासन की ओर से रेलवे ट्रैक को एलिवेटेड करने की तैयारी पूरी की जा चुकी है जल्दी ही इस पर काम शुरू हो जाएगा। ट्रैक को एलिवेटेड करने के लिए कल 17 एकड़ जमीन अधिग्रहित की जानी है। इसमें सिंचाई, कृषि और पीडब्ल्यूडी की जमीन अधिग्रहित की जाएगी। कल 17 एकड़ जमीन अधिग्रहित की जाएगी नया रेलवे स्टेशन बनाने के लिए चार एकड़ जमीन कृषि भूमि की अधिग्रहित की जाएगी।

### रेलवे ट्रैक पर लगी हाई टेंशन लाइन भी होगी शिफ्ट

पूर्वोत्तर रेलवे के उपमुख्यमंत्री अभियंता मानसी मित्तल ने ट्रांसमिशन के अधिशासी अभियंता को ट्रैक के बीच में आ रही विद्युत हाई टेंशन लाइन को आवश्यकता अनुसार शिफ्ट किए जाने के लिए कहा है। लाइन शिफ्टिंग में कितना खर्च आएगा इसका प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है। वही एलिवेटेड ट्रैक का फाउंडेशन 16.2 मीटर चौड़ा बनाया जाएगा।

### दो से ढाई वर्ष के लिए बंद हो जाएगा ट्रेनों का आवागमन

रेलवे अधिकारियों ने बताया कि एलिवेटेड ट्रैक निर्माण के दौरान लगभग 2 वर्ष से ढाई वर्ष के बीच रेल यातायात का संचालन बंद किया जाएगा। अन्य मार्गो से आवश्यक ट्रेनों का संचालन होगा। यूटिलिटी एक्ट शिफ्टिंग को लेकर नगर निगम जलकल और जल निगम को प्रस्ताव तैयार करने के लिए कहा गया है।

### रेलवे स्टेशन के लिए चिह्नित की जा रही है जमीन

एडीएम लैंड ने अनवरगंज से मंधना के मध्य 16.5 किलोमीटर के क्षेत्रफल में आवश्यक भूमि को रेलवे द्वारा चिन्हित किया जा चुका है। भूमिका भौतिक परीक्षण करते हुए सभी लागत विवरण और स्वामित्व सहित विवरण उपलब्ध कराए जाने के लिए संबंधित लेखपालों को निर्देश जारी किए जा चुके हैं। लेखपालों द्वारा भौतिक परीक्षण किए जाने के बाद जमीनों का अधिग्रहण किया जाएगा।

## घाटमपुर की स्वामी बनी एक दिन की एबीएसए

**जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर।** घाटमपुर के कंपोजित विद्यालय प्रथम में पढ़ने वाली कक्षा 7 की छात्रा स्वाति को एक दिन के लिए खंड शिक्षा अधिकारी बनाया गया। छात्र ने खंड शिक्षा अधिकारी की कुर्सी पर बैठने के बाद परिसर का निरीक्षण किया। इसके साथ ही कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। बताया जा रहा है की घाटमपुर के रहने वाली छात्रा स्वाति के पिता नहीं है। घर पर मां सरिता देवी मजदूरी करके अपने परिवार का भरण पोषण करती हैं। उसका भाई दीपक कक्षा 6 और छोटी बहन शिवानी कक्षा 3 में इसी विद्यालय में पढ़ते हैं। महिला सशक्तिकरण के तहत छात्र का चयन करने वाली जिला रिसोर्स ग्रुप के जिम्मेदारी संभाले कंपोजित विद्यालय जगन्नाथपुर के शिक्षिका शशि कला व कोरिया की मीनाक्षी गौर ने बताया कि विद्यालय में होने वाले कार्यक्रमों व प्रतिस्पर्धा में छात्रा स्वाति का अच्छा प्रदर्शन रहा है। इसके चलते छात्रा का चयन एक दिन के लिए खंड शिक्षा अधिकारी के लिए किया गया। 1 दिन के लिए एक खंड शिक्षा अधिकारी बनी स्वाति ने सबसे पहले मां सरस्वती का आशीर्वाद देने के बाद खंड शिक्षा अधिकारी की कुर्सी पर बैठी इसके बाद छात्रा ने अपना परिचय दिया।

# नहर की सफाई में फटी गैस पाइप लाइन मचा हड़कंप

**जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर**




दादा नगर पनकी साइट -5 में नहर की सफाई कराई जा रही थी। इसी दौरान सीयूजीएल की पाइप लाइन फट गई। पोकलैंड मशीन जैसे ही नहर की ताली तक पहुंची लाइन से गैस रिसने से बड़ा फव्वारा उठने लगा। इंडस्ट्रियल क्षेत्र में गैस पाइप लाइन फटते ही हड़कंप मच गया। आनन-फानन मैं लीकेज को बंद कर आपूर्ति सामान्य की गई। सिंचाई भागने सीयूजीएल के इमरजेंसी नंबर पर फोन किया। इसके बाद मौके पर पहुंची सीयूजीएल टीम ने सप्लाई को बंद कर मरम्मत कार्य शुरू कर दिया। इस दौरान नहर का पानी पूरी तरह से रोक दिया गया। देर शाम को सीयूजीएल की टीम ने पाइप लाइन की मरम्मत का कार्य पूरा कर लिया। इस दौरान पाइप से गैस की सप्लाई पूरी तरह से बाधित रही।

## अधिकारी समझते रहे पेयजल लाइन फटी

काफी देर तक अधिकारी यह समझते रहे की कोई पेयजल व अन्य लाइन फटी है। लेकिन जब पता चला कि यह गैस पाइप लाइन है। अधिकारियों और कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में सीयूजीएल के इमरजेंसी नंबर पर फोन कर पाइपलाइन फटने की जानकारी दी गई।

## बिना परमिशन लिए डाल दी गैस लाइन

सिंचाई विभाग के जेई गोविंद ने बताया कि सीयूजीएल ने सिंचाई भाग से बिना एनओसी लिए ही नहर के नीचे से मशीन द्वारा गैस लाइन निकल दी है। जिसकी जानकारी नहर विभाग को नहीं है। उन्होंने बताया कि विभाग ने गैस पाइप का कोई बोर्ड भी नहीं लगाया है। नहर की सफाई के दौरान पाइप लाइन फट गई है। बड़ा हादसा होने से बच गया है।

# तीन बार से अधिक हुआ चालान तो लाइसेंस होगा निरस्त

**जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर**

शहर के नेशनल और स्टेट हाईवे पर हो रहे हादसों को काम करने के लिए शुक्रवार को मंडल आयुक्त ने बड़ी बैठक की। कैंप ऑफिस में आयोजित बैठक में मंडल आयुक्त अमित गुप्ता ने सख्त निर्देश दिए हैं कि तीन बार से अधिक चालान वाहन स्वामियों के लाइसेंस निरस्त किए जाएंगे। इतना ही नहीं विपरीत दिशा से चलने वाले वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और मंडल आयुक्त ने वहां स्वामियों पर मुकदमा दर्ज करने के कड़े निर्देश दिए हैं। मंडलायुक्त ने निर्देश दिए की स्टेट और नेशनल हाईवे पर हादसों को काम किया जाए। हाईवे पर बने अवैध कट व टी जंक्शन पर सड़क सुरक्षा के ऐसे उपाय किए जाएं जिससे कोई भी वहां अवैध रूप अगल-बगल से ना निकाल पाए। सर्विस रोड जब राष्ट्रीय राजमार्ग से जुड़े तो 20 से 30 मीटर का ढाल अवश्य दिया जाए।

सड़क सुरक्षा के तहत सर्दी एवं कोहरे में अनिवार्य रूप से हाईवे पर मार्ग और सड़क सुरक्षा चिन्ह के हाइलाइटर बोर्ड जहां नहीं लगे हैं वहां लगाया जाए। जो खराब अवस्था में है उन्हें सही किया जाए। साथ ही ट्रैक्टर ट्रालियों पर रेट्रो रिफ्लेक्टर टेप भी लगाए जाने के निर्देश दिए हैं।

मंडलायुक्त ने कानपुर से गुजर रहे नेशनल हाईवे और एक्सप्रेस वे पर खड़े होने वाले वाहनों को तत्काल हटाने के निर्देश दिए। मंडल आयुक्त ने ऐसी सड़कों की भी रिपोर्ट मांगी जहां से रोजाना बड़ी संख्या में वहां विपरीत दिशा में गुजरते हैं। टोल प्लाजा पर ओवरलोड वाहन उसके चालान के लिए अच्छी क्वालिटी के कैमरे लगाए जाएं।

हाईवे के बीच में लगे पौधों को पानी न देने का मुद्दा भी बैठक में उठाया गया।

## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

## इंडिया गठबंधन की हालत सूत न कपास जुलाहों में लट्ठम लठ जैसी

**अगर कांग्रेस ने इंडिया ब्लॉक सहयोगियों की बात सुनी होती तो लोकसभा और हरियाणा-महाराष्ट्र में नतीजे अलग होते। शिवसेना यूबीटी के सांसद संजय राउत ने कहा कि हमें ममता बनर्जी की राय पता है। हम चाहते हैं कि ममता हमारे साथ रहें। हम सभी एक साथ हैं। अगर कोई मतभेद भी हैं तो वो छोटे मोटे हैं। हम कोलकाता जाकर ममता बनर्जी से बात करेंगे। सपा प्रवक्ता उदयवीर सिंह ने कहा कि अगर ममता जी ने कोई इच्छा जाहिर की है तो इंडिया ब्लॉक नेता उस पर विचार करके उनका सहयोग लें। इससे इंडिया गठबंधन मजबूत होगा।**

*सूत न कपास, जुलाहों में लट्ठम लठा। इंडिया गठबंधन के विपक्षी दलों की हालत कुछ ऐसी हो गई है। भाजपा गठबंधन से मुकाबला करने में विफल रहे विपक्षी दल के नेता नेतृत्व की कलह से जूझ रहे हैं। भाजपा से बुरी तरह शिकस्त खाने और राजनीतिक धरातल पर हैसीयत को स्वीकार किए बगैर विपक्षी नेता गठबंधन के नेतृत्व के जरिए भविष्य का प्रधानमंत्री बनने का सपना पाले हुए हैं। इन दलों का आधार बेशक एक राज्य से ज्यादा नहीं हो, किन्तु देश को नेतृत्व देने की आपसी होड़ में पीछे नहीं है। विपक्षी दलों के पास भाजपा से मुकाबला करने के लिए कोई एजेंडा तक नहीं है। लोकसभा चुनाव और हाल ही हुए उपचुनावों में इंडिया गठबंधन के दल आपस में ही मुकाबला करते रहे। विपक्षी दलों का ख्वाब है कि जिसके हाथ में नेतृत्व की कमान होगी, उसी के हाथ में देश की बागडोर होगी। ठोस रणनीति के अभाव में यह दिन में ख्वाब देखने जैसा है। इंडिया गठबंधन के दलों में आपस में ही नेतृत्व की होड़ मची हुई है। भाजपा के खिलाफ कोरी बयानबाजी से विपक्षी दलों के नेता बयानवीर साबित हो रहे हैं। लोकसभा और उससे पहले विधानसभा चुनावों में इंडिया गठबंधन ताश के पत्तों की तरह बिखर गया। विपक्षी दलों ने चुनाव जीतने के लालच में गठबंधन की धज्जियां उड़ाने में कसर बाकी नहीं रखी। गठबंधन की हालत उसे घोड़ागाड़ी जैसी हो गई जिसके घोड़े को हर घुडसवार अपने हिसाब से हांकना चाहता है। ऐसे में यह गठबंधन देश को नेतृत्व देने के मामले में आगे बढने के बजाए पीछे खिसकता जा रहा है। इसी का परिणाम है कि भाजपा ने लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन को चारों खाने चित्त कर दिया। इंडिया गठबंधन में नेतृत्व का मसला पहले भी कई बार उठ चुका है। गठबंधन का हर घटक दल नेतृत्व का दावा जताता रहा है। हास्यादपद यह है कि दावा जताने वाले अपने प्रभाव वाले राज्य में भी भाजपा को हराने में कामयाब नहीं हो सके। इस बार नेतृत्व की दुदंभी तृणमूल कांग्रेस प्रमुख और पश्चिमी बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की तरफ से बजाई गई है। ममता बनर्जी ने हालिया चुनावों और उपचुनावों में इंडिया ब्लॉक के प्रदर्शन पर निराशा जाहिर की और कहा कि वह इसकी कमान संभालने को तैयार है। ममता ने हालिया हरियाणा और महाराष्ट्र चुनाव में इंडिया ब्लॉक के खराब प्रदर्शन पर असंतोष जाहिर किया है और संकेत दिया कि अगर मौका मिला तो वह इंडिया ब्लॉक की कमान संभालने के लिए तैयार है। टीएमसी सुप्रीमो ने कहा कि वह बंगाल की मुख्यमंत्री के रूप में अपनी भूमिका जारी रखते हुए विपक्षी मोर्चे को चलाने की दोहरी जिम्मेदारी संभाल सकती हैं। ममता बनर्जी ने कहा कि मैंने इंडिया ब्लॉक का गठन किया था, अब मोर्चा का नेतृत्व करने वालों पर इसका प्रबंधन करने की जिम्मेदारी है। अगर वे इसे नहीं चला सकते, तो मैं क्या कर सकती हूं? मैं सिर्फ इतना कहूंगी कि सभी को साथ लेकर चलना होगा। ममता के इस बयान के बाद अन्य विपक्षी दलों के नेताओं की अतृप्त इच्छा में उबाल आ गया। गठबंधन के दल के नेता अब नेतृत्व का दावा ठोक रहे हैं। कांग्रेस सांसद वर्षा गायकवाड़ ने कहा कि ममता बनर्जी को ऐसा लगता है पर हमें ऐसा नहीं लगता। इस पर चर्चा करेंगे। उनके कहने से उनकी पार्टी चलती है। हम तो कांग्रेस के कहने से चलते हैं, वहीं कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने कहा कि ममता जी बड़ी नेता हैं लेकिन राहुल गांधी के अलावा देश में कोई नेतृत्व करने की स्थिति में नहीं है। लेफ्ट नेता डी राजा ने कहा कि कांग्रेस को आत्मचिंतन करने की जरूरत है। हालात इंडिया ब्लॉक की मीटिंग की मांग करते हैं।*

### एक्सप्रेस आलेख

**सत्ता पक्ष ने इमरजेंसी का पुराना आरोप भी उछला, लेकिन नई बात यह रही कि इस पर बचाव की मुद्रा अपनाने के बजाय कांग्रेस इस तर्क के साथ सामने आई है कि भाजपा को भी अपनी गलतियों के लिए माफी मांगनी चाहिए। लेकिन यहां इमरजेंसी जैसी कोई भाजपा की गलती बताने में कांग्रेस नाकाम ही रही। एक और बड़ी विडम्बना यह देखने को मिली कि संविधान निर्माण को किसी दल विशेष की देन कहा गया जबकि संविधान निर्माण में सभी दलों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने विपक्ष पर विशेषतौर पर कांग्रेस पर जमकर हमला बोला और कहा कि पिछले कुछ वर्षों से देश में ऐसा माहौल बनाया गया है कि संविधान एक पार्टी की विशेष देन है।**

## आरोप-प्रत्यारोप की भेंट चढ़ा संविधान पर चर्चा का सत्र



ललित गर्ग

**संविधान निर्माताओं के सपने अभी भी अधूरे हैं और नियम-कानूनों पर संविधान की मूल भावना के अनुरूप पालन नहीं हो पा रहा है। बहरहाल, इसमें शक नहीं कि बहस का केंद्र यही सवाल रहा कि कौन संविधान और संवैधानिक मूल्यों को लेकर समर्पित है और कौन इस पर दोहरा खेल खेल रहा है?**

सर्वोच्च लोकतांत्रिक सदन लोकसभा संजीदा बहस की जगह हंगामे का केंद्र बनती जा रही है, जो दुर्भाग्यपूर्ण एवं विडम्बनापूर्ण है। जहां जनता से जुड़े मुद्दों पर सार्थक बहस की जगह शोर शराबा, हंगामा और सदन का स्थगित होना ही आम होता जा रहा है। यही बात लोकसभा में संविधान को लेकर हुई दो दिनों की बहस की चर्चा के दौरान देखने को मिली। संविधान निर्माण के 75वें वर्ष पर हुई यह चर्चा भी छिछलेदार, आरोप-प्रत्यारोप एवं उच्छृंखलता का माध्यम बनी, जबकि संविधान पर इस चर्चा से जनता को एवं देश को सही दिशा मिलनी चाहिए थी, संविधान के प्रति प्रतिबद्धता दोहरायी जानी चाहिए थी। संविधान जैसे सर्वाधिक महत्वपूर्ण विषय पर सार्थक बहस न होना लोकतंत्र को कमजोर करने एवं लोकतंत्र रूपी उजालों पर कालिख पोतना ही है। सत्तापक्ष और विपक्ष ने संविधान पर चर्चा के बहाने एक-दूसरे को कठघरे में खड़ा करने का काम करके आकाश पर पैबंद लगाने एवं सछिद्र नाव पर सवार होकर संविधान रूपी सागर की यात्रा करने का ही संकेत देकर देश की जनता को निराश ही किया है। भले ही अपने तर्कों एवं तथ्यों से पक्ष एवं विपक्ष ने अतीत के प्रसंगों और विषयों को अधिक रेखांकित किया गया हो। निश्चित ही सत्ता पक्ष और विपक्ष के अलग-अलग नजरियों को स्पष्ट करने वाली यह बहस न केवल समकालीन राजनीतिक मुद्दों पर बल्कि लोकतंत्र, समाज और इतिहास से जुड़े कई महत्वपूर्ण पहलुओं को उजागर करने वाली रही, लेकिन इस बहस में आरक्षण, सावरकर, मनुस्मृति और अदाणी को शामिल करना विपक्ष की बुद्धि का दिवालियापन ही कहा जा सकता है। इनमें से अनेक प्रसंग और विषय ऐसे थे, जिन पर पहले भी किसी न किसी बहाने संसद के भीतर या बाहर चर्चा होती रही है। यह पहले से दिख रहा था कि विपक्ष संविधान पर चर्चा के बहाने यह बताने की कोशिश करेगा कि संविधान खतरे में है। लेकिन यह समझाने के लिए विपक्षी नेताओं के पास कोई मजबूत तर्क नहीं थे, वे यह स्पष्ट करने में विफल रहे कि आखिर संविधान को खतरा कैसे है? कांग्रेस संविधान पर चर्चा करते समय यह भी भूल गई कि वह यदि मोदी सरकार के एक दशक के कार्यकाल की गलतियां गिनायेगी तो उसे भी अपने चार दशकों के कार्यकाल की गलतियों हिसाब देना होगा। संविधान पर चर्चा के दौरान जैसे विपक्ष ने सत्तापक्ष पर आरोपों की झड़ी लगाई वैसे ही सत्तापक्ष ने भी विपक्ष पर आरोपों की बौछार की। लेकिन यह सब करते हुए पक्ष एवं विपक्ष ने संविधान की विशेषताओं को उजागर करने की सकारात्मकता की बजाय विध्वंसात्मक नीति का ही सहारा लिया। जहां विपक्ष ने आरक्षण विरोधी आरोपों को दोहराते हुए कहा कि सत्ता पक्ष मूल रूप से आरक्षण की व्यवस्था के खिलाफ है और जब-तब दबे-छुपे ढंग से उसकी यह अंदरूनी इच्छा संघ और पार्टी के छोटे-बड़े नेताओं के बयानों से जाहिर होती रहती है। जवाब में खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्पष्ट किया कि आरक्षण की जो व्यवस्था अभी लागू है, उनकी सरकार उस पर आंच नहीं आने देगी, लेकिन धर्म के आधार पर आरक्षण देने की कोई भी कोशिश वह सफल नहीं होने देगी। जाहिर है, इसमें मतदाताओं को अपनी पाली में करने की दोनों पक्षों की कोशिश भी देखी और पहचानी जा सकती है। सत्तापक्ष और विपक्ष ने संविधान पर चर्चा के बहाने एक-दूसरे को कठघरे में खड़ा करने का काम ईर्ष्या और मात्सर्य की भावना से किया, जो तोड़-फोड़ की नीति में विश्वास को ही बल दे रहा था। लगता है कि विपक्षी नेता यह समझने को तैयार नहीं कि लोकसभा चुनाव के समय उन्होंने संविधान के खतरे में होने का जो हौवा खड़ा किया था, वह अब असरकारी नहीं रह गया है। विपक्ष के रवैये से यही लगा कि उसे यह बुनियादी बात समझने में मुश्किल हो रही है कि जाति जनगणना कराने-न कराने से संविधान की सेहत पर क्या असर पड़ने वाला है? कांग्रेस के लिये यदि जाति जनगणना इतनी ही आवश्यक है तो नेहरू, इंदिरा, राजीव गांधी और मनमोहन सिंह के कार्यकाल में क्यों नहीं कराई गई? अच्छा होता कि कांग्रेस नेता पहले इस प्रश्न का जवाब देते और फिर जाति जनगणना की आवश्यकता रेखांकित करते। लेकिन विपक्ष एवं विशेषकर कांग्रेस ऐसे मुद्दों को उछालकर खुद ही निरुत्तर होती रही है। पूरी बहस में महापुरुषों को घसीटने का बिंदु ऐसा था जो न केवल बहस का जायका बिगाड़ने वाला कहा जा सकता है बल्कि यह निरुद्देश्यता एवं स्तरहीनता को ही दर्शाने वाला कहा जा सकता है। कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों को यह भी बताना चाहिए कि संविधान पर बहस करते समय सावरकर का नाम लेना और मनुस्मृति दिखाना क्यों आवश्यक हो गया था?



**हमारे हर महापुरुष ने अपने समय, समाज और समझ की सीमाओं में रहते हुए कुछ ऐसा योगदान किया, जिसके लिए हम कृतज्ञ महसूस करते हैं। इसका मतलब उनके हर विचार से सहमति रखना या उनके हर कृत्य को समर्थन देना नहीं है। लेकिन उनके प्रति समाज की या उसके एक हिस्से की भी भावनाओं का सम्मान हमारी राजनीति का हिस्सा होना चाहिए।**

### एक्सप्रेस कविता

*प्रभु साथ दो मेरा, जहां भी हो अंधेरा राह में सत्य की सदैव साथ हो तेरा, जहां लोभ का डेरा पथ में न्याय के चलूं मैं अकेला प्रभु साथ दो मेरा, वासना के प्रबल आंधी तूफान मचल-मचल सदैव करते मुझे निर्बल प्रभु साथ दो मेरा। रोता है मन मेरा शिशु सा भोला, निर्मल पानें को बार-बार मां की ममता अपार। प्रभु लगा दो पार, नाव पड़ी मझधार हर सांस के संग मेरी प्रभु कृपा हो तेरी। प्रभु साथ दो मेरा जहां से चलूं अकेला आशाओं से भरा सवेरा समर्पित दिन सारा मेरा। समर्पित तुम्हें दिन मेरा बीत जाता प्रभु कोरा सुबह शाम उड़ते पंछी सा प्रभु तुम साथ दो मेरा। अब रह गया तेरा ही सहारा, प्रभु साथ दो मेरा।*

संजीव ठाकुर

### एक्सप्रेस ज्ञान

**बिना माँगे तो पानी भी कोई नहीं पिलाता तो आप कैसे मान लेते हो की कोई आपकी सारी परेशानियां दूर कर देगा**

### आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथि: | षष्टी 12:21 तक |
| नक्षत्र: | पूर्वाफाल्गुनी 30:13 |
| पक्ष: | कृष्ण |
| वार: | शनिवार |
| योग: | प्रीति, 18:14 |
| सूर्योदय: | 07:10 |
| सूर्यास्त: | 17:28 |
| चंद्रमा: | सिंह राशि में |
| राहुकाल: | 09:44-11:02 |
| विक्रमी संवत्: | 2081 |
| शक सम्वत: | 1946 |
| मास: | पौष |
| शुभ मुहूर्त: | 11:58-12:39 |

## जन एक्सप्रेस

### हुआ नहीं सुधार !

*थमा नहीं है सिलसिला ।*
*है अंदर मतभेद ।।*
*कार्यकर्ता व्यक्त भले ।*
*कर चुके हों खेद ।।*
*चल रहा तमाशा ।*
*हुआ ना सुधार ।।*
*बार-बार पार्टी को ।*
*मिल रहा उपहार ।।*
*राह नहीं आसान ।*
*अनबन चलने वाली ।।*
*चाहता ना कोई ।*
*रहे ये हाथ ख़ाली ।।*
*दिल्ली आना जाना ।*
*हो रहा कुछ ज़्यादा ।।*
*है बड़ा सवाल ।*
*क्या कुछ है इरादा ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

### एक्सप्रेस स्वास्थ्य

## सर्दियों में जुकाम की समस्या से राहत पाने के लिए पिएं आयुर्वेदिक सूप



**बदलते** मौसम में सर्दी जुकाम होना काफी आम है। हालांकि सर्दियों में अक्सर लोग खांसी जुकाम की समस्या से परेशान रहते हैं। वायरल इंफेक्शन, एलर्जी, या ठंड के कारण सर्दी के मौसम में जुकाम होना सामान्य बात है। लेकिन जुकाम होने के बाद न सिर्फ हमारे सिर में दर्द होता है, बल्कि सांस लेने में भी समस्या होने लगती है। ऐसे में लोग जुकाम ठीक करने के लिए या तो दवाइयों का सेवन करते हैं या फिर घेरलू उपायों को आजमाते हैं। लेकिन आयुर्वेद में जुकाम को ठीक करने के लिए एक ऐसा सूप बताया गया है जिसे पीने से जुकाम की समस्या को ठीक करने में मदद मिल सकती है।

**आयुर्वेदिक सूप पीने के फायदे:** सूप में मौजूद सामग्रियां जैसे अदरक, मूली और पिप्पली का सेवन आपकेसीने में कंजेशन को कम करने में मदद करता है, जिससे बलगम को साफ करने और सांस लेने में सुधार करने में मदद करता है। कुलथी, मूंगदाल और जौ इस सूप को ज्यादा हेल्दी बनाने में मदद करते हैं, जिसे पीने से आपका इम्यून सिस्टम बूस्ट होता है और कमजोरी दूर होती है। गर्मागर्म सूप का सेवन और इसमें अदरक का फ्लेवर जुकाम के कारण गले में होने वाले दर्द को कम करने और जलन से राहत दिलाने में मदद करता है। ठंड के दिनों में इस सूप को पीने से न सिर्फ जुकाम की समस्या से राहत मिलती है, बल्कि शरीर को गर्म रखने और आराम भी मिलता है।

**निष्कर्ष:** सर्दी के मौसम में जुकाम, खांसी और ठंड के कारण होने वाली समस्याओं से राहत पाने के लिए आप इस सूप का सेवन नियमित रूप से कर सकते हैं। यह न सिर्फ आपके जुकाम को कम करने में मदद करेगा, बल्कि इम्यूनिटी बूस्ट करके शरीर को एनर्जी देने में भी फायदेमंद है।

**सामग्री**

- जौ- 1/2 कप (भिगोया हुआ)
- मूली- 1/4 कप (बारीक कटे हुए टुकड़ों में)
- कुलथी- 2 चम्मच (भिगोकर)
- मूंगदाल- 2 चम्मच (भिगोकर)
- अदरक- 1/2 चम्मच (कद्दूकस किया हुआ)
- सेंधा नमक- स्वादानुसार
- पिप्पली- 1/4 चम्मच (पीसी हुई)
- पानी- 4 कप

**बनाने की विधि-**

- जौ, कुलथी और दाल को 4 से 6 घंटे के लिए पानी में भिगोकर रख दें।
- अब मूली और अदरक को अच्छी तरह धोकर बारीक काट लें।
- सभी सामग्री को 4 कप पानी में धीमी आंच पर 20 से 25 मिनट तक पकाएं।
- जब पानी आधा रह जाए तो गैस की फ्लैम बंद कर दें और गर्मागर्म सूप का आनंद लें।

### एक्सप्रेस विशेष

## स्वतंत्र भारत के इतिहास में ऐसा कभी नहीं हुआ...



डी.पी. शुक्ल

**राज्यसभा के सभापति यानि उप राष्ट्रपति को हटाने के लिए अविश्वास प्रस्ताव लाने का पहला नियम यह है कि 14 दिनों का नोटिस दिया जाना चाहिए, जो विपक्षी दलों ने नहीं दिए। दूसरा नियम यह कहता है कि उनको हटाने की मांग के लिए स्पष्ट कारण बताने होते हैं।**



**भारत** के संसदीय इतिहास में पहली बार राज्यसभा के किसी सभापति के खिलाफ विपक्ष ने अविश्वास प्रस्ताव रखा है। विपक्षी गठबंधन इंडिया के सभी घटक दलों के राज्यसभा के सांसदों ने हस्ताक्षर करके अविश्वास प्रस्ताव दिया है। विपक्षी दलों के गठबंधन इंडिया ने राज्यसभा में वह कारनामा कर दिखाया है, जो स्वतंत्र भारत के इतिहास में कभी नहीं हुआ। अविश्वास प्रस्ताव पर 60 सांसदों के हस्ताक्षर हैं हालांकि कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गाँधी और कांग्रेस अध्यक्ष खरगे के हस्ताक्षर इस पर नहीं है। विपक्षी दलों के गठबंधन इंडिया ने राज्यसभा में वह कारनामा कर दिखाया है, जो स्वतंत्र भारत के इतिहास में कभी नहीं हुआ। 3 अप्रैल 1952 को अस्तित्व में आई राज्यसभा के पिछले साढ़े 72 वर्ष के इतिहास में ऐसा कभी नहीं हुआ कि किसी सभापति के ख़िलाफ़ अविश्वास प्रस्ताव लाया गया हो, उस पर चर्चा हुई हो और वह पारित हो गया हो। क्या विपक्षी दलों के इस तरह के प्रयास उप राष्ट्रपति को उनके पद से हटाने में सफल हो पाएंगे? क्या विपक्षी दलों के पास इतने आंकड़े हैं कि वह संवैधानिक पद पर आसीन उप राष्ट्रपति को बाहर का रास्ता दिखा दे? विपक्षी दलों का यह प्रस्ताव नियमों के अनुरूप प्रतीत नहीं होता। राज्यसभा के सभापति यानि उप राष्ट्रपति को हटाने के लिए अविश्वास प्रस्ताव लाने का पहला नियम यह है कि 14 दिनों का नोटिस दिया जाना चाहिए, जो विपक्षी दलों ने नहीं दिए। दूसरा नियम यह कहता है कि उनको हटाने की मांग के लिए स्पष्ट कारण बताने होते हैं। तीसरा नियम यह है कि केवल राज्यसभा के सदस्य इस पर निर्णय नहीं ले सकते, बल्कि दोनों सदनों में इस पर चर्चा की जाएगी और मतदान किया जाएगा। दोनों सदनों में उपस्थित सांसद चर्चा के बाद उस प्रस्ताव पर मतदान करेंगे। इसके बाद यदि प्रस्ताव के पक्ष में दोनों सदनों में उपस्थित एवं मतदान करने वाले सांसदों के दो तिहाई वोट मिल जाते हैं तो उप राष्ट्रपति को उनके पद से हटाने का प्रस्ताव पारित हो जाएगा। विपक्षी दलों को भलिभांति आभास है कि उनके पास ऐसा बहुमत नहीं है वो उप राष्ट्रपति को हटा सके। केवल सत्ता पक्ष के सांसद ही प्रस्ताव के ख़िलाफ़ होंगे तो प्रस्ताव आसानी से गिर जाएगा।

# पलायन को मजबूर मामले में पीड़िता पहुंची तीन दिन बाद अपने घर पुलिस का किया शुक्रिया अदा

जन एक्सप्रेस । सुनहरा



लखीमपुर खीरी। पीड़िता के घर पहुंचे पुलिस अधीक्षक खीरी ने बंधाया ढांढस बताते चलें जनपद लखीमपुर खीरी में बसहा माफी लव जिहाद पलायन का मामला मीडिया की सुर्खियां में बना हुआ था पांच माह से पीड़िता न्याय के लिए दर दर भटक रही थी हर तरफ से हताशा पीड़िता ने चौथे स्तंभ का लिया सहारा पहुंची जन एक्सप्रेस कार्यालय जन एक्सप्रेस जिला प्रभारी ने मामले को संज्ञान में लेते हुए शोशल मीडिया पर अपडेट और खबर चला कर पीड़िता को दिलाया न्याय अभी युक्तों की गिरफ्तारी के साथ ही पीड़िता की लड़की को गिरफ्तार भेजा वन सेंटर बताते चलें पीड़िता शुक्रवार को सीओ सिटी सदर से मिली और सीओ सिटी की बातों से संतुष्ट होकर फूलबेहड़ पुलिस की गाड़ी से बसहा माफी से अपने आवास पहुंची बताते चलें पीड़िता के आवास पर सुरक्षा के लिए पुलिस तैनात है।बेवा इतना तंग आ चुकी है सिस्टम और विशेष समुदाय के लोगों से घर बेचने को मजबूर बताते चलें थाना फूलबेहड़ क्षेत्र के बसहामाफी गांव में एक विधवा महिला ने वर्ग विशेष के समुदाय के लोगों से परेशान होकर अपने घर की बिक्री का पोस्टर लगा दिया है। महिला का आरोप है कि उसकी बड़ी बेटी के साथ हुए लव जिहाद मामले में उसे न्याय नहीं मिल रहा, और शोहदे उसकी छोटी बेटी को भी उठाने की धमकी दे रहे हैं। महिला ने बताया कि उसकी छोटी बेटी के साथ भी अश्लीलता की घटना हुई थी, जिसके बाद पाक्सो एक्ट और अन्य धाराओं में मामला दर्ज हुआ। इसके बावजूद आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं और महिला को धमकाते रहते हैं।पीड़िता का कहना है कि उसका घर

**सीओ सिटी रमेश कुमार से पीड़िता मिली उनके मृदुल स्वभाव से पीड़िता हुई प्रभावित सीओ सिटी के दिए आश्वासन से पीड़िता ने जताई सहमति और सुरक्षा को लेकर कहा सीओ ने कहा पुलिस जब तक आप चाहोगी रहेंगे**

से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है, क्योंकि आरोपी मुस्लिम समुदाय से हैं और उनका आपराधिक इतिहास भी है। पीड़िता ने थाने से लेकर एसपी ऑफिस तक चक्कर लगाए, लेकिन किसी ने मदद नहीं की।आरोप है कि पुलिस भी मामले में कोई सख्त कदम नहीं उठा रही है, और दबंग लोग बाहर घूमकर पीड़िता को मानसिक और शारीरिक रूप से परेशान कर रहे हैं। घटना के बारे में बात करते हुए महिला ने कहा कि उसके गांव में मुस्लिम समुदाय का प्रभुत्व है, और पीड़िता के अरीब करीब सभी मुस्लिम है पीड़िता का परिवार एकमात्र हिंदू परिवार है।पति की मृत्यु के बाद से ही गांव के लोग उसे परेशान करने लगे थे।महिला का आरोप है कि पूर्व प्रधान घूरे का पोता इमरान और उसके साथी आए दिन उसकी बेटियों को परेशान करते थे। इमरान ने दो बार उसकी बड़ी बेटी को घर से उठाया था, जिसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट भी दर्ज हुई थी। 4 अक्टूबर 2024 को जब महिला कीदोनों बेटियां घर पर अकेली थीं, इमरान और इरशाद नामक युवक ने घर में घुसकर तांडव मचाया। आरोप है कि उन्होंने घर में रखे 35,000 रुपये और ज़ेवर लूटे और महिला की बड़ी बेटी को अगवा कर लिया, वहीं छोटी बेटी के साथ अश्लीलता की।

इसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज किया, था पांच माह बाद आरोपियों की गिरफ्तारी से संतुष्ट पीड़िता पहुंची घर।

# आखिर पकड़ी गई उर्वरक कहा से आई किसकी है हो रहा बहुत बड़ा है खेला

- पुलिस और कृषि विभाग की संयुक्त कार्रवाई में उर्वरक और ट्रैक्टर सीज का मामला नहीं दर्ज हुई एफआईआर

जन एक्सप्रेस । सुनहरा




लखीमपुर खीरी। 11 दिसंबर को पलिया के बंशीनगर चौकी प्रभारी ने कागजात न दिखाने पर उर्वरक से भरी,ट्राली को रोका और जिला कृषि अधिकारी अरविंद चौधरी को सूचना दिया कृषि विभाग की टीम पहुंची और जांच के दौरान अवैध रूप से परिवहन किए जा रहे उर्वरकों को जब्त किया उक्त ट्राली में यूरिया (क्रभको ब्रांड)की 150 बोरियां (प्रत्येक 45 किग्रा), जिनकेटेड बोरोनेटेड एसएसपी (उत्सव ब्रांड) की 100 बोरियां (प्रत्येक 50 किग्रा), जाइम फसल ब्रांड की दो बाल्टियां, क्राप बूस्टर (ट्राया कांटनाल 0.06 प्रतिशत जीआर) की पौध विकास नियंत्रक के 16 पैकेट मिले हैं।कृषि विभाग की टीम ने उर्वरकों के दो नमूने और कृषि रक्षा रसायन का एक नमूना विश्लेषण के लिए लिया। ट्राली में पाए गए सामान के संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत न कर पाने पर जिला कृषि अधिकारी ने सभी उर्वरकों को सीज कर दिया। इसके अतिरिक्त, ट्रैक्टर से संबंधित दस्तावेज भी प्रस्तुत नहीं किए गए थे मामले के 10 दिन हो गए एफआईआर दर्ज नहीं हुई कार्रवाई के नाम पर नोटिस दी गई और नोटिसों के जवाब मामले को संदिग्ध बनाने में कोई कोर कसर नहीं छोड रहे हैं। बताते चलें जिसमें ज्ञानेंद्र सिंह यादव द्वारा जिला कृषि अधिकारी को नोटिस का जवाब देते हुए बताया गया की विकास खंड पलिया प्रो. ऋतुराज सिंह पुत्र विजय किशोर सिंह निवासी खानपुर कालोनी सम्पूर्णानगर के नाम पर नोटिस जारी किया गया है, उपरोक्त फर्म एक्स एफ एल की थोक उर्वरक विक्रेता है मामला 11 दिसम्बर 2024 का है जिसमे बंसी नगर पुलिस चौकी प्रभारी द्वारा एक ट्राली उर्वरक को पकड़ा गया जिसकी सूचना तत्काल जिला कृषि अधिकारी लखीमपुर को दी, जिला कृषि अधिकारी द्वारा उर्वरक वैधानिक दस्तावेज ड्राइवर से प्रस्तुत करने को कहा लेकिन ड्राइवर द्वारा जो दस्तावेज प्रस्तुत किये गए उससे उस उर्वरक को लेकर संशय उत्पन्न हो गया, ट्राली में जो उर्वरक था उसमे 150 बैग्स यूरिया कृभको ब्रांड की बताई गयी, पत्र में यह कहा गया है यह यूरिया गोल्डन फर्टिलाइज़र्स के महेवागंज गोदाम से गयी, गोल्डन फर्टिलाइज़र्स सम्पूर्णा नगर का डेस्टिनेशन के एफ एल प्लांट पर सम्पूर्णा नगर खुला हुआ है महेवागंज डेस्टिनेशन के नाम से पार्टी की कोई बाई रोड गाड़ी कृभको द्वारा न लगाई जाती और न ही कोई नियम है, और गोल्डन फर्टिलाइजर्स द्वारा दिनाँक 11/दिसंबर 2024 को मेसर्स बजरंग खाद भंडार पुरैना को एम एफ एम एस सिस्टम पर कोई बिक्री भी नहीं की गयी और न ही फर्म के पास कोई कृभको यूरिया पोर्टल पर उस दिन उनकी थोक की आई डी पर भी नहीं शो हो रहा उस दिनाँक पर पकड़ा गया कृभको यूरिया पूर्णता कही अन्य से गया होगा जिससे मामला संदिग्ध हो गया उसके बाद कृषि अधिकारी ने जिला अधिकारी को पूरे मामले की जानकारी दी की

कृषि रक्षा रसायनों के बारे में ट्रैक्टर ड्राइवर से पूछताछ जाने पर उनके द्वारा बताया गया कि यह समस्त उर्वरक एवं कृषि रक्षा रसायन मेसर्स गोल्डेन फर्टिलाइजर सम्पूर्णानगर के महागांज गोदाम विकास खण्ड फूलबेहड़ से मेसर्स बजरंग खाद भण्डार पुरैना विकास खण्ड पलिया जाया जा रहा है जिसका ई-वे बिल प्रस्तुत किया गया। प्रस्तुत ई-वे बिल पर स्टॉक ले जाने की ट्राली महेवागंज गोदाम से लगभग 80 किमी दूर रोकी गयी। जिसके में वहां मौजूद मेसर्स बजरंग खाद भंडार पुरैना के प्रोपराइटर से पूछे जाने पर उनके द्वारा अवगत करा कि यह खाद उन्हें मैसर्स गोल्डेन फर्टिलाइजर सम्पूर्णानगर के महेवागंज गोदाम से प्राप्त हुयी है।भंडार की गयी एवं कृषि का रसायन का कोई बिल आदि भी प्रस्तुत नहीं किया गया। ट्राली में नण्डारित तर्वरक यूरिया एवं एनएस0पी0 के नमूने ग्रहीत किये जाने के पश्चात बरामद किये गये उपरोक्तानुसार एवं कृषि रक्षा रसायन को संदिग्धावस्था की स्थिति में उर्वरक नियंत्रण आदेश, 1985 एवं आवश्य अधिनियम, 1955 कीटनाशी एक्ट 1968 एवं नियमावली 1971 के तहत नियमानुसार सीज करते हु सुपुर्दगी प्रभारी पुलिस चौकी बंशीनगर पलिया को हस्तगत कराते हुये थाना कोतवाली पलिया में खड़ी गयी।पूरा मामला में कृषि विभाग और की संलिप्तता है।

इस सम्बन्ध में जब कृषि अधिकारी से जानकारी चाही तो बताया गया जांच प्रचलित है।

# श्रीमद्भागवत कथा, जो व्यक्ति जैसा कर्म करेगा उसे वैसे ही फल भोगना पड़ेगा

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी



मोहल्ला जोड़ी बंगला, नौरंगाबाद के चंदेल लॉन में श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन कथा का वर्णन करते हुए भागवत व्यास पं अमित कृष्ण जी महाराज ने कथा का विस्तार करते हुए कहा जो व्यक्ति जैसा कर्म करेगा उसे वैसे ही फल भोगना पड़ेगा। इस लिए व्यक्ति को भगवान का ध्यान करते हुए अच्छे कर्म करना चाहिए। अच्छी संगति अच्छी ओर लजाती गलत संगति गलत की ओर भगवान के दर्शन के लिए व्यक्ति को समाज में दीन होने की सेवा गौ सेवा करनी होगी। जब व्यक्ति के अच्छे कर्म होते सत्संग होता तो स्वयं सज्जन शक्तियां संतो की कृपा होने लगती क्योंकि बाबा तुलसीदास जी ने भी कहा बिन सत्संग विवेक न होती सत्संग होते ही संत मिलते संत मिलते ही प्रभु के दर्शन होने लगते। ब्यास जी ने नारद चरित का बड़े ही मार्मिक ढंग से सुनाई। कथा में आत्म देव धुंधकारी और गोकर्ण की कथा विस्तार से सुनाया। भागवत कथा को बार बार सुनना चाहिए। शास्त्र कहते है जो फल यज्ञ से गायत्री जप से आदि मिलता वो एक बार भगवत कथा सुनने से प्राप्त होता है। व्यक्ति को अपने घर को मंदिर बनाना हो तो घर के बच्चों को तुलसी जी को जल, सूर्य भगवान को प्रातः जल दे। जल सूर्य उदय होने के दो घंटे में किसी पात्र में लाल फूल या रोली रख कर देना चाहिए। बाहर जाने पर बढ़ो को प्रणाम कर मंदिर दर्शन कर के किसी काम के लिए जाओगे कार्य सफल होगा। घर में बुजुर्ग बड़े और बच्चे भगवान के समान होते है। जिसदिन बच्चे मंदिर जाने लगेंगे श्री रामचरित मानस पढ़ेंगे उस दिन से विधर्मी हिंदू बेटियों पर हांथ नहीं डाल पाएंगे, लव जिहादी भाग जाएंगे। भजन गाते हुए हम हांथ उठाकर कहते है हम होगए राधा रानी के ने लोगो का मन मोह लिया। श्रीमद भागवत कथा 19 दिसंबर से 25 दिसंबर तक चलेगी। कथा का समय 1 बजे से 5 बजे तक चलेगी। कथा में मुख्य रूप से सुधा जंगबहादुर सिंह, आचार्य संजय मिश्रा, भानुप्रताप सिंह, शिवचंद्र सिंह, श्रीकांत मिश्रा, सुरेश अवस्थी प्रधान, राम प्रकाश अवस्थी, अमित मिश्रा, पुनीत, पंडित समित पांडे, आर्येन्द्र पाल सिंह, शैलेन्द्र मौर्या, सुनील सिंह, संदीप सिंह चौहान, वीरेंद्र बहादुर सिंह, जगत नरेश सिंह, शिवानंद, चित्रा, प्रेमवती, शैलेन्द्र प्रताप सिंह आदि सैकड़ों धर्मप्रेमी उपस्थित रहे।

# एसपी खीरी द्वारा शुक्रवार की साप्ताहिक परेड का किया गया निरीक्षण



जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

जवानों को आपात स्थिति से निपटने व अपराधो की रोकथाम हेतु दंगा निरोधक उपकरणों के रख-रखाव हेतु दिए आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए पुलिस अधीक्षक खीरी, गणेश प्रसाद साहा द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन में शुक्रवार की साप्ताहिक परेड का निरीक्षण किया गया। इस दौरान पुलिस बल के शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए समस्त पुलिसकर्मियों से दौड़ लगवायी गयी एवं अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने के लिए ड्रिल करवाया गया। परेड में पुलिस लाईन का पुलिस बल तथा विभिन्न कार्यालयों में नियुक्त पुलिसकर्मी सम्मिलित हुए। इसके बाद पुलिस अधीक्षक द्वारा क्वार्टर गार्द, एमटी शाखा, यूपी 112 पीआरवी आदि का निरीक्षण किया गया। यूपी 112 पीआरवी में मौजूद दंगा नियंत्रण उपकरणों, फर्स्ट ऐड किट आदि विभिन्न उपकरणों का निरीक्षण करके उपकरणों की नियमित साफ-सफाई व समुचित देखरेख व कुशल संचालन हेतु निर्देश दिए गए। गार्द कमांडरों व विभिन्न शाखाओं के रजिस्टरो को देख कर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। समस्त रजिस्टर्स/अभिलेखों के व्यवस्थित रख-रखाव हेतु निर्देशित किया गया।

# भरुआ सुमेरपुर रेलवे स्टेशन का एसपी रेलवे का निरीक्षण, सुरक्षा कड़े करने के निर्देश




जन एक्सप्रेस । हमीरपुर

**अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती और ठहराव की व्यवस्था**

महाकुंभ के दौरान अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती के साथ उनके ठहरने और सुविधाओं की व्यवस्था का भी निरीक्षण किया गया। एसपी रेलवे ने अधिकारियों को अतिरिक्त बल की तैनाती की योजना स्पष्ट करने और ठहराव के पुख्ता इंतजाम के निर्देश दिए ।विशेष निगरानी और सुरक्षा कड़े करने के निर्देश महाकुंभ, त्योहारों और परीक्षाओं के दौरान भीड़भाड़ वाले स्टेशनों पर विशेष निगरानी और ड्यूटी बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि प्लेटफॉर्म और ट्रेनों में गश्त तेज की जाए और महत्वपूर्ण स्टेशनों पर सुरक्षा कड़ी की जाए।

आगामी महाकुंभ मेला 2024-25 के मद्देनजर यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा के लिए एसपी रेलवे अनुभाग झांसी विपुल कुमार श्रीवास्तव ने भरुआ सुमेरपुर रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। इस दौरान जीआरपी प्रभारी नवेंदु शेखर अग्निहोत्री व अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। एसपी रेलवे ने जीआरपी, आरपीएफ और रेलवे प्रबंधन के बीच समन्वय स्थापित कर प्लेटफार्म पर गश्त बढ़ाने और ट्रेनों में स्कोर्ट ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए। साथ ही, महिला यात्रियों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने को कहा।

# जिलाधिकारी ने तहसील सदर का किया औचक निरीक्षण



जन एक्सप्रेस । हमीरपुर

जिलाधिकारी घनश्याम मीणा ने तहसील सदर का भ्रमण कर वहाँ स्थित विभिन्न पटलों/ कार्यालयों का औचक निरीक्षण कर विभिन्न व्यवस्थाओं का अवलोकन किया तथा संबंधित को जरूरी दिशा निर्देश दिए। तहसील परिसर के निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई कराये जाने के निर्देश संबंधित को दिए। इस मौके पर जिलाधिकारी ने तहसील के विभिन्न पटलो के कर्मचारियों से उनके कार्यों के बारे में जवाब तलब किया तथा कहा कि सभी अधिकारी कर्मचारी समय से कार्यालय आकर अपने कार्यों को समयबद्ध ढंग से पूर्ण करें। जिलाधिकारी ने कहा कि तहसील परिसर में समुचित ढंग से साफ सफाई रखी जाए। उन्होने कहा कि कर्मचारियों द्वारा सम्पादित किये जाने वाले सभी कार्यों का अच्छे ढंग से अभिलेखीकरण किया जाय तथा अभिलेखो का रखरखाव बेहतर ढंग से रखे। इस मौके पर उन्होने फौजदारी कक्ष, अभिलेखागार, तहसीलदार कोर्ट, भूलेख सहित अन्य पटलों का निरीक्षण कर जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने विभिन्न रजिस्टरो यथा वसूली रजिस्टर, दैनिक स्मृति पंजिका आदि का अवलोकन किया तथा अभिलेखागार में सी0सी0टी0वी0 कैमरे लगवाने के निर्देश संबंधित को दिए। इस अवसर पर एसडीएम सदर पवन प्रकाश पाठक, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, तहसील नाजिर, विभिन्न पटलों के कर्मचारी तथा अन्य संबंधित मौजूद रहे।

# पंचायत सहायकों की लचर कार्यशैली पर डीएम ने जताई नाराजगी, वेतन बाधित करने की दी चेतावनी

- कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई विभिन्न विभागों के योजनाओं की समीक्षा बैठक, आंगन बाड़ी केंद्र बनाए जाने में शिथिलता उजागर

जन एक्सप्रेस । बहराइच

सरकार की विभिन्न योजनाओं की प्रगति की विस्तार से समीक्षा के लिए एक बैठक आयोजित की गई। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित इस बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी मोनिका रानी ने की । कलेक्ट्रेट सभागार में उन्होंने बैठक में उपस्थित सभी विभागीय अधिकारियों से उनके विभागों द्वारा संचालित विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं में हुई प्रगति के बारे में जानकारी लेते हुए कहा कि जनसेवा और शिकायतों के निस्तारण में तेजी लायें तथा इसी उद्देश्य के दृष्टिगत जनपद में चलाए जा रहे 'सुशासन सप्ताह 2024-प्रशासन गांव की ओर' को सफल बनाए जाने के लिए अपना योगदान दें।

बैठक के दौरान उन्होंने फैमिली आईडी, मनरेगा चारागाह, अन्नपूर्णा भवन, आंगनबाड़ी केन्द्र निर्माण, पेंशन, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, कन्या सुमंगला योजना, शौचालय एवं 5वां व 15वें वित्त व्यय की प्रगति पर विस्तृत चर्चा की। आंगनबाड़ी केंद्र बनाए जाने की प्रगति की समीक्षा के दौरान उन्होंने लक्ष्य के अनुरूप प्रगति न पाए जाने पर असंतोष व्यक्त किया और कहा कि कार्य में शिथिलता अथवा लापरवाही पाए जाने पर संबंधित का वेतन बाधित किया जाएगा। फैमिली आईडी की समीक्षा के दौरान उन्होंने पंचायत सहायकों की लचर कार्यशैली पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि सभी पंचायत सहायक नियत समय पर कार्यालय में उपस्थित रहें और अपने दायित्वों का भली प्रकार निर्वहन करें अन्यथा उनके विरुद्ध यथोचित अनुशासनिक कार्रवाई प्रस्तावित की जाएगी।

डीएम ने निर्देश दिया कि ''सुशासन सप्ताह 2024-प्रशासन गांव की ओर'' अभियान का आयोजन चल रहा है इसमें सभी विभाग अपनी-अपनी योजनाओं से लाभार्थियों को पेंशन, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, पीएम किसान सम्मान, फार्मर रजिस्ट्री, आवास, स्वास्थ्य विभाग की सेवाएं, आधार कार्ड इत्यादि योजनाओं से लाभान्वित करें।

डीएम ने उपस्थित बीडीओ को निर्देशित किया कि कार्य में लापरवाही बरतने वाले सचिवों का वेतन बाधित किया जाय। उन्होंने कहा कि आधार कार्ड में संशोधन जैसी विभिन्न योजनाओं में गतिशील प्रगति के लिए कॉमन सर्विस सेंटरों को भी जोड़ा जाए।

उन्होंने कहा कि दिव्यांग, विधवा अथवा वृद्धावस्था पेंशन में आने वाली दुश्वारियों यथा ई-केवाईसी व एनपीसीआई आदि का तत्काल निस्तारण करें।

डीएम ने जनपद में संचालित अन्नपूर्णा भवन, पंचायत भवन व आंगनबाड़ी केंद्र के शेष निर्माणकार्य को यथाशीघ्र पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिए और कहा कि जनप्रतिनिधियों के माध्यम से पूर्ण हो चुके भवनों/ केंद्रों का लोकार्पण कराया जाय।

डीएम ने सीएमओ से 70 साल के ऊपर वृद्धजनों के आयुष्मान कार्ड बनाये जाने की प्रगति के बारे में जानकारी की।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ संजय कुमार, डीडीओ/ प्रभारी डीपीआरओ राज कुमार, जिला पूर्ति अधिकारी नरेन्द्र तिवारी, एलडीएम, समस्त बीडीओ, पंचायत सचिव व अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# दहेज के लालच में विवाहिता को किया घर से बेदखल मुकदमा दर्ज

जन एक्सप्रेस । हमीरपुर

दहेज की बढ़ती लालसा के चलते कस्बा सुमेरपुर में ससुराली जनों द्वारा विवाहिता को प्रताड़ित कर घर से निकालने का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने ससुराली जनों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज किया है। पीड़िता आकांक्षा पुत्री विनय कुमार शिवहरे निवासी ग्राम बांकी सुमेरपुर हमीरपुर ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका विवाह 30 जनवरी 2024 को हिन्दू रीति-रिवाज के साथ कस्बा सुमेरपुर के ऊंछा थोक निवासी अभिषेक शिवहरे से हुआ था। विवाह के दौरान उसके पिता ने 10 लाख रुपये नकद, 3 लाख रुपये का गृहस्थी का सामान और 10 लाख रुपये के सोने के आभूषण दिए थे। लेकिन विवाह के बाद ससुराल पक्ष ने चार पहिया वाहन (स्विफ्ट डिजायर) की मांग करते हुए उसे शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित करना शुरू कर दिया।

आकांक्षा का आरोप है कि उसके पति अभिषेक शिवहरे, सास रीता, जेठ उपेंद्र, देवर ऋषभ, ननद शिवांगी और ननदोई अखिलेश उसे बार-बार चार पहिया वाहन, दुकान और जमीन में हिस्से की मांग को लेकर प्रताड़ित करते थे। दशहरे के समय, जब वह अपने ससुराल सुमेरपुर आई, तो सभी परिजनों ने मिलकर उससे मांगें पूरी करने का दबाव बनाया और पूरी न करने पर शादी तोड़ने और दूसरी शादी करने की धमकी दी। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की गई और जबरन घर से निकाल दिया गया। किसी तरह वह नेहा नर्सिंग होम तक पहुंची और फिर रिक्शे के जरिए अपने मायके बांकी चली गई। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने पति, सास, जेठ, देवर, ननद और नंदोई के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज करके आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

## सुशासन सप्ताह में पेंशन लाभार्थियों की समस्याओं का हो रहा है त्वरित समाधान

जन एक्सप्रेस । बहराइच। भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी बाजपेयी के जन्म दिवस के अवसर पर 19 दिसम्बर से 25 दिसम्बर 2024 तक जनपद में ''सुशासन सप्ताह 2024-प्रशासन गांव की ओर'' अभियान का आयोजन किया जा रहा है। सुशासन सप्ताह के प्रथम दिन कड़ाके की ठंड व शीतलहरी से सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से जनपद के छः हज़ार से अधिक निराश्रित, असहाय, कमजोर वर्ग के असुरक्षित, गरीब व्यक्तियों एवं परिवारों को कम्बल का वितरण कर राहत पहुंचायी गयी वहीं दूसरे दिन सभी ब्लॉकों में कैंप लगाकर आम जनमानस की समस्याओं का निराकरण और पात्रता के आधार पर उन्हें मिलने वाली सुविधाओं से लाभान्वित भी किया गया। सुशासन सप्ताह अन्तर्गत जनपद में निराश्रित महिला पेंशन, विधवा पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन एवं दिव्यांग पेंशन लाभार्थी, जो केवाईसी व एनपीसीआई पूर्ण न होने के कारण पेंशन का लाभ प्राप्त करने से वंचित रह गए उनकी केवाईसी व एनपीसीआई पूर्ण करने हेतु।

# प्रशासन आपके द्वारा कार्यक्रम के अंतर्गत मनाया गया सुशासन सप्ताह

जन एक्सप्रेस । बहराइच



नानपारा। सुशासन सप्ताह के अंतर्गत प्रशासन आपके द्वार कार्यक्रम के तहत ग्राम पंचायतों में विशेष शिविर का आयोजन शुक्रवार को खंड विकास अधिकारी बलहा संदीप कुमार के निर्देशन में ग्राम पंचायत लक्ष्मणपुर मटेही में संचालन किया गया। इस दौरान राज्य सरकार और भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणो को दी गई।

खंड विकास अधिकारी बलहा ने बताया कि शिविर में पेंशन योजनाएं, राशन कार्ड, आवास योजना, आयुष्मान कार्ड, श्रम विभाग से संबंधित योजनाएं, किसान सम्मान निधि, तथा अन्य सरकारी योजनाओं से जुड़ी शिकायतों का निस्तारण किया गया। शिविर में गायघाट, सर्रामुंदरी पुरैना भवानी बक्श, के ग्रामीणों ने लाभ लिया। बीडीओ संदीप कुमार ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम सभी पंचायतों में आयोजित किया जाएगा। इससे ग्रामीणों को केंद्र प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी योजनाओं का लाभ मिल सके। शिविर में ग्राम विभाग अधिकारी और अन्य लोग मौजूद रहें। जिसमें सरकारी योजनाओं से जुड़ी जनता की शिकायत और जनता को लाभान्वित करने की पूरी कोशिश की गई और निस्तारण करवाया गया।

# बाल संसद के माध्यम से विद्यार्थियों को सिखाई गई चुनावी प्रक्रिया

जन एक्सप्रेस । बहराइच

देहात इंडिया संस्था के तत्वावधान में शुक्रवार को उच्च प्राथमिक विद्यालय कल्पीपारा में बाल संसद निर्वाचन कार्यक्रम आयोजित हुआ। संस्था के प्रोग्राम एसोसिएट अवधेश चन्द्र मिश्र ने बच्चों को पूर्व में दिए गए चुनाव चिन्ह की जानकारी ली तो बच्चों ने अपने चुनाव-चिन्ह के बारे में बताया। देहात संस्था के कार्यकर्ताओं द्वारा चुनाव प्रक्रिया के बारे में बच्चों को जानकारी दी गई। विद्यालय के 115 बच्चों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। प्रधानमंत्री पद हेतु अभिषेक कुमार गुप्ता 169 मत पाकर विजयी रहे एवं उनके प्रतिद्वंद्वी अंजनी ने 74 मत प्राप्त किया। स्वास्थ्य मंत्री के लिए सरताज 144 मत पाकर विजई हुए एवं शिवांकी को 102 मत प्राप्त हुए। मोहिनी 153 पाकर सूचना मंत्री बने एवं अखिलेश को 83 मत प्राप्त हुए। अमन राव 175 मत पाकर रक्षा मंत्री बने एवं उनके प्रतिद्वन्दी अंजनी को 76 मत प्राप्त हुए। खेल मंत्री हेतु शिवम यादव 162 मत पाकर विजयी रहे जबकि उनके प्रतिद्वन्दी कामिनी को 84 मत मिले। इसी प्रकार मानसी प्रजापति 123 मत पाकर शिक्षा मंत्री बने एवं अंकित 117 मत पाकर दूसरे स्थान पर रहे। सभी विजयी प्रत्याशियों का माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया गया। सभी प्रत्याशियों ने अपने पद की जिम्मेदारी के निर्वहन हेतु शपथ लिया।

# कृषकों को दी गई नर्सरी में पौध उगान हेतु मृदा तैयार करना, थैला भरान, बीज बुआन, अग्रिम मृदा कार्य/गडढा खुदान की जानकारी

जन एक्सप्रेस । बहराइच

बहराइच वन प्रभाग द्वारा पौधशाला, वृक्षारोपण एवं वानिकी कार्यो से संबंधित गोष्ठी का आयोजन बहराइच रेंज की टेड़वाबसन्तपुर पौधशाला में आयोजित किया गया। गोष्ठी में वानिकी कार्यो के अन्तर्गत माईक्रोप्लानिंग आगामी पौधरोपण हेतु स्थल चयन व स्थल के अनुरूप पौध प्रजाति का चिन्हीकरण कर ग्राम पंचायतवार सूक्ष्य नियोजन तैयार किया जाना, नर्सरी में पौध उगान, अग्रिम मृदा कार्य गडढा खुदान, वृक्षारोपण की सुरक्षा एवं देख-रेख, सिल्वीकल्चरल वन वर्धन आपरेशन, कटान के लाटों की मार्किंग व पातन में सावधानियॉ, वन एवं वन्य जीवों की सुरक्षा एवं मानव-वन्य जीव संघर्ष आदि विषयों पर व्यापक चर्चा की गयी। मौके पर प्रदर्शन के तहत उपस्थित समस्त जन प्रतिनिधियों/ अधिकारियों/ विभागीय प्रतिनिधियों/ कृषकों को उप प्रभागीय वनाधिकारी, नानपारा एवं क्षेत्रीय वन अधिकारी, बहराइच रेंज द्वारा नर्सरी में पौध उगान हेतु मृदा तैयार करना, थैला भरान, बीज बुआन, अग्रिम मृदा कार्य/ गडढा खुदान कर पौधारोपण कर वानिकी कार्यो तथा वृक्षारोपण की सुरक्षा एवं देख-रेख तथा जीवामृत व वर्मी कम्पोस्ट तैयार

# कांग्रेसियों ने गृहमंत्री अमित शाह का फूंका पुतला, पुलिस संग हुई खूब धक्का-मुक्की

जन एक्सप्रेस । गोरखपुर

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का पुतला फूंका। अंबेडकर चौक के पास स्काउट कुटीर के सामने जिलाध्यक्ष निर्मला पासवान के नेतृत्व में पुतला फूंका गया और विरोध में नारे लगाए गए। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बाबा साहब का अपमान किया है। उन्हें इस्तीफा देना चाहिए। पुतला जलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने जिलाध्यक्ष सहित अन्य कार्यकर्ताओं को हिरासत में ले लिया। उधर अंबेडकरवादी अधिवक्ता मंच के तत्वावधान में अधिवक्ताओं ने भी अंबेडकर चौक पर प्रदर्शन किया।कांग्रेस की ओर से शुक्रवार सुबह से ही पुतला फूंकने का कार्यक्रम तय था। कांग्रेस की तरफ से जिला पंचायत के सामने पुतला फूंकने को कहा गया था। वहां पुलिस पहले से ही मौजूद थी। लेकिन पुलिस को चकमा देते हुए जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में कुछ कार्यकर्ता जिला पंचायत से लगभग 200 मीटर दूर अयोध्या दास स्काउट कुटीर के सामने पुतला फूंक दिया, जानकारी होते ही पुलिस उधर दौड़ पड़ी। जब तक पुलिस कार्यकर्ताओं को पकड़ती, पुतला जल चुका था। पुलिस और कार्यकर्ताओं में खूब धक्का मुक्की हुई। कुछ कार्यकर्ताओं को पुलिस की जीप से थाने ले जाया गया। जबकि जिलाध्यक्ष जमीन पर लेट गईं। काफी मशक्कत के बाद उन्हें ऑटो से ले जाया गया।




### अंबेडकरवादी अधिवक्ता मंच के अधिवक्ताओं ने किया प्रदर्शन

अंबेडकरवादी अधिवक्ता मंच के तत्वावधान में अधिवक्ताओं ने शुक्रवार को अंबेडकर चौक पर केंद्रीय गृह मंत्री के बयान के विरोध में प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि बाबा साहब हम सभी के आराध्य हैं। उनके विरुद्ध इस तरह का बयान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मंच के अध्यक्ष संजय प्रकाश सत्यम ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री इस बयान के लिए संसद में माफी मांगें। उन्होंने कहा कि जब तक माफी हीं मांगी जाएगी, आंदोलन जारी रहेगा। प्रदर्शन के दौरान सतीश चंद्र गोंड, चंद्रेश कुमार, उदय चंद, बलजीत कुमार, रजनीश कुमार गौतम, गुणाकेश भारती, देवेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

### सरकार के विरोध में लगाए नारे

जिलाध्यक्ष ने सरकार के विरोध में जमकर नारे लगाए। उन्होंने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री ने बाबा साहब का अपमान किया है। उनके बयान से सर्व समाज आहत है। उन्हें इस्तीफा देना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें विरोध करने से रोका जा रहा है। सरकार लोकतंत्र को खत्म करना चाहती है। संविधान विरोधी सरकार है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की आवाज को दबाया नहीं जा सकता है।

# यूथ ब्रिगेड को मिला गोरखपुर गौरव 2024 सम्मान पत्र

जन एक्सप्रेस । देवरिया



सामाजिक संस्था स्वच्छ भलुअनी स्वस्थ भलुअनी यूथ ब्रिगेड को समाज एवं राष्ट्र निर्माण में उल्लेखनीय योगदान के लिए ? फिटनेस योग संस्थान गोरखपुर की चयन समिति द्वारा देवरिया जिले की तरफ से चयनित कर अपने द्वितीय स्थापना दिवस पर विंध्यवासिनी पार्क मोहद्दीपुर गोरखपुर में आयोजित सम्मान समारोह में गोरखपुर गौरव सम्मान 2024 प्रदान कर सम्मानित किया गया ।

मुख्य अतिथि चारू चौधरी उपाध्यक्ष राज्य महिला आयोग उत्तर प्रदेश ने यूथ ब्रिगेड के संस्थापक जिले के नगर पंचायत भलुअनी निवासी सन्तोष मद्धेशिया वैश्य एवं संस्था के सदस्य श्रवण चौरसिया व कपूरचंद गुप्ता को प्रशस्ति पत्र एवं अंगवस्त्र भेंटकर संस्था द्वारा स्वच्छता, रक्तदान, वृक्षारोपण, नशामुक्ति, यातायात सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, योग, शिक्षा, स्वास्थ्य, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, आर्थिक सहयोग एवं वस्त्र वितरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान सहित अन्य सामाजिक कार्यों के लिए प्रशंसा करते हुए सम्मानित किया ।

यूथ ब्रिगेड द्वारा पिछले कई वर्षो से आओ नशा नही रक्तदान करे मुहिम के जरिए 646 यूनिट रक्तदान एवं सैकड़ों युवाओं को प्रेरित कर हजारों लोगों की जान बचाने के साथ साथ पर्यावरण संरक्षण हेतु 64 सप्ताह स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण व जल संरक्षण सहित दर्जनों अभियानों पर निरंतर कार्य किए जा रहे हैं ।

यूथ ब्रिगेड के कार्यों को देखते हुए हरियाणा, लखनऊ, वाराणसी, अयोध्या, चौरीचौरा, सलेमपुर, देवरिया व बरहज सहित अन्य कई स्थानों पर दर्जनों प्रतिष्ठित अवार्डों एवं पूर्व जिलाधिकारी अखंडप्रताप सिंह द्वारा भी सम्मानित किया जा चुका है ।

कार्यक्रम आयोजक जितेंद्र प्रजापति व ? फिटनेस योग संस्थान के अध्यक्ष धर्मेन्द्र प्रजापति ने यूथ ब्रिगेड के कार्यों की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया । कार्यक्रम में यूथ ब्रिगेड व का0 शिवांबुज पटेल सहित अन्य समाजसेवियों को सम्मानित किया गया ।

यूथ ब्रिगेड को सम्मानित किए जाने पर जिले सहित क्षेत्र के सैकड़ों व्यापारियों एवं गणमान्यू ने शुभकामनाएं दी।

# सिविल कोर्ट बार एसोसिएशन चुनाव में मिथिलेश दीक्षित अध्यक्ष व घनश्याम सिंह महामंत्री निर्वाचित



जन एक्सप्रेस । पडरौना

जनपद सिविल कोर्ट बार एसोसिएशन कुशीनगर स्थान पडरौना का वार्षिक आम चुनाव शुक्रवार को दीवानी न्यालय परिसर में सकुशल शांतिपूर्ण संपन्न हो गया। एल्डर्स कमेटी के चेयरमैन विन्ध्यवासिनि मणि त्रिपाठी व चुनाव अधिकारी अभयानन्द दीक्षित ने बताया कि अध्यक्ष पद हेतु 5 प्रत्याशी चुनाव मैदान में थे जिनमें मिथिलेश कुमार दीक्षित को 303 मत मिला अध्यक्ष चुने गये। दूसरे स्थान पर सचिदानन्द दूबे रहे। महामंत्री पद हेतु चार प्रत्याशी चुनाव मैदान में थे जिनमें घनश्याम सिंह 274 मत पाकर महामंत्री चुने गये। दूसरे स्थान पर रामेश्वर ओझा रहे। संयुक्त मंत्री हेतु चार थे जिसमें जयशंकर सिंह 211 मत पाकर चुने गये। दुसरे स्थान पर प्रत्याशी अमृत चन्द रहे। वरिष्ठ उपाध्यक्ष के पद पर सतीश कुमार मिश्र,उपाध्यक्ष के पद पर राघवेन्द्र कुमार गुप्ता,अभय कु मार मिश्र,कनिष्ठ उपाध्यक्ष अरूण प्रताप सिंह,कोषाध्यक्ष दीपक कुमार मिश्र निर्विरोध निर्वाचित घोषित किये जा चुकें है।

# सरयू महोत्सव का हुआ भव्य आगाज, दिखेगी अनेक राज्यों की लोककला संस्कृतियां

जन एक्सप्रेस । गोरखपुर

जनपद के बड़हलगंज में मुक्तिपथ पर शुक्रवार से शुरू हुए तीन दिवसीय सरयू अमृत महोत्सव के दौरान विधानसभा क्षेत्र चिल्लूपार में अनेक राज्यों की मशहूर लोक संस्कृतियों की रंगारंग प्रस्तुतियां नजर आयी। पहले दिन महोत्सव और जनसरोकार मेले का उद्घाटन जल शक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह एवं कैबिनेट मंत्री डाक्टर संजय निषाद ने किया।मुक्तिपथ को भव्य रूप से सजाया गया है। जहां अलौकिक छटा देखने को मिली। पंडित रामलखन शुक्ल स्मृति लोक कला आयोजन समिति के संयोजक हरिप्रसाद सिंह ने बताया कि आयोजन के पहले दिन स्थानीय कलाकारों और वाराणसी से पधारे मशहूर कलाकारों द्वारा विलुप्त हो रही लोक कलाओं की प्रस्तुतियों के साथ-साथ विभिन्न विधाओं के कलाकारों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया।






### भिखारी ठाकुर रचित नाटिका विदेशिया का हुआ मंचन

पहले दिन शाम को बिहार के मशहूर गीतकार और कलाकार रहे भिखारी ठाकुर द्वारा रचित नृत्य नाटिका 卐विदेशिया卐 का मंचन हुआ। ज डाइरेक्टर मानवेंद्र त्रिपाठी थे और संगीत प्रसिद्ध कलाकार राकेश श्रीवास्तव और मुख्य भूमिका में रहें कलाकार पिंटू प्रीतम। इसके अलावा उड़ीसा, झारखंड, मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश के कलाकार जिसमें छाऊ, पाइका, मयूर, डिढिया, झूमर, पंवरिया, कठघोडवा, इंद्रासनी, फरूहाई जैसी अनेक लोक कला विधाओं की प्रस्तुतियां हुई।दूसरे दिन भी प्रसिद्ध कलाकार और भोजपुरी फिल्म अभिनेता मनोज मिहिर, लोक गायक मनोज मधुर जैसे अनेक कलाकार अपनी प्रतिभा दिखायेंगे। महोत्सव के अंतिम दिन सरयू महा आरती के बाद झारखंड से पधारे छाऊ नृत्य दल और नटआ नृत्य के साथ प्रयागराज और मध्यप्रदेश से आये डिढिया नृत्य की प्रस्तुति के बाद प्रसिद्ध कलाकार गोविन्द वर्मा द्वारा अपनी नृत्य नाटिका 卐महाकाल की आरती卐 के साथ अनेक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम किया जायेगा।

# किसान सम्मान दिवस पर जनपद स्तरीय किसान मेले का होगा आयोजन

जन एक्सप्रेस/देवरिया। जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह के जन्मदिवस, 23 दिसंबर 2024, को किसान सम्मान दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इस अवसर पर जनपद स्तरीय किसान मेला, कृषि प्रदर्शनी और कृषक-वैज्ञानिक संवाद का आयोजन भारत भारती इंटर कॉलेज, भरथुआ, देवरिया के प्रांगण में किया जाएगा। कार्यक्रम के अंतर्गत सब-मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन योजना के तहत कृषि और इससे जुड़े विभिन्न विभागों द्वारा किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों, सरकारी योजनाओं और नवीनतम नवाचारों की जानकारी दी जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया हैं कि वे 23 दिसंबर को पूर्वाह्न 10꞉00 बजे कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित रहें।

# जिलाधिकारी ने अमर शहीद जवान आशुतोष मिश्र को दी श्रद्धांजलि

जन एक्सप्रेस । देवरिया



राष्ट्र सेवा के पथ पर राजस्थान के सूरतगढ़ में युद्धाभ्यास के दौरान शहीद हुए भारतीय सेना के अमर बलिदानी आशुतोष मिश्र के पैतृक गांव मईलौटा पहुंचकर जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

जिलाधिकारी ने कहा कि अमर शहीद आशुतोष मिश्र जी ने राष्ट्र सेवा के पथ पर अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। उनका यह अमूल्य त्याग हर भारतीय के लिए प्रेरणा का स्रोत है। सूरतगढ़ में युद्धाभ्यास के दौरान शहीद हुए इस वीर सपूत ने देश के प्रति अपने कर्तव्य को सर्वोपरि रखा। हम प्रार्थना करते हैं कि ईश्वर इस दुःखद घड़ी में उनके परिवार को संबल प्रदान करे और शहीद को अपने श्रीचरणों में स्थान दें।

# 23 वर्षीय विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

जन एक्सप्रेस । कुशीनगर

जनपद के तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के ग्राम रुदवलिया में एक 23 वर्षीय विवाहिता का शव उसके घर संदिग्ध परिस्थितियों में बरामद हुआ। प्रथम दृष्टया मौत का कारण पारिवारिक कलह बताया जा रहा है। पुलिस ने शव को कब्जे में ले कर पोस्टमार्टम के लिये भेज कर मामले की जाँच कर रही है।

जानकारी के अनुसार उक्त गाँव निवासी सिकंदर की शादी करीब चार वर्ष पूर्व तरयासुजान थाना क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम दनियाड़ी निवासी स्वर्गीय हरिशंकर चौहान की पुत्री मुन्नी देवी से हुयी थी। विवाहोपरान्त चार वर्ष में मुन्नी को कोई संतान नहीं थी।।गाँव वालों की मानें तो परिवार में आये दिन संतान और दवा को लेकर



पति पत्नी में विवाद होता रहता था।बताया जाता है कि शुक्रवार की शाम को फिर किसी बात को लेकर पति पत्नी में विवाद हुआ था जिसे बुजुर्ग मरीज सास थागी ने समझा बुझाकर रोज की भांति बरामदे में सोने चली गई। सुबह आठ बजे तक उसे कमरे से बाहर आता न देख जब वह घर में गई तो मुन्नी का शव कुंडी से लटकता हुआ पाई। उन्होंने तत्काल इसकी सूचना मुन्नी के मायके, ईंट भट्ठे पर कार्य कर रहे अपने पति को दिया।सूचना पर तुर्कपट्टी पुलिस मौके पर पहुँचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।तथा पति सिकंदर को पूछताछ के लिए थाना लेकर चली गई इस सम्बन्ध में एसएचओ संजय कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मृतका के गले पर चोट का निशान है।पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों की स्थिति स्पष्ट होगी।

# शराब पीने के लिए पैसे न देने पर बेटे ने मां को उतारा मौत के घाट

जन एक्सप्रेस । बृजमनगंज/महराजगंज

जिले के थाना बृजमनगंज के सिकंदरा जीतपुर ग्राम सभा में एक शराबी बेटे ने अपनी मां को मौत के घाट उतार दिया। शराब पीने के लिये पैसे न दिये जाने से नाराज बेटे ने अपने घर पर ही मां को मौत के घाट उतारा।


प्राप्त जानकारी के अनुसार बृजमनगंज थाने के सिकंदरा जीतपुर गांव निवासी शशि प्रभा पत्नी स्वर्गीय कृष्ण बिहारी उम्र करीब 65 वर्ष ग्राम अपने घर के आंगन में खाना बना रही थी। उसका छोटा बेटा अवनीश उर्फ़ चिंटू तिवारी छत के ऊपर से अपनी मां को गाली दे रहा था। ओारोपी अवनीश शराब पीने के लिये मां से पेंशन का पैसा मांग रहा था। मां के मना करने पर उनसे छत से पत्थर फेंका और उसकी मां का सिर फूट गया। घायल स्थिति में महिला को तत्काल परिजनों द्वारा सीएचसी धानी इलाज के लिए लाया गया। जहां डॉक्टरों द्वारा शशी प्रभा पत्नी स्वर्गीय कृष्ण बिहारी को मृत्यु घोषित कर दिया। मां के मना करने पर उनसे छत से पत्थर फेंका और उसकी मां का सिर फूट गया। घायल स्थिति में महिला को तत्काल परिजनों द्वारा सीएचसी धानी इलाज के लिए लाया गया। जहां डॉक्टरों द्वारा शशी प्रभा पत्नी स्वर्गीय कृष्ण बिहारी को मृत्यु घोषित कर दिया। परिजनों के अनुसार आरोपी अविनाश पहले भी कई मामलों में जेल जा चुका है। जानकारी के अनुसार यह भी पता चला कि वह नशे का आदि था।

मृतक महिला के बड़े बेटे बिट्टू तिवारी की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी अविनाश तिवारी पर मुकदमा अपराध संख्या 386/2024 के तहत धारा 105 बीएनएस गैर इरादान हत्या का मुकदमा दर्ज कर पुलिस जांच में जुट गई है।

# एचआईवी एड्स विषय पर ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला का हुआ आयोजन

जन एक्सप्रेस । कुशीनगर

उत्तर प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण सोसाइटी के सहयोग से मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी की निर्देश पर मुख्य चिकित्साधिकारी एवं जिला क्षय रोग अधिकारी के कुशल मार्गदर्शन में 5 ब्लाकों हाटा, तमकुही, सेवरही, कप्तानगंज व सुकरौली में तीन-तीन वैच काप्रशिक्षण/कार्यशाला के क्रम में शुक्रवार को विकास खण्ड हाटा के ब्लांक सभागार में दूसरे दिन स्वास्थ विभाग के द्वारा कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसका शुभारम्भ प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर अमित कुमार, एवं ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि सुधीर राव ने फीता काट कर किया। प्रभारी चिकित्साधिकारी ने कहा कि




एचआईवी एड्स सही जानकारी व बचाव ही से हीएचआईवी पर नियंत्रण पा सकते है तथा समाज में संक्रमित व्यक्ति से भेदभाव करना दंडनीय अपराध है। इस कार्यशाला में स्वास्थ्य विभाग से एएनएम , आशा बहुएं समेत कुल संख्या 64 को एचआईवी/एड्स की बेसिक जानकारी, भेद भाव को कम करना, एचआईवी/एड्स बचाव एवं नियंत्रण एक्ट 2017 के बारे में प्रशिक्षित किया गया एवं पॉजिटिव स्पीकर से स्पीच दिलाया गया! आज की कार्यशाला में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ अमित कुमार एवं ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि सुधीर राव जी द्वारा पिता काटकर की गई इस दौरान जिले के समन्वय समिति के सदस्य ताड़केश्वर सिंह चंद्रशेखर यादव रत्नेशमणि मनीष एवं देवेंद्र प्रताप सिंह, आईसीटीसी वरिष्ठ परामर्शदाता किरन चौहान, एलटी राजकुमार चौधरी , सीएचओ मनीषा, राम जी, जिया वर्मा,रंजिता, प्रतिभा एएनएम और आशा बहुएं उपस्थित रही।

# पीएम श्री विद्यालय में वार्षिकोत्सव में खेलकूद व सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

जन एक्सप्रेस । तमकुहीराज, कुशीनगर

दुदही विकास खंड अंतर्गत पडरौन मंडुरही स्थित के पीएम श्री विद्यालय में दो दिवसीय वार्षिकोत्सव के प्रथम दिन जहां छात्रों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में भाग लिया तो दूसरे दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम में मनमोहक प्रस्तुति कर वाहवाही बटोरी।

वार्षिकोत्सव के प्रथम दिन वार्षिक खेलों के बैडमिंटन प्रतियोगिता के बालक वर्ग में कक्षा छह छात्र विवेक कुमार व साहिल व बालिका वर्ग में कक्षा सात की छात्राएं मिक्की व नन्दिनी विजेता रहीं। लाड़?ली व पलक उपविजेता रहीं। कबड्?डी के जूनियर बालक वर्ग में कक्षा? छह विजेता, कक्षा आठ उपविजेता, खो खो में कक्षा आठ विजेता व कक्षा छह के छात्र उपविजेता रहे। प्राथमिक वर्ग के कबडडी व खो खो के बालक व बालिका वर्ग में कक्षा पांच विजेता व कक्षा तीन के छात्र उपविजेता रहे। लंबी कूद में विजय कुमार प्रथम, कृष्णा द्वितीय, तबरेज तृतीय, प्राथमिक स्तर ऊंची कूद में धीरज प्रथम, अंकित द्वितीय, सूरज तृतीय, लंबी कूद में धीरज




प्रथम, अंकित द्वितीय व सलमान तृतीय स्थान पर रहे। टेबल टेनिस में कक्षा आठ के कृष्णा व आकाश विजेता व कक्षा छह के विवेक व साहित उपविजेता रहे। रंगोली निर्माण में आठवीं की छात्राएं लाडली, तन्नू, रीमा, मन्नू, रेशमी प्रथम, छठवी कक्षा की सादिका, सानिया, साइस्ता, पलक, नन्दिनी द्वितीय व कक्षा सातवीं कक्षा की संध्या, नन्दिती, कुमकुम तृतीय स्थान पर रहे। इस?के अतिरिक्त प्राथमिक वर्ग में गुच्छा दौड़ बोरा दौड़, बिस्किट दौड़, कुर्सी दौड़ आदि प्रतियोगिताएं आयोजित हुई। द्वितीय दिन छात्रों ने मनमोहक भावनृत्य, लघु नाटिका, कविता व अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। रीमा ने गीत व कृष्णा ने अभियान गीत- दिह हथवा में कलमिया धरा प्रस्तुत कर सारा आकर्षण चुरा लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन व माल्यार्पण कर किया गया। रेशमी व शोभा ने सरस्वती वन्दना प्रस्तुत की। खेल, सांस्कृतिक कार्यक्रम, अनु?शासन, नियमितता एवं कक्षा गतिविधि के आधार पर वर्ष 2024-25 के सर्वश्रेष्ठ छात्र (स्टूडेंट आफ दी ईयर) के रूप में जूनियर स्तर पर विवेक कुमार व साहिल अंसारी, बालिका वर्ग में पलक, प्राथमिक स्तर बालक वर्ग में धीरज व बालिका वर्ग में शालू गुप्ता का चयन किया गया। अतिथिगण प्रधानाध्यापक विद्या सिंह, प्राशिसं के मंत्री रामनिवास जायसवाल, उपाध्यक्ष अशोक यादव,

जूशिसं के मंत्री योगेन्द्र शर्मा, खेल शिक्षक राजेश यादव द्वारा विजेता व श्रेष्ठ छात्रों को मेडल व ट्राफी देकर पुरस्कृत किया जाता। विद्यालय के प्रधानाध्यापक व प्राशिसं के ब्लाक अध्यक्ष अरुणेंद्र कुमार राय ने आभार प्रकट किया। इस दौरान जूशिसं के अध्यक्ष बांके बिहारी लाल, शिक्षकगण संध्या यादव, सुनील कुमार, राजेन्द्र मोहन, माधुरी यादव, रंजीत सिंह, सत्यम पांडेय आदि मौजूद रहे।

# कांग्रेसियों ने ज्ञापन सौंपकर किया अमित शाह के इस्तीफे पर की मांग

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर में शुक्रवार को भाजपा के गृहमंत्री अमित शाह द्वारा बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर के विरोध में दिए गए बयान के विरोध में शीर्ष नेतृत्व के आह्वान पर जिला कांग्रेस कमेटी बलरामपुर द्वारा धरना प्रदर्शन कर राष्ट्रपति को संशोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से सौंपा गया।

कांग्रेस जिला अध्यक्ष अनुज कुमार सिंह ने 20 दिसंबर को कहा कि भाजपा और संघ लगातार देश के महापुरुषों को अपमानित वा चरित्र हनन का काम करती है । पहले नेहरू, फिर गांधी जी फिर इंदिरा जी और राजीव जी के बाद अब अंबेडकर जी के खिलाफ इनकी दूषित मानसिकता जाहिर हो गई है । हमारे देश के दलित वंचित तबका अंबेडकर जी को भगवान की तरह पूजती है, लेकिन भाजपा के लोगों को यह बात हज़म नहीं हो रहा है और लगातार देश के संविधान और संविधान बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले बाबा साहेब के खिलाफ बयान देकर उसको पुख्ता कर दिया है । उन्होंने कहा कि हमारे दलित नेता राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को भाजपा सांसदों ने धक्का देकर गिरा दिया । भाजपा दलितों वंचितों महिलाओं युवाओं, से नफ़रत करती है । केवल अपने चंद उद्योग पती मित्रों के लिए काम करती है । देश में मंहगाई चरम सीमा पर है । गरीबों का जीना मुश्किल हो रहा है, लेकिन उसको ढकने के लिए अंबेडकर जी को ही टारगेट कर दिया, जिससे उस तरफ लोगों का ध्यान ना जाए । कांग्रेस पार्टी ने जिसने अपने सरकार में अंबेडकर को देश का प्रथम कानून मंत्री बनाया और उनके बताए हुए रास्ते पर चलकर देश के गरीब से गरीब व्यक्ति तक की लड़ाई लड़ने के लिए हमेशा आगे रहती है । हम अंबेडकर जी का अपमान बर्दाश्त नहीं करेंगे और इस लड़ाई को जनता के बीच में ले जाएंगे । जब-तक गृहमंत्री अमित शाह इस्तीफा नहीं देते हैं और माफी नहीं मांगते। जिला महासचिव विनय कुमार मिश्रा ने कहा कि जिन लोगों के जीन में गद्दारी हो उनसे देश के सपूतों के बारे में अच्छे सोच की उम्मीद करना बेकार है कांग्रेस कहती है गरीबी मिटाऊंगा और भाजपा कहती है कि गरीबों को ही मिटा देंगें और केवल भाजपा के उद्योग पती मित्रों को ही देश सौप देंगे लेकिन देश को आजाद कराने वाली कांग्रेस पार्टी बाबा साहेब की बातें और बिचार कभी मरने नहीं देगी हम दलितों मजलूमों महिलाओं युवाओं के हमेशा लड़ाई लड़ते रहेंगे देश का रुपया आसीयू में पहुंच चुका है जो 85 के पार हो गया है लेकिन यह मगरूर सरकार बहाने बनाने में लगी है । कांग्रेस की लड़ाई चलती रहेगी जब-तक देश से इन फिरका परस्तों को खदेड़ नहीं दिया जाएगा। जिला महिला अध्यक्ष आरिफा उत्साही ने कहा कि देश में यह कह रहे हैं कि भगवान का नाम लेने से स्वर्ग मिलेगा अंबेडकर का नाम क्यों लेते हो लेकिन यह नहीं बताते कि भगवान के बजाय यह लोग दिनभर मोदी मोदी का रट्टा मारते रहते हैं यहां तक कि हर हर महादेव की जगह हर हर मोदी कहने लगे ऐसे लोगों को हम बता रहे कि भगवान तो भगवान है ही लेकिन दलितों गरीबों के मसीहा बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर जी हैं और वो हमारे दिलों में है हम देश के संविधान और बाबा साहेब के लिए जान दे देंगे लेकिन आंच नहीं आने देंगे। पीसीसी डाक्टर पंकज गुप्ता ने कहा कि देश में गरीबों की आवाज बाबा साहेब के लिए कांग्रेस हमेशा लड़ती रही है और लड़ती रहेगी इन फिरका परस्तों को दलित भाई गरीब महिला युवा सब देख रहें हैं और इनको सत्ता विहीन करके ही दम लेंगे । डाक्टर प्रतीक मिश्रा ने कहा कि जो लोग संविधान बदलने की सोच रहे थे यदि उनको चार सौ सीटें मिल जाती तो देश आज फिर से गुलाम हो जाता और आज़ बाबा साहेब के बारे में गृहमंत्री की मंशा साफ़ हो गई जिसको कांग्रेस पार्टी कभी बर्दाश्त नहीं करेगी हम इस लड़ाई को अमितशाह के इस्तीफे तक जारी रखेंगे। जिला प्रवक्ता घनश्याम मिश्रा ने कहा यह देश अंबेडकर के बिना अधूरा है अमित शाह ने जो हिमाकत की है वो बर्दाश्त नहीं किया जा सकता भाजपा दलितों की विरोधी पार्टी है जिसे सत्ता से हटाना बहुत जरूरी है हम इस लड़ाई को जारी रखेंगे। प्रदर्शन को अवधेश पाल सिंह जिला उपाध्यक्ष अमिरका कुरील, शिवलाल, डाक्टर खलीलुल्लाह, धर्मेन्द्र मिश्रा, इबरार अहमद शकील अहमद ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में मोहम्मद जमील, हफीजुल्ला सिद्दीकी, विश्वनाथ यादव फग्गू, सादुल्ला खान, अजीत सिंह, शाद असरफ , इज़हार, लाल साहेब श्रीवास्तव अफजाल अहमद, जहांगीर, इज़हार अहमद सहित तमाम कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# एडी हेल्थ ने किया स्वास्थ्य अधिकारियों के प्रशिक्षण का निरीक्षण



**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर में शुक्रवार को अपर निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण देवी पाटन मंडल डॉक्टर जयंत कुमार ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय सभागार में राष्ट्रीय क्षय रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों के प्रशिक्षण का निरीक्षण किया। जानकारी के अनुसार 20 दिसंबर को अपर निदेशक जयंत कुमार ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों से कहा कि समुदाय के ऐसे समूह जो टीबी की बीमारी से ग्रस्त होने की संभावना अधिक है, उन पर विशेष फोकस कर लक्षण युक्त मरीजों को चिन्हित कर उन्हें उचित चिकित्सा इकाई पर संदर्भित कर उनके मुकम्मल इलाज होने तक उनकी निगरानी करें तथा जो भी सेवाएं सरकार द्वारा टीबी के रोगियों को प्रदान किया जा रहा है, उन्हें वह लाभ दिलवाने के लिए हर संभव प्रयास करें। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी, जिला छय रोग अधिकारी डॉ अजय कुमार शुक्ला, मंडलीय कार्यक्रम प्रबंधक राहुल पटेल, जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा, राष्ट्रीय क्षय रोग नियंत्रण कार्यक्रम के जिला कार्यक्रम समन्वयक अविनाश विक्रम सिंह तथा विभिन्न ब्लॉकों से आए हुए सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## विद्यालय मे आयुर्वेदिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**जन एक्सप्रेस/बलरामपुर।** जनपद बलरामपुर शुक्रवार को नगर पालिका के कंपोजिट विद्यालय में आयुर्वेद चिकित्सालय की ओर से निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जानकारी के अनुसार 20 दिसंबर को कंपोजिट विद्यालय नगर पालिका जूनियर हाई स्कूल एवं नई बस्ती के बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण आयुर्वेदिक चिकित्सालय के चिकित्सा अधिकारी एवं डॉक्टर के द्वारा किया गया, जिसमें जिन बच्चों को बीमारी थी वह बच्चे अपनी बीमारी बताकर डॉक्टर रामजी प्रजापति साहब से दवाइयां प्राप्त किया द्य इस अवसर पर नगर ए आर पी अरुण कुमार मिश्रा आयुर्वेद चिकित्सालय के पूरे स्टाफ श्री विजय बहादुर वर्मा, विद्यालय के पूरे स्टाफ एवं बच्चे उपस्थित रहे द्य इस अवसर पर रोशन आरा, प्राची अनिहोत्र, आमना खातून व रीता देवी सहित अन्य कई लोग उपस्थिति रहे।

# जिले में कल आयोजित होगी पीसीएस परीक्षा

## परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने के लिए परीक्षा केंद्रों का डीएम एवं एसपी ने किया निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जिले कल यानी 22 दिसंबर को पीसीएस परीक्षा आयोजित की जानी है । जिसको सकुशल एवं शुचितापूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए डीएम पवन अग्रवाल एवं एसपी विकास कुमार द्वारा तहसील सदर में बने परीक्षा केंद्र राजकीय बालिका इंटर कॉलेज , एमएलके पीजी कॉलेज एवं एमपीपी इंटर कॉलेज का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सीसीटीवी कंट्रोल रूम एवं परीक्षा कक्षों का जायजा लिया एवं सीटिंग अरेंजमेंट के संबंध में आवश्यक दिशानिर्देश दिए। उन्होंने परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए साइनेज आदि लगाए जाने , पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था एवं शासन द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुसार ही परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र में प्रवेश दिए जाने का निर्देश दिया। इस दौरान एडीएम वित्त एवं राजस्व प्रदीप कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक नम्रता श्रीवास्तव, एसडीएम सदर संजीव कुमार यादव,चंदन पांडे व अन्य संबंधित अधिकारी / कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी ने फॉर्मर रजिस्ट्री आईडी हेतु आयोजित शिविर का किया औचक निरीक्षण, कार्य में तेजी लाए जाने का दिया निर्देश

- किसानों को स्वयं आधार से खैतानी को लिंक करने के लिए जागरूक करने का दिया निर्देश

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



एग्री स्टेट योजना के तहत फॉर्मर रजिस्ट्री/आईडी बनाए जाने के कार्य के तहत विकास खंड श्रीदत्तगंज में ग्राम बफावां में पंचायत भवन में आयोजित शिविर का डीएम पवन अग्रवाल ने औचक निरीक्षण किया।
इस दौरान शिविर में आईडी जनरेट किए जाने में अपेक्षित प्रगति न पाए जाने पर डीएम ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने निर्देश दिया कि प्रातः 08 बजे से सायं 09 बजे तक कैंप आयोजित कर फॉर्मर आईडी बनाने का कार्य किया जाए। डीएम ने बताया कि फॉर्मर स्वयं स्मार्ट फोन से जरूरी जानकारी भरकर आधार से खतौनी लिंक कर आईडी जनरेट कर सकते है।
उन्होंने इसका व्यापक प्रचार प्रसार एवं सुविधा के लिए वीडियो के माध्यम से प्रचार किए जाने का निर्देश दिया।
उन्होंने निर्देश दिए कि शतप्रतिशत कृषकों का फॉर्मर रजिस्ट्री / आईडी जनरेट किया जाना सुनिश्चित किए जाने का निर्देश दिया।
इस अवसर पर एडीएम वित्त एवं राजस्व प्रदीप कुमार,एसडीएम सदर श्री संजीव कुमार यादव, उपनिदेशक कृषि,जिला कृषि अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी / कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

# फाइनेंसर बनकर ट्रक लूटने वाले गिरोह के पांच अभियुक्त गिरफ्तार

- गिरोह में एक महिला भी शामिल ट्रक में लगे जीपीएस के माध्यम से पकड़े गए लूट के आरोपी लूट

**जन एक्सप्रेस । अम्बेडकरनगर**



जनपद पुलिस ने फाइनेंस कंपनी के एजेंट का रूप धारण कर ट्रक लूट करने वाले गैंग का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 19 दिसंबर को लूटे गए ट्रक को बरामद कर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों में एक महिला भी शामिल है। सभी को जेल भेज दिया गया है।सीओ सदर देवेंद्र कुमार मौर्य ने बताया कि एक दिन पहले अकबरपुर थाना क्षेत्र के न्योतरिया बाइपास के पास में ट्रक ड्राइवर के साथ मारपीट कर ट्रक लूट की घटना हुई थी। पीआरबी को मिली सूचना पर तुरंत अकबरपुर कोतवाली पुलिस, स्वाट टीम, और सर्विलांस पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू की। ट्रक में लगे जीपीएस की मदद से पुलिस ने कलवारी पुल, थाना अलीगंज के पास से लूटी गई ट्रक को बरामद किया।पुलिस ने मौके से पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया, जिनमें शिवम दुबे, अविनाश वर्मा, विकास श्रीवास्तव, जितेंद्र कुमार और रिया नाम की एक महिला शामिल हैं। पकड़े गए मुख्य आरोपी शिवम दुबे ट्रक चला रहा था।सीओ ने बताया कि यह गैंग फाइनेंस कंपनियों की गाड़ियों पर नजर रखता था। वे ऐप के माध्यम से ऐसी गाड़ियों की जानकारी प्राप्त करते, जिनकी किस्तें बकाया होती थीं।


**उत्तर रेलवे**

**ई–ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से सम्बंधित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट जोन / | लखनऊ–उ०रे० ०रे०उ / वाणिज्य–मण्डल– |
| नीलामी सूची सं० ० लॉट सं / | 12231-SLR-F2-LKO-CDG-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 17.12.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 13.01.2024 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 13.01.2024 at 12:30 hrs. |
| नीलामी सूची सं० ० लॉट सं / | 22467-SLR-F2-BSB-GNC-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 17.12.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 13.01.2024 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 13.01.2024 at 12:40 hrs. |
| नीलामी सूची सं० ० लॉट सं / | 12237-SLR-F1-BSB-JAT-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 17.12.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 13.01.2024 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 13.01.2024 at 12:50 hrs. |
| नीलामी सूची सं० ० लॉट सं / | 12419-SLR-F2-LKO-NDLS-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 17.12.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 13.01.2024 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 13.01.2024 at 13:00 hrs. |
| Website particulars where complete details of auction can be seen by registered bidders | E- Auction Module of www.ireps.gov.in |

No.: C/SLR Leasing contract-2019/KS Date:- 20.12.2024 3902/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# एसएसबी 9वीं वाहिनी ने अवैध जंगली लकड़ी की बरामद



**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर के इंडोनेपाल सीमावर्ती क्षेत्र में तैनात सशस्त्र सीमा बल 9वीं वाहिनी ने शुक्रवार को अवैध जंगली लकड़ी के साथ आरोपी को हिरासत में लिया है। जानकारी के अनुसार 20 दिसंबर को लगभग विश्वशनीय सूत्रों द्वारा सूचना मिली कि सीमा चौकी डगमरा के कार्यक्षेत्र अंतर्गत अवैध तरीके से लकड़ी की कटान कर किसी जगह में पुआल से ढाका हुआ था । सूचना प्राप्त होते ही सीमा चौकी डगमरा एवम वन विभाग की संयुक्त टीम द्वारा सूचना के आधार पर सीताराम पुरवा गांव पहुंची । इस दौरान देखा गया बगीचे में पुआल से छिपा कर सागवान की लकड़ी रखा हुआ है । वन विभाग के द्वारा लकड़ी को अवैध घोषित किया गया । संयुक्त टीम द्वारा सागवान की 14 बोटा को कब्जे में लिया गया है । जप्त किए गए सामान को अग्रिम कार्यवाही हेतु वन विभाग- सोहेलवा पूर्व को सुपुर्द किया गया।

# बलरामपुर स्टेट द्वारा किया गया 400 गरीबों को कंबल वितरण



**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर के राज परिवार द्वारा किए जा रहे कंबल वितरण अभियान के तहत शुक्रवार को 400 गरीबों को ठंडक से बचने के लिए कंबल वितरण किया गया । जानकारी के अनुसार 20 दिसंबर को भीषण ठंढक को देखते हुए बलरामपुर इस्टेट के महाराजा जयेन्द्र प्रताप सिंह के निर्देशानुसार ग्राम सभा- सिरसिया, तहसील व जनपद- बलरामपुर के अति गरीब 400 लोगों को कम्बल वितरण बलरामपुर इस्टेट के महा प्रबन्धक कर्नल (रिटा0) आरके मोहन्ता द्वारा किया गया। इस अवसर पर बलरामपुर इस्टेट के लेखाकार राम सूरत मिश्रा व स्टाफ सुधीर बहादुर सिंह, पीएल पटनायक तथा ग्रामवासी उपस्थित रहें। इस अवसर पर बलरामपुर इस्टेट के महा प्रबन्धक द्वारा आश्वासन दिया गया कि पूरे ठंढ़क में विगत कई वर्षों की भांति अति गरीब लोगों को सर्दी से बचाने के लिए कम्बल वितरण का कार्य अनवरत जारी रहेगा।

# बोन मैरो ट्रांसप्लांट से रक्त कैंसर के इलाज में नई उम्मीदों की किरण

**जन एक्सप्रेस । आगरा**



आज हम उन रोगों के बारे में बात करेंगे, जिन्हें पहले जानलेवा माना जाता था और जिनमें मरीज केवल सहायक देखभाल पर निर्भर रहते थे। हां, एक समय था जब रक्त कैंसर को मरीज और उसके परिवार के लिए अभिशाप समझा जाता था। लेकिन अब समय बदल गया है। चिकित्सा विज्ञान की प्रगति के साथ, कुछ प्रकार के ल्यूकेमिया (रक्त कैंसर) अब सिर्फ गोली के रूप में सरल लक्षित चिकित्सा द्वारा सामान्य जीवन प्रत्याशा तक पहुंच सकते हैं।
मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल साकेत में हेमटोलॉजी और बोन मेरो ट्रांसप्लांट विभाग के कंसलटेंट डॉ. फरान नईम ने बताया कि रक्त कैंसर, जिसे हेमेटोलॉजिकल मैलिग्नेंसी भी कहा जाता है, खून की कोशिकाओं के उत्पादन और उनके कार्य को प्रभावित करने वाले जानलेवा रोग हैं। इनसे रोग प्रतिरोधक क्षमता में कमी, प्लेटलेट्स की संख्या में गिरावट और हीमोग्लोबिन की कमी होती है, जो संक्रमण के जोखिम, खून बहने की प्रवृत्ति, और कमजोरी व थकावट का कारण बनती है। अन्य लक्षणों में सिरदर्द, मसूड़ों में सूजन, हड्डियों का दर्द, फैक्कर, बुखार, वजन कम होना और रात में पसीना आना शामिल हैं। कभी-कभी गर्दन या अन्य अंगों में गांठों के रूप में लिम्फ नोड का बड़ा होना भी दिख सकता है।
रक्त कैंसर जैसे तीव्र लिम्फोब्लास्टिक ल्यूकेमिया (विशेषकर बच्चों में) और हॉजकिंस लिम्फोमा जैसे कुछ प्रकार 80त्न से 90त्न तक इलाज योग्य हैं। रक्त कैंसर के इलाज का मुख्य आधार कीमोथैरेपी है। हालांकि, लक्षित और प्रतिरक्षा-आधारित चिकित्सा के विकास ने इलाज को अब अधिक सटीक और कम दुष्प्रभावों वाला बना दिया है। कई मरीज सिर्फ कीमोथैरेपी से ठीक हो सकते हैं, जबकि कुछ को बोन मैरो ट्रांसप्लांट की आवश्यकता होती है।
डॉ. फरान ने आगे बताया कि बोन मैरो या स्टेम सेल ट्रांसप्लांट के माध्यम से दोनों प्रकार की बीमारियों (घातक और गैर-घातक) का इलाज संभव है। इसमें लिम्फोमा, ल्यूकेमिया, मायलोमा, हॉजकिंस रोग और एनीमिया, सिकल सेल एनीमिया और थैलेसीमिया जैसी अन्य रक्त विकार शामिल हैं। कुछ बाल चिकित्सा कैंसर जैसे न्यूरोब्लास्टोमा का इलाज भी बोन मैरो ट्रांसप्लांट के जरिए संभव है। स्टेम सेल ट्रांसप्लांट मुख्यतः दो प्रकार के होते हैं= ऑटोलॉगस ट्रांसप्लांट, जिसमें मरीज के अपने स्टेम सेल को कीमोथैरेपी या रेडिएशन थेरेपी से पहले निकालकर सुरक्षित रखा जाता है और बाद में उसे मरीज के शरीर में पुनः प्रत्यारोपित किया जाता है; और एलोजेनिक ट्रांसप्लांट, जिसमें स्टेम सेल डोनर से प्राप्त किए जाते हैं। इसमें आदर्शतः समान आनुवंशिक संरचना वाले भाई-बहन या किसी अनजान व्यक्ति का उपयोग किया जाता है।

# एयरटेल वाईफाई के साथ मनोरंजन का नया दौर: अब ज़ी5 भी शामिल

**जन एक्सप्रेस । आगरा**

भारत के प्रमुख दूरसंचार सेवा प्रदाताओं में से एक भारती एयरटेल (एयरटेल) ने आज ज़ी5, भारत के अग्रणी ओटीटी प्लेटफॉर्म के साथ साझेदारी की घोषणा की है, अब एयरटेल के वाईफाई ग्राहकों को रोमांचक डिजिटल कंटेंट उपलब्ध होगा। 699 रुपए या उससे अधिक के प्लान्स पर सभी ग्राहकों को उनके एयरटेल वाईफाई प्लान के तहत ज़ी5 बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के उपलब्ध होगा। इस साझेदारी से, ज़ी5 का एक्सक्लूसिव कंटेंट, जिसमें ओरिजिनल शोज़, चार्टबस्टर टाइटल्स, ओटीटी मूवीज़ और विभिन्न भाषाओं में सीरीज़, अब एयरटेल वाईफाई पर दर्शकों के लिए उपलब्ध होगा। इससे उपभोक्ताओं को डिजिटल कंटेंट की एक विस्तृत कैटलॉग मिलेगा। लोकप्रिय टाइटल्स जैसे कि सैम बहादुर, आरआरआर, सिर्फ एक बंदा काफी है, मनोरथंगल, विक्कटकवि, द क्रॉनिकल्स ऑफ अमरागीरी, अइंधाम वेधाम, ग्यारह ग्यारह और कई अन्य के साथ, एयरटेल वाईफाई ग्राहक अब 1.5 लाख+ घंटों के विशाल कंटेंट भंडार का आनंद ले सकते हैं।
चीफ मार्केटिंग ऑफिसर और ईवीपी कस्टमर एक्सपीरियंस - भारती एयरटेल अमित त्रिपाठी ने कहा, साझेदारी एयरटेल के डीएनए का हिस्सा है और ज़ी5 के साथ साझेदारी करके हमें खुशी हो रही है। हमारे उपभोक्ताओं को एक विश्वस्तरीय डिजिटल कंटेंट इकोसिस्टम देने के हमारे प्रयास में यह एक महत्वपूर्ण कदम है।

# राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन कार्यकर्ताओं ने चीनी मिल में किया प्रदर्शन

**जन एक्सप्रेस । बीसलपुर**



सहकारी चीनी मिल में धीमी गति से हो रही गन्ने की तौल से परेशान गन्ना कृषकों की समस्याओं को लेकर राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के मंडल संयोजक के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री को अपना ज्ञापन भेजा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र समस्याओं का निराकरण नहीं हुआ तो वह चीनी मिल परिसर में अनिश्चित कालीन धरने पर बैठ जाएंगे।

किसान सहकारी चीनी मिल में गन्ना कृषकों को प्रचंड ठंड में अपना गन्ना तौलबाने में भारी दिक्कत आ रही है। आरोप है कि धीमी गति से गन्ने की तौल हो रही है। गन्ना किसानों के समक्ष आ रही विभिन्न समस्याओं को लेकर राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के मंडल संयोजक मोहम्मद साबिर उर्फ गुल्लू पहलवान के नेतृत्व में बड़ी संख्या में संगठन के कार्यकर्ताओं व गन्ना किसानों ने चीनी परिसर में जोरदार प्रदर्शन कर चीनी मिल प्रशासन के विरुद्ध नारेबाजी की और विरोध प्रदर्शित किया। गन्ना कृषकों का आरोप है कि आए दिन चीनी मिल खराब हो जाने के कारण गन्ना कृषक अपना गन्ना प्राइवेट चीनी मिलों में ले जाने को मजबूर हैं। इससे प्रतीत होता है कि मिल प्रशासन की सांठगांठ प्राइवेट चीनी मिल प्रबंधन से है। चीनी मिल क्षमता से पेराई न करने के कारण कृषक को अपनी रवि फसल की बुवाई में देरी हो रही है। चीनी मिल का क्षेत्रफल देवहा, काटना तथा माला नदी से घिरा हुआ है। फिर भी गन्ना कृषक अपना गन्ना चीनी मिल को परेशानी उठाकर भी दे रहे हैं किंतु पूरी क्षमता से चीनी मिल न चल पाने के कारण गन्ना लेने में असमर्थ दिखाई दे रही है। किसानों की समस्याओं को दृष्टिगत रखते हुए चीनी मिल की टरबाइन को नया लगाया जाए तथा धीरे-धीरे पुराने प्लाट को नए प्लांट में तब्दील किया जाए। जिससे पूरी क्षमता से चीनी मिल गन्ना कृषकों का गन्ना ले सके। अन्यथा की स्थिति में मिल क्षेत्र का गन्ना द्वार केश तथा डालमिया चीनी मिलों को डाइवर्ट कर दिया जाए। जिससे किसान को आर्थिक नुकसान से बचाया जा सके। यदि शीघ्र ही इन समस्याओं का निराकरण नहीं हुआ तो किसान राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन द्वारा अनिश्चित कालीन धरना शुरू किया जाएगा। जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। गन्ना कृषकों का नेतृत्व राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के मंडल संयोजक मोहम्मद साबिर उर्फ कल्लू पहलवान कर रहे थे। जबकि प्रदर्शन में प्रमुख रूप से गजेंद्र कुमार, मुन्नालाल, राकेश कुमार, तेज सिंह, दुष्यंत, अवनीश कुमार, मुनीश कुमार, सुरेंद्र कुमार, मुकेश, झाझन लाल, हरिशंकर सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद शामिल रहे।

# खेत में पानी लगाने गए दलित पिता पुत्र पर दबंगों ने फावड़े से किया हमला, घायल



- ठेके के खेत को लेकर रंजिश मान रहे आरोपित हुए हमलावर
- गंभीर हालत में सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर

**जन एक्सप्रेस । पूरनपुर**

गेहूं के खेत में पानी लगाने गए दलित पिता पुत्रों पर आधा दर्जन दबंगों ने फावड़े और बांका से हमला कर लहुलुहान कर दिया। गंभीर हालत में सभी को पूरनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया।हालत गंभीर होने के कारण चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद सभी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पीड़ित की ओर से कार्रवाई के लिए पुलिस को तहरीर दी गई है।

माधोटांडा थाना क्षेत्र के गांव सेल्हा फार्म निवासी श्रीकांत ने पुलिस को बताया कि उसने गांव के ही एक किसान की जमीन ठेके पर ले रखी है ।किसान शुक्रवार सुबह अपने पुत्र अमरनाथ और अमरजीत को लेकर गेंहू की सिंचाई के लिए पंपिंग सेट सही कर रहा था। इसी दौरान गांव के ही आधा दर्जन दबंग फावड़ा, बांका, लाठी डंडों से लैस होकर खेत पर आ गए।आरोप है दबंगों ने ठेके पर खेत लेने को लेकर धमकाते हुए जाति सूचक गाली गलौज शुरू कर दिया। विरोध करने पर दबंगों ने जान से मारने की नियत से फावड़ा और बांका से ताबड़तोड़ हमला शुरू कर दिया। दबंगों के हमले में श्रीकांत पुत्र अमरनाथ और अमरजीत बुरी तरह लहुलुहान हो गए। जिसके बाद दबंगों ने लाठी डंडों से बुरी तरह पिटाई लगाई। घायलों के चीखने चिल्लाने पर दबंग शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए।खूनी संघर्ष की जानकारी से हड़कंप मच गया।आनन फानन में तीनों घायलों को थाना लाया गया।जिसके बाद पुलिस उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया।

हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद सभी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। परिजनों के अनुसार घायलों की हालत गंभीर बनी हुई है। पीड़ित की ओर से कार्रवाई के लिए पुलिस को तहरीर दी गई।

प्रभारी निरीक्षक अशोक पाल ने बताया कि तहरीर प्राप्त हुई है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# घर से नौकरी करने गये युवक की बदायूं में हुई मौत

**जन एक्सप्रेस । बीसलपुर**





मोहल्ले का ही युवक नौकरी करवाने के नाम पर मोहल्ले के ही युवक को रुद्रपुर ले गया। बदायूं में उसकी रहस्यमय ढंग से मौत हो गयी। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को सील कर पोस्ट मार्टम को भेजा शव घर आते ही परिवार में कोहराम मच गया।

मोहल्ला ग्यासपुर निवासी विनोद कुमार पुत्र सुखलाल को मोहल्ले का ही एक युवक रुद्रपुर नौकरी करवाने के लिए ले गया। 16 दिसम्बर को उसके खाते से 12 हजार रुपये निकाल लिये गये। जब परिजनों ने उससे पूछा तो उसने बताया कि रुद्रपुर मे है। 19 दिसम्बर को फोन आया कि उसकी मौत हो गयी है। मौत की सूचना मिलते ही पूरे परिवार में कोहरा मच गया। बदायूं पुलिस ने शव को सील कर पोस्ट मार्टम जिला मुख्यालय भेज दिया था। परिजन शव को लेकर बीसलपुर अपने प्रतिष्ठान पर लेकर आ गये। मृतक के भाई राजवीर पुत्र सुखलाल ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर मोहल्ले के ही अंकित उर्फ अनिकेत पुत्र दुर्गेश मिश्रा पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस तहरीर के आधार पर घटना की जांच कर रही है।

## तांत्रिक ने ठग लिए 1.40 करोड़

**जन एक्सप्रेस । बिजनौर**

देवी का असर बताकर मुरादाबाद जिले के कांठ निवासी तांत्रिक ने नहटौर के युवक से एक करोड़ चालीस लाख रुपये ठग लिए। ठगी करने का आरोपी अब परिवार सहित फरार है। शिकायत पर एसपी अभिषेक झा ने मामले की जांच सीओ धामपुर को सौंपी है।

नहटौर के मोहल्ला धर्मशाला निवासी सीताराम सिंह ने एसपी अभिषेक झा को प्रार्थना पत्र दिया। बताया कि मुरादाबाद के कांठ निवासी एक व्यक्ति से तीन साल पहले नहटौर में मुलाकात हुई थी। इसके बाद उसका घर आना जाना हो गया।

# पीलीभीत सांसद प्रथम आगमन पर हजारा क्षेत्र में करेंगे जनसभा, सुनेंगे जनसमस्या



**जन एक्सप्रेस । पूरनपुर**

हजारा। पीलीभीत लोकसभा क्षेत्र के भाजपा सांसद निर्वाचित होने के बाद प्रथम बार ट्रांस शारदा एवं नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र में 22 दिसंबर को पहुंचकर ग्रामीणों की समस्याओं को सुनेंगे तो वही जनसभा को संबोधित भी करेंगे।पार्टी कार्यकर्ता कार्यक्रम को लेकर तैयारी में जुट गए हैं। पीलीभीत लोकसभा क्षेत्र के भाजपा सांसद एवं केंद्रीय मंत्री जीतिन प्रसाद 22 दिसंबर को ट्रांस शारदा क्षेत्र में पहुंचेंगे जिनका कुठिया गुदिया व कबीरगंज में स्वागत कार्यक्रम होगा तो वहीं मुरैना गांधीनगर पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस परिसर में पहुंचकर जनसभा को संबोधित करेंगे इसके उपरांत नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र के बमनपुरी भगीरथ के टिल्ला नंबर 4 में पहुंचकर जनसभा को संबोधित करते हुए ग्रामीणों की समस्याओं को सुनकर उनका समाधान करेंगे। सांसद एवं केंद्रीय मंत्री जीतिन प्रसाद ट्रांस शारदा क्षेत्र एवं नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र में प्रातः11 बजे से 3 बजे तक रहेंगे।सांसद एवं केंद्रीय मंत्री जीतिन प्रसाद के साथ पूरनपुर विधान सभा क्षेत्र के भाजपा विधायक बाबूराम पासवान भी मौजूद रहेंगे। यह जानकारी रामनगर मंडल के भाजपा मंडल अध्यक्ष सुभाष चन्द्र श्रीवास्तव ने दी है।

## पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा किया दर्ज




**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

जनपद के थाना बरखेड़ा क्षेत्र के ग्राम ज्योरहा कल्यानपुर निवासी रेखा देवी पत्नी सूर्यप्रकाश ने थाना बरखेड़ा पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि उसके पति सुर्य प्रकाश टुक टुक चलाते है। वह घर से ज्योरहा कल्यानपुर 21 नवंबर को शाम को लगभग सवा पांच बजे वापस आ रहे थे। गांव के पास ही ईको चालक में धर्मपाल गंगवार पुत्र नन्हे लाल ने अपनी ईको गाड़ी को लापरवाही व तेजगति से चलाते हुए उसके पति को टक्कर मार दी। जिससे टुक टुक पूर्णरूप से क्षतिग्रस्त हो गया। उसके पति भी गम्भीर रुप से जख्मी हो गए। आरोपी ने उपचार कराने का वायदा किया था लेकिन वह भी नहीं कराया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# गैंगेस्टर एक्ट समेत तमाम मामलों का आरोपी पुलिस मुठभेड़ में घायल, एक फरार

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**



सुइथाकला। सरपतहा थाना क्षेत्र में देर रात थाना पुलिस से हुई मुठभेड़ में गैंगेस्टर एक्ट समेत तमाम मामलों का एक आरोपी जबाबी कार्रवाई के दौरान घायल हो गया। जबकि दूसरा एक अन्य साथी अंधेरे का लाभ उठाते हुए फरार होने में सफल रहा। फ़िलहाल घायल आरोपी को गिरफ्तार करते हुए पुलिस स्थानीय सीएचसी पर चिकित्सकीय उपचार कराते हुए मामले में विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। बतौर पुलिस थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह हमराहियों संग रामनगर भगासा मार्ग पर क्षेत्र भ्रमण पर थे।उसी दौरान करीमपुर विंद सुइथाकला मोड़ के पास पुलिस और बाइक सवार दो बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ के दौरान आत्मरक्षा में की गई फायरिंग में गोली लगने से जहां एक आरोपी घायल हो उठा, वहीं बाइक सवार दूसरा उसका साथी अंधेरे का लाभ उठाते हुए फरार हो गया। गोली घायल आरोपी के पैर में लगी और उसे गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तारी के समय उसके पास से 315 बोर के एक अवैध तमंचे के साथ एक अदद खोखा व मिश कारतूस और बिना नम्बर प्लेट की एक मोटरसाइकिल बरामद की गई। पूछताछ में उसकी पहचान जिले के जलालपुर थाना क्षेत्र के दरवेशपुर गांव निवासी शुभम सिंह पुत्र महेन्द्र सिंह के रूप में हुई। घायल आरोपी आजमगढ़ जिले के फूलपुर थाने में गैंगेस्टर एक्ट के अलावा जिले के अन्य थानों में तमाम मामलों में आरोपी रहा है। फ़िलहाल घायल आरोपी को गिरफ्तार करते हुए उसे स्थानीय सीएचसी पर उसका चिकित्सकीय उपचार कराते हुए मामले में पुलिस विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। इस दौरान टीम में हेड कांस्टेबल संजीव कुमार सिंह, आफताब अहमद व कपिल पासवान और कान्स्टेबल सोनू मौर्या, अंकित राय समेत चालक पवन कुमार मौजूद रहे।

# पर्चा जांच के बाद एक प्रत्याशी का पर्चा निरस्त



**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**

अधिवक्ता समिति मछलीशहर के कुल 12 पदों के लिए नामांकन हुआ था। पर्चा जांच के बाद कई खामियों के कारण उपाध्यक्ष एक पद(10वर्ष से कम अनुभव)पर दाखिल प्रेम चंद्र का पर्चा निरस्त कर दिया गया। इस पद पर बचे एक प्रत्याशी बलराम यादव का निर्विरोध निर्वाचन तय है। पर्चा जांच के बाद अब अध्यक्ष, महामंत्री, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष, उपाध्यक्ष 2 पद(10 वर्ष से अधिक अनुभव), संयुक्त सचिव प्रशासन पर मतदान होगा। 30 दिसंबर की मतदान होना है। अध्यक्ष पद के लिए जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव, बृजेश कुमार श्रीवास्तव एवं हुबेदार पटेल ने नामांकन किया है।वहीं महामंत्री पद पर आलोक कुमार विश्वकर्मा, अवनींद्र दूबे एवं नंदलाल यादव ने नामांकन किया है।वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर रमेश प्रताप सिंह, संजीव चौधरी, उपाध्यक्ष दो पद(10वर्ष से अधिक अनुभव) पद पर अशोक कुमार मिश्रा, जितेंद्र प्रताप यादव, राजेश कुमार पटेल, कोषाध्यक्ष पद पर संदीप श्रीवास्तव, सतीश कुमार, संयुक्त सचिव प्रशासन अनुराग श्रीवास्तव, राम सिंह पटेल के बीच कुल 6 पदों पर मुकाबला होगा। शेष पदों उपाध्यक्ष एक पद (10 वर्ष से कम अनुभव)बलराम यादव, संयुक्त सचिव प्रकाशन पर अविनाश कुमार, संयुक्त सचिव पुस्तकालय पर बालकुमार, आय व्यय निरीक्षक पद पर अनिल कुमार, कार्यकारिणी 6 पद(15 वर्ष से अधिक अनुभव)पर अरुण कुमार चौरसिया, हरिश्चन्द्र शुक्ला, धर्मेंद्र श्रीवास्तव, सदस्य कार्य करणी 6 पद (15 वर्ष से कम अनुभव)पद के लिए रमाशंकर पटेल, हरिश्चंद्र यादव का निर्विरोध निर्वाचन तय है। एल्डर्स कमेटी/ चुनाव संचालन समिति के दिनेश चंद्र सिन्हा, केदार नाथ यादव, ब्रह्मदेव शुक्ल, अशोक कुमार श्रीवास्तव, हरनायक तिवारी, महामंत्री वेद प्रकाश श्रीवास्तव की उपस्थिति में पर्चा जांच प्रक्रिया सम्पन्न हुई।

# ठंड के दृष्टिगत शहर के प्रमुख स्थलों का डीएम ने किया निरीक्षण





**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने विगत देर रात ठंड के दृष्टिगत शहर के प्रमुख स्थलों का निरीक्षण कर अलाव व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा रेलवे स्टेशन, नकटादाना चौराहा, गौहनिया चौराहा पर अलाव व्यवस्था देखी। भ्रमण के दौरान चीनी मिल के पास ठंड से ठिठूर रहे जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित किये एवं उनसे बातचीत की। इस दौरान अलाव व्यवस्था के सम्बन्ध में उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि नियमित अलाव व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। साथ ही भी निर्देशित किया कि कोई भी व्यक्ति बाहर खुले में पाए जाये तो उसे तत्काल रैन बसेरे में पहुंचाना सुनिश्चित किया। अलाव व्यवस्था के सम्बन्ध में स्थानीय लोगों से बातचीत कर नियमित जलाने के सम्बन्ध में जानकारी ली गई। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# मंडी समिति में घेर कर की मारपीट पुलिस ने रिपोर्ट की दर्ज, मारपीट करने वालों की तलाश जारी

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

जनपद के कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला गफ्फार खां निवासी शहजाद हुसैन ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी। जिसमे कहा गया कि मंगलवार को सिटी मजिस्ट्रेट ने पुलिस फोर्स और नगर पालिका की टीम के साथ शहर की सब्जी मंडी से अतिक्रमण हटाया था। इस दौरान कई दुकानों के पक्का अतिक्रमण भी ध्वस्त किया गया था। एक दिन पूर्व बुधवार को ध्वस्त किए गए अतिक्रमण पर व्यापारियों ने दोबारा निर्माण करना शुरू कर दिया था। इसकी शिकायत वही के कुछ लोगों ने सिटी मजिस्ट्रेट को जाकर की थी। इसके बाद सिटी मजिस्ट्रेट ने नगरपालिका की टीम और कोतवाली पुलिस को मौके पर भेजकर निर्माण करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। निर्माण को भी रुकवा दिया गया था। इसकी जानकारी शिकायतकर्ताओं को हो गई। जिसके बाद गुरुवार शाम को कुछ दुकानदारों ने शिकायतकर्ता कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला गफ्फार खां निवासी शहजाद हुसैन और नईम हुसैन के साथ मंडी समिति में घेरकर मारपीट की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अनीस, फहीम, अजीम और रईस निवासीगण मोहल्ला फीलखाना के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# शुक्रवार को विधायक रमेश सिंह ने लखनऊ में सीएम योगी से की मुलाकात



**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**

शाहगंज विधायक रमेश सिंह ने शुक्रवार सुबह लखनऊ में सीएम योगी आदित्यनाथ से मिलकर क्षेत्र के विकास की मांग की। श्री सिंह ने क्षेत्र की कुछ अत्यंत जर्जर सड़कों के निर्माण के साथ ही बिजली व्यवस्था में सुधार व पट्टीनरेंद्रपुर को नगर पंचायत का दर्जा देने की भी मांग की। सीएम ने श्री सिंह की मांगों पर गंभीरता से विचार करने का आश्वासन दिया। विधायक ने अत्यंत जर्जर अवस्था मे पहुंच चुके त्रिकौलिया-अखंडनगर व सरपतहां-पट्टीनरेंद्रपुर मार्ग के चौड़ीकरण सहित उच्चीकरण की मांग की। उन्होंने बताया कि यह दोनों सड़कें काफी दिनों से जर्जर अवस्था मे हैं तथा क्षेत्रवासी इनका निर्माण कराए जाने की लगातार मांग कर रहे हैं। इसके अलावा क्षेत्र में बिजली व्यवस्था में सुधार के लिए तार, पोल व नए ट्रांसफार्मरों की स्थापना के साथ ही कई ट्रांसफार्मरों की क्षमतावृद्धि कराए जाने की भी मांग की। सीएम ने विधायक की मांगों पर पूरी गंभीरता से विचार करने का आश्वासन देते हुए पट्टीनरेंद्रपुर को आगामी 2026 में त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों तक नगर पंचायत का दर्जा देने के लिए आश्वस्त किया।

## सांड से टकरायी बाइक युवक हुआ गंभीर रुप से घायल

**जन एक्सप्रेस । बीसलपुर**

बीसलपुर दियोरिया मार्ग पर बाइक सांड से टकरा गयी। जिससे बाइक पर सवार युवक गंभीर रुप से घायल हो गया। घायल को नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डाक्टर ने घायल का प्राथमिक उपचार किये जाने के बाद हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। गांव दियोरिया कलां निवासी महेश कुमार पुत्र डोरीलाल बाइक द्वारा बीसलपुर किसी काम से आ रहा था। वह जैसे ही दियोरिया कोतवाली के निकट पहुंचा वैसे ही अचानक मार्ग पर बाइक के सामने सांड आ गया। जिससे उसक बाइक टकरा गयी और रोड पर गिरकर युवक गंभीर रुप से घायल हो गया। मामले की सूचना 108 ऐम्बुलेंस को दी गयी। सूचना पर पहुंची ऐम्बुलेंस ने घायल को नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया।

# सेना के ट्रक में लगी आग, जान बचाने के लिए कूदा सैनिक सिर के बल गिरा

**जन एक्सप्रेस । मुजफ्फरनगर**




सहारनपुर स्टेट हाईवे रोहाना में चलते हुए सेना के ट्रक में अचानक आग लग गई थी। हादसे के दौरान जान बचाने के लिए कूदने वाले सैनिक वेस्ट बंगाल निवासी पूरण तमांग (27) की उपचार के दौरान मौत हो गई। सेना के मेजर सिद्धांत सिंह ने शहर कोतवाली पुलिस को सूचना दी।

देहरादून में वन गोरखा रेजिमेंट के छह जवान 14 दिसंबर को देहरादून से ट्रक में मेरठ ट्रेनिंग में जा रहे थे। ट्रक में छह जवान हवलदार कुम बहादुर, पूरन तमांग, शिवराज, धन बहादुर, जिंगमी, देवेंद्र राना सवार थे। पुलिस चौकी से करीब दो किमी दूर स्टेट हाईवे पर चलते ट्रक में अचानक आग लग गई।

ट्रक में पीछे बैठा पूरण तमांग जान बचाने के लिए ट्रक से नीचे कूदा था। सड़क में सिर लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। उसे पहले मुजफ्फरनगर के एक निजी अस्पताल व बाद में दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में उपचार दिलाया गया। वहां देर रात उसकी मौत हो गई। शुक्रवार दोपहर गोरखा रेजिमेंट के मेजर सिद्धांत सिंह अपनी टीम के साथ शहर कोतवाली पहुंचे। उन्होंने पुलिस को सूचना देकर बताया कि मृतक सैनिक वेस्ट बंगाल के जिला कलिंपोंग के गांव अपर अंबलोक निवासी पूरण तमांग था। उसके परिवार में बेटी ने एक माह पहले ही जन्म लिया था। शहर कोतवाली पुलिस ने हादसे का मुकदमा दर्ज कर लिया।

# पुलिस ने लिखापढ़ी करने के बाद किशोर को परिजनों के साथ किया सुपूर्द



**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

जनपद के थाना जहानाबाद क्षेत्र के कस्बे में 14 वर्षीय एक किशोर साइकिल से घूम रहा था। कस्बेवासियों ने संदेह होने पर उससे पूछताछ की तो वह हड़बड़ा गया। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची थाना जहानाबाद पुलिस ने किशोर से पूछा तो उसने अपना नाम प्रियांशु गंगवार पुत्र श्याम बिहारी निवासी ग्राम कुंजा रामपुर थाना क्योलड़िया जिला बरेली बताया। किशोर ने बताया कि वह घर से ?500 रुपये लेकर निकला था। उक्त रुपयों को गांव के ही एक युवक ने छीन लिया। जिसके बाद वह डर गया और घर से भाग आया। घूमते हुए वह जहानाबाद कस्बे में पहुंच गया। पूरा मामला सुनने के बाद किशोर के परिजनों को जहानाबाद पुलिस ने सूचना दी। सूचना पाकर परिजन थाना जहानाबाद आ गए। पुलिस ने लिखापढ़ी करने के बाद किशोर को परिजनों के सुपूर्द कर दिया। प्रभारी निरीक्षक जहानाबाद मनोज कुमार मिश्रा ने बताया कि किशोर से मिले मोबाइल नंबर के बाद परिजनों से संपर्क किया गया था।

# एएसपी ने किया ठगी और लूट के गिरोह का पर्दाफाश

बाराबंकी

शुक्रवार को कोतवाली प्रभारी नगर ने स्वॉट टीम और सर्विलांस टीम के प्रभारियों के सहयोग से ठगी और लूट करने वाले गिरोह का पर्दाफाष किया। पुलिस ने दो महिलाओं सहित पांच आरोपियों को धर दबोचा। जबकि दो बाल अपचारियों को संरक्षण में ले लिया। पुलिस ने इन लोगों के पास से सोने के जेवरात, पांच मोबाइल फोन व नकदी भी बरामद की। एएसपी दक्षिणी ने पूरी पुलिस टीम को पुरस्कृत करने की घोषणा की। जानकारी के अनुसार, शुक्रवार सुबह स्वाट, सर्विलांस व थाना कोतवाली नगर की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा डिजिटल डेटा व मैनुअल इंटेलीजेंस की मदद से कोतवाली नगर क्षेत्र में हुई ठगी और लूट की चार घटनाओं में शामिल अभियुक्त जनपद गाजियाबाद के थाना टोनिका सिटी गली नं-1 निवासी गोपाल प्रजापति पुत्र छबिलाल प्रजापति, दिल्ली प्रांत के थाना मरौला के चंचलपार्क अमरुद वाली बाग निवासी रतन लाल पुत्र हरीलाल, रतनलाल के पुत्र रौनक सोलंकी उसकी पत्नी गंजा देवी व यही की निवासिनी आरती प्रजापति पत्नी गोपाल प्रजापति के अलावा दो बाल



दो महिलाओं सहित पांच गिरफ्तार, दो बाल अपचारी पुलिस संरक्षण में

अपचारियों को धर दबोचा। तलाषी के दौरान पुलिस ने इन लोगों के पास से पांच मोबाइल फोन, चांदी और सोने के जेवरात एक इलेक्ट्रानिक तराजू, 1200 रुपये नकद, नोट के नकली बण्डल बरामद किये। पुलिस लाइन में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान एएसपी दक्षिणी ने उक्त गुडवर्क का खुलासा किया। पूछताछ एवं जांच से ज्ञात हुआ कि अभियुक्तगण का एक गिरोह है जिनके द्वारा जनपद बाराबंकी, लखनऊ, गाजीपुर एवं बिहार, मध्य प्रदेश आदि अन्य प्रान्तों में भी ठगी व लूट की घटनाएं कारित की गई हैं। अभियुक्तगण द्वारा कम्बल या अन्य सामान बेंचने के बहाने रेकी कर मुख्यतः महिलाओं को चिन्हित किया जाता है, जिसके बाद गिरोह में सम्मिलित छोटे बच्चे (बाल अपचारी) को महिला के पास भेज दिया जाता है एवं एक अन्य सदस्य भी पीछे से वहीं पहुंच जाता है। पूर्व नियोजित योजनानुसार बच्चे द्वारा महिला से रोते हुए स्वयं के कई दिनों से भूखे होने एवं मालिक द्वारा पीटे जाने की बात कही जाती है। तभी वहां पूर्व से उपस्थित गिरोह के सदस्य द्वारा उसे कुछ खरीद कर खाने हेतु रूपये दिये जाते हैं किन्तु उस बच्चे द्वारा स्वयं के पास मालिक के यहां से बहुत रुपये चुरा लाने की बात कहते हुए नोटों की गड्डी दिखाई जाती है, गड्डी में ऊपर-नोचे 500 रूपये का नोट एवं बीच में नोट के साइज के कागज लगे होते हैं। गिरोह के अन्य सदस्य द्वारा महिला को कुछ जेवरात देकर उस बच्चे से नोटों की गड्डी ले लेने का लालच दिया जाता है तथा महिला उन लोगों के षडयंत्र में फंस कर अपने जेवरात दे देती हैं। अभियुक्तगण द्वारा एक अन्य योजना के तहत भी घटनाएं कारित की गई हैं जिसमें जेवरात पहने महिलाओं को जेवरातों की छिनैती हो जाने का भय दिखाकर जेवरातों को उतार कर सुरक्षित अपने पास रख लेने की बात कही जाती है। तत्पश्चात अभियुक्तगण द्वारा एक रुमाल महिला को दिया जाता है, जिसमें महिला द्वारा जेवरात उतार कर रख दिये जाते हैं तथा महिला की मदद करने के बहाने हाथ की सफाई से उसके जेवरात के रुमाल को एक अन्य रुमाल से बदल दिया जाता है, जिसमें कंकड़ रखे होते हैं। यदि अभियुक्तगण इस तरह की योजनाओं में सफल नहीं होते थे तो जेवरात छीनकर भाग जाते थे। घटना कारित करने के पश्चात अभियुक्तगण द्वारा जेवरात को अन्य जनपद अथवा प्रांत में बेंच दिया जाता था। अभियुक्तगण द्वारा विभिन्न प्रांतों में घटनाएं कारित की गई हैं जिनके आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है।

# स्वास्थ्य विभाग की टूटी कुम्भकर्णी नींद

■ सीएमओ के निर्देश पर अधीक्षक पहुंचे निजी अस्पताल, की जांच, किया सीज

बाराबंकी

सिरौलीगौसपुर। कोतवाली बदोसरांय अन्तर्गत बीती गुरुवार की दोपहर को एक निजी अस्पताल में इंजेक्षन लगाये जाने के बाद मासूम की मौत के मामले ने स्वास्थ्य विभाग की कुम्भकर्णी नींद आखिर टूट गयी। आनन फानन में शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने निजी अस्पताल में पहुंच करके जांच पड़ताल की और अस्पताल को सीज कर दिया। जानकारी के अनुसार, बीती 19 दिसम्बर मरकामऊ कस्बे के एक निजी अस्पताल में ऑपरेशन से पहले इंजेक्शन लगाए जाने के बाद तीन वर्षीय बच्चे की मौत हो गई थी। मौत के बाद परिजनों ने अस्पताल के डॉक्टर पर लापरवाही और गलत इंजेक्शन का आरोप लगाते हुए हंगामा किया था। शुक्रवार को सीएचसी अधीक्षक डाक्टर संतोष कुमार सिंह की अगुवाई में स्वास्थ्य विभाग की टीम अस्पताल पहुंची और जांच पड़ताल के बाद अस्पताल को सीज



कर दिया। रामनगर थाना क्षेत्र के ग्राम फरेंदहा मजरे अमराई निवासी प्रदीप ने अपने बच्चे रिशू को बतौडी का ऑपरेशन के लिए शिव पटेल नर्सिंग होम में भर्ती कराया था। ऑपरेशन से पहले डॉक्टर ने बच्चे को दो इंजेक्शन दिए थे। इंजेक्शन लगने के कुछ देर बाद बच्चे की तबीयत बिगड़ी और उसकी मौत हो गई। बच्चे की मौत के बाद परिजनों में कोहराम मच गया और डॉक्टर पर उन्होंने आरोप लगाते हुए शव को गोद में लेकर अस्पताल के बाहर हंगामा शुरू कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी सन्तोष कुमार ने बताया कि पीड़ित ने तहरीर नहीं दिया है। जिस वजह से अभी तक मुकदमा नहीं लिखा जा सका। वहीं इस सम्बन्ध में सीएचसी अधीक्षक डाक्टर संतोष कुमार सिंह ने बताया कि मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देश पर अस्पताल की जांच कर सीज कर दिया गया है। अस्पताल संचालन को नोटिस भी जारी किया गया है। कुल मिलाकर सिरौलीगौसपुर क्षेत्र में पिछले एक माह के अन्दर दो घटनाएं निजी अस्पतालों में घट चुकी हैं लेकिन सब कुछ जानने के बावजूद स्वास्थ्य विभाग तभी कार्यवाही करता है जब कोई निजी चिकित्सालय में इलाज के दौरान मौत हो जाती है। नही तो स्वास्थ्य विभाग अपने में मस्त रहता है और निजी अस्पतालों के संचालक ग्रामीण मरीजों का इलाज के नाम पर शोषण करने में व्यस्त रहते हैं।

# बाइक हटाने को लेकर चले लाठी डण्डे, आठ जखमी

बाराबंकी

फतेहपुर। नगर क्षेत्र में मामूली विवाद में दो पक्षों के बीच रास्ते में खड़ी बाइक को हटाने को लेकर लाठी-डंडो से मारपीट हो गयी। इस दौरान दोनो पक्षों से आठ लोग गम्भीर रूप से घायल हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए सीएचसी भेजकर कारवाई शूरु कर दी है। मामला नगर फतेहपुर क्षेत्र के मोहल्ला इन्दिरा नगर का है। जहां पर स्थानीय निवासी मो. आलम के घर पर कारीगरों द्वारा सटरिंग लगाई जा रही थी। जिसके पास में रास्ते पर सरवरी के लड़के तालिब की एक बाइक खडी थी। आलम ने बाइक को रास्ते से हटाने को कहा। इसी बात को लेकर दोनो पक्षों में वाद विवाद होने लगा। देखते ही देखते दोनो पक्षों की ओर से लोगों ने एक दूसरे पर लाठी-डन्डों से वार कर दिया। इस दौरान एक पक्ष के आलम, मन्नू, चन्दन, समीर व दूसरे



पक्ष के तालिब, अलीम, हारून व कलीम को गम्भीर रूप से घायल हो गए। आनन-फानन में लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को सीएचसी फतेहपुर में भर्ती कराया गया। जहां पर इनका इलाज किया जा रहा है।

इस सम्बन्ध में कोतवाल डी.के सिंह ने बताया, कि दोनों पक्षों में मारपीट की घटना सामने निकलकर आयी है। दोनो पक्षों की ओर से तहरीर प्राप्त हुई है।

मुकदमा दर्जकर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# बिल्हौर रेलवे स्टेशन के फाटक सं 64 पर अपरिगामी व फाटक सं 67 पर अंडरपास बनेगा



जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो

बिल्हौर तहसील क्षेत्र की अति व्यस्त लखनऊ इटावा राजमार्ग पर बिल्हौर स्थित रेलवे फाटक नवंबर 64 पर अपरिगामी पुल और बीआरडी कॉलेज के सामने फाटक सं 67 पर सबसे अधिक भीड़ लगी रहती है फाटक बंद होने और खुलने में सैकड़ो बड़े वाहन और छोटे वाहन इकट्ठा हो जाते हैं। जिसके चलते जीटी रोड पर भी जाम लग जाता है जनता की विशेष आग्रह पर मिश्रिख सांसद अशोक रावत की पहल पर रेल मंत्री द्वारा कई बार सर्वे कराया गया है इसी कड़ी में शुक्रवार दोपहर बाद फतेहगढ़ सहायक इंजीनियर रेलवे सुयश द्विवेदी एवं अन्य रेलवे के अधिकारियों के साथ सांसद प्रतिनिधि रवि बाजपेई जी, भाजपा पूर्व उपाध्यक्ष कानपुर ग्रामीण अधिवक्ता जेपी कटियार, विक्रम मिश्रा, रिंकू कटियार, शिवम तिवारी, शोभित दीक्षित, भीलवाड़ा नगर पालिका के सभासद अशोक चंद्र उर्फ गुड्डा तिवारी सहित सैकड़ो नागरिक मौजूद रहे। अधिकारियों ने बताया कि जीटी रोड और रेलवे लाइन के बीच डेढ़ सौ मीटर की जगह चाहिए जिसमें से अगर नेहरू पार्क में उतारा करते हैं तो आसपास की जगह खाली कराई जा सकती हैं या फिर पूरब दिशा में स्टेट बैंक की तरफ और पश्चिम दिशा में पेट्रोल पंप तक उतारा जा सकता है। नई तकनीक के तहत जीटी रोड के आगे नेहरू पार्क/तिकुनिया पार्क को भी प्रयोग में लेकर बनाया जा सकता है।

# ककवन ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय मनावा में वार्षिक खेलकूद संपन्न हुए



जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो

बिल्हौर तहसील क्षेत्र के ककवन ब्लॉक के मनावा विद्यालय में गत दिवस आयोजित विभिन्न वर्ग की दौड़ एवं अन्य प्रतियोगिता आयोजित की गयी इसी क्रम द्वितीय दिवस के सामाजिक संदेश देने वाले नाटकों, समूह गीत समूह नृत्य एकल गीत एवं एकल नृत्य की प्रस्तुतियां दी गईं। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी विजेता बच्चों एवं प्रस्तुतियों के प्रतिभागी बच्चों को मेडल, कलर्स, पेंसिल बॉक्स देकर प्रधानचर्या एवं ग्राम प्रधान द्वारा सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त कक्षा 1 एवं 2 में अध्ययनरत बच्चों को विभाग द्वारा प्रदत्त बैग मनावा प्राथमिक विद्यालय में भी वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया जिसमें ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि इं विनय यादव द्वारा बच्चों को पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस मौके पर बच्चों को संबोधित करते हुए बताया कि सरकार इस प्रकार की योजना चलाकर बच्चों का उत्साहवर्धन करते हैं यह अच्छी पहल है खेलकूद भी बच्चों के जीवन में पाठ्यक्रम के बराबर ही महत्वपूर्ण होना चाहिए। इस मौके पर ग्राम प्रधान नरेश कठेरिया प्रधानाध्यापक अनुभव मिश्रा, अमित सविता, सोनू पाल, अनुराग आदि मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत हरी झंडी दिखाकर ग्राम प्रधान मजाहिर हुसैन ने बस को किया रवाना

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो। बिल्हौर तहसील क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में उच्च अधिकारियों के आदेश पर बच्चों को कानपुर नगर में भ्रमण करने का मौका मिला है। जिसके तहत प्रधानमंत्रीश्री सम्मिलियन विद्यालय मकनपुर उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही राष्ट्रीय आविष्कार अभियान योजना के तहत विज्ञान शैक्षिक भ्रमण को देखते हुए मकनपुर ग्राम प्रधान मजाहिर हुसैन ने हरी झंडी दिखाकर बस को रवाना किया सरकार द्वारा चलाई जा रही राष्ट्रीय आविष्कार विज्ञान शैक्षिक भ्रमण योजना के तहत से हरकोट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर के लिए बस को रवाना किया बच्चे कैप, आई कार्ड, ड्रेस, बैग और बैग में रास्ते का नाश्ता आदि का इंतजाम भी उसी में मौजूद था बच्चे बस में बैठते वक़्त बड़े ही उत्साहित थे कि कानपुर में शिक्षकों के साथ में घूमने का मौका मिला इस मौके पर प्रधानाचार्य बदरुल मुनीम, अजिवा खालिद खातून अनुराग सोनकर, सदक, अजय, प्रमिला गौतम ग्रामीण सहित कई लोगों के पर मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ व अंतरराष्ट्रीय रोटरी क्लब ने 19 प्राइमरी स्कूली बच्चों को निशुल्क पुस्तक वितरित



जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो

बिल्हौर तहसील क्षेत्र के 19 प्राइमरी विद्यालय के बच्चों को निशुल्क पुस्तकों का वितरण किया गया रोटरी क्लब ऑफ न्यू कानपुर एवं राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ कानपुर नगर के संयुक्त तत्वाधान में आज दिनांक 20 दिसंबर 2024 को अंतरराष्ट्रीय रोटरी के सहयोग से कानपुर नगर एवं गांव की प्राइमरी विद्यालयों के पुस्तकालयों को ऊचीकृत करने हेतु 19 विद्यालयों में पुस्तकों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप मे उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के नव नियुक्त प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष शैलेंद्र द्विवेदी एवं विशिष्ट अतिथि राहुल मिश्रा जिला महामंत्री उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ कानपुर नगर, राष्ट्रीय शैक्षिक महा संघ कानपुर नगर के प्राथमिक संवर्ग के जिलाध्यक्ष चंद्रदीप यादव, रोटरी क्लब ऑफ न्यू कानपुर की प्रेसिडेंट संगीता गुप्ता, रोटरी क्लब न्यू कानपुर की शिक्षा समिति की अध्यक्ष रोटेरियन प्रोफेसर नवीन मोहिनी निगम के सतत प्रयासों एवं रोटेरियन कामना उम्र, रोटेरियन प्रमोद गुप्ता, रोटेरियन कीर्ति ओमर, रोट्रैक्टर कौस्तुभ गुप्ता, रोट्रैक्टर आदित्य गुप्ता, रोट्रैक्टर प्रखर ओमर, रोट्रैक्टर कुशाग्र, रोट्रैक्टर पलक, रोट्रैक्टर ईशानी के सहयोग द्वारा आज का कार्यक्रम छात्र हित में आयोजित किया गया। सब पढे सब पढे तभी तो देश आगे बढ़ेगा। पुस्तकों की व्यवस्था में रोटरी क्लब झांसी रानी की रोटेरियन देव प्रिया उक्सा जी का विशेष योगदान रहा। विभिन्न विद्यालयों के चयन में चंद्रदीप यादव का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ इस कार्यक्रम को रोटैकट आफ कानपुर ग्रैंड ने सक्रिय भाग लेते हुए सा आयोजित किया। इस अवसर पर क्लब सचिव रोटेरियन शिखा गुप्ता, रोटेरियन पंकज गुप्ता, रोटेरियन मोना ओमर, रोटेरियन श्वेत गुप्ता, आदित्य द्विवेदी, दीपक वर्मा, उमेश सिंह, रजनीश कुमार, मनीष सिंह, जितेंद्र सचान, धीरेंद्र सिंह आदि शिक्षक उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम का संचालन डॉ अलका गुप्ता के द्वारा किया गया।

# गोदाम में लगी आग, मचा हड़कंप



जन एक्सप्रेस । उन्नाव

**शुक्लागंज।** शुक्रवार को गंगाघाट कोतवाली अंतर्गत जाजमऊ चौकी क्षेत्र के अख़लाख नगर में एक कबाड़ के गोदाम में भीषण आग लग गई। घटना के बाद आसपास के इलाके में हड़कंप मच गया, गनीमत रही की इस हादसे में कोई भी जनहानि नहीं हुई। जानकारी के मुताबिक गोदाम के पास स्थित खाली पड़े प्लॉट के कूड़े में किसी ने आग लगाई थी, जिसके बाद यह आग गोदाम तक पहुंच गई।

सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने की कोशिश शुरू की। आग इतनी जबरदस्त थी की काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। आग लगने से गोदाम के आसपास का इलाका धुएं से भर गया था। राहत की बात यह रही कि गोदाम के अंदर कोई भी व्यक्ति मौजूद नहीं था, जिससे किसी तरह की जनहानि से बचाव हुआ। हालांकि, गोदाम में रखा कबाड़ जलकर नष्ट हो गया और आर्थिक नुकसान हुआ। गोदाम के मालिक शिव जी चौरसिया ने बताया कि वह कानपुर के लाल बंगले इलाके में रहते हैं और उनका कबाड़ का व्यापार लंबे समय से चलता आ रहा है। उन्होंने कहा कि आग लगने का कारण कूड़े में किसी ने आग लगाना बताया, जिससे यह पूरी घटना घटी। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है और आग लगने की सही वजह का पता लगाने के लिए जांच की जा रही है।

# ट्रक की टक्कर से गिरा विशाल प्रवेश द्वार, टला बड़ा हादसा

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

शुक्लागंज। शुक्रवार पूर्वाह्न राजधानी मार्ग स्थित सहजनी, बाबाखेड़ा मार्ग पर एक बड़ा हादसा टल गया। कानपुर कुरसवां निवासी अजीत सिंह का एक ट्रक, जो पशु आहार से लदा था, बाबा खेड़ा स्थित एक फैक्ट्री जा रहा था। सुबह करीब साढ़े सात बजे जैसे ही ट्रक ग्राम पंचायत कटहा दलनारायनपुर के प्रवेश द्वार पर पहुंचा, ओवरलोड होने के कारण उसका ऊपरी हिस्सा गेट में फंस गया। यह प्रवेश द्वार,जो ग्राम पंचायत कटहा दलनारायनपुर की पहचान के रूप में बनवाया गया था, ट्रक के फंसने से पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। सीमेंटेड पोल सहित पूरा गेट ट्रक पर ही गिर गया, जिससे दोनों तरफ के पोल धराशायी हो गए। घटनास्थल के पास ही चाय की दुकान चलाने वाले शिवसागर और दुकान में खड़े कुछ



लोग बाल-बाल बच गए। गेट गिरने की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर जमा हो गए और ट्रक को घेर लिया। ग्रामीणों के विरोध के बाद ट्रक मालिक और फैक्ट्री मालिक ने गेट को दोबारा बनवाने की बात कही, जिसके बाद मामला शांत हुआ। इस घटना से जहाँ एक बड़ा हादसा टल गया, वहीं ओवरलोड वाहनों के खतरे को भी उजागर किया। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से ऐसे वाहनों पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके।

# फीस बढ़ोत्तरी को लेकर मेडिकल कालेज के छात्रों ने सौंपा ज्ञापन

जन एक्सप्रेस । बस्ती

बस्ती। शुक्रवार को महर्षि वशिष्ठ स्वशासी राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय बस्ती मेडिकल कालेज पैरा मेडिकल बैच के छात्रों ने जिलाधिकारी के प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन देकर फीस बढोत्तरी को कम किये जाने की मांग किया। नेतृत्व करते हुये राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा के मण्डल महासचिव ठाकुर प्रेम नन्दबंशी ने कहा कि छात्रों की मांग जायज है और मनमानी फीस की वसूली बंद किया जाय।

ज्ञापन में कहा गया है कि पैरा मेडिकल बैच 2022-23 द्वितीय वर्ष



के प्रवेश के सम्बन्ध में नोटिस जारी किया गया था जिसमें बढी हुई फीस 36850 रूपये का विवरण दिया गया है। स्टेट मेडिकल फैक्ल्टी द्वारा बढी हुई फीस 2023 से लागू किया गया था। 2023 बैच की फीस 24000 हजार रूपये निर्धारित है। छात्रों ने ज्ञापन दिया कि उनसे 24000 हजार रूपये निर्धारित फीस ही लिया जाय। फीस बढोत्तरी को कम किये जाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपने वालों में बृजेश पटेल, ज्योति गौतम, सतीश गुप्ता, वृजलाल मौर्या, सौम्या पाण्डेय, निखिल उपाध्याय, रूद्र पाण्डेय, चांदनी कुमारी, प्रिया राव, सीमा, श्वेता, प्रदीप शुक्ल, निशा चौधरी, दिव्या साहू, पूजा पटेल, वर्तिका कुमारी, आकाश चौधरी, विशाल कुमार, सत्येन्द्र सिंह, आकाश पाण्डेय, अजमत अंसारी, काजल गुप्ता, अंजनी, आदि शामिल रहे।

# टप्पेबाजी के तीन आरोपी गिरफ्तार



जन एक्सप्रेस । उन्नाव

आज दिनांक 20.12.2024 को वादी शसज्जन सोनी पुत्र स्व0 दुर्गाप्रसाद उर्फ भूरे सोनी नि0मो0 राजाबाजार कस्बा व थाना पुरवा जनपद उन्नाव द्वारा प्रस्तुत की गयी तहरीर के आधार पर थाना पुरवा पर मु0 अ0सं0 389/2024 धारा 318(4) पंजीकृत किया गया तथा वादी से अभियुक्तगण शिवबाला पत्नी कैलाश वर्मा नि0मो0 घोरवाखेड़ा थाना चकेरी जनपद कानपुर नगर गुड़िया पत्नी गोविन्द वर्मा नि0मो0 घोरवाखेड़ा थाना चकेरी जनपद कानपुर नगर दीपक वर्मा पुत्र कैलाश नि0मो0 घोरवाखेड़ा थाना चकेरी जनपद कानपुर नगर व सामान (एक अदद गुच्छा गिलेट, तीन अदद जंजीर गिलेट, दो जोड़ी कंगन बच्चों के गिलेट व 3600 रुपये) को कब्जा पुलिस में लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण की विधिक कार्यवाही पूर्ण कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

# चिलकाना रोड से हटेगा एमआरएफ सेंटर पार्क का होगा सौंदर्यीकरण

जन एक्सप्रेस । सहारनपुर

नगरायुक्त संजय चौहान ने चिलकाना रोड पर अमन सिनेमा के सामने सड़क पर बने एमआरएफ सेंटर को वहां से शिफ्ट करने, रामजीवन नगर पार्क का सौंदर्यीकरण करने तथा पार्क के चारों ओर किये गए अतिक्रमण को तुरंत हटाकर पार्क के चारों ओर का मार्ग खोलने के निर्देश दिए हैं। नगरायुक्त ने ये निर्देश आज वार्ड 30 सहित विभिन्न वार्डों का निरीक्षण करते हुए दिए। नगरायुक्त ने सीएम ग्रिड के तहत कलक्ट्रेट से हकीकत नगर होते हुए दीवानी कचहरी तक निर्मित की जाने वाली सड़क स्थल तथा ताहरपुर रोड पर स्मार्ट सिटी की सहायता से चल रहे पांच करोड़ रुपये की लागत के सड़क व नाला निर्माण कार्य का भी अवलोकन किया।

नगरायुक्त संजय चौहान आज सुबह निगम अधिकारियों के साथ वार्ड 30 मदनपुरी क्षेत्र पहुंचे और रामजीवन नगर पार्क के अलावा मदनपुरी में स्मार्ट सिटी द्वारा बनाये गए पार्क का निरीक्षण किया। स्मार्ट सिटी अधिकारियों ने बताया कि पार्क में जो छोटे-छोटे कार्य शेष है उन्हें एक माह में पूरा करा दिया जायेगा। रामजीवन नगर में एक आरा मशीन मालिक द्वारा पार्क को वाहन पार्किंग बनाये जाने और पार्क के चारों ओर किये गए अतिक्रमण को तुरंत हटाने के निर्देश दिए। उन्होंने अपर नगरायुक्त मृत्युंजय को पार्क में झूले लगवाने, वाकिंग टैऊक तथा वेस्ट टू वंडर का प्रयोग करते हुए पार्क का सौंदर्यीकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने पास ही स्मार्ट सिटी द्वारा लगायी जा रही हाईमास्ट लाइट लगाने के कार्य को भी तेजी से कराने पर जोर दिया। क्षेत्रीय पार्षद नीरज शर्मा द्वारा मुख्य मार्ग के फुटपाथ के धंसने की ओर ध्यान दिलाये जाने पर नगरायुक्त/सीईओ स्मार्ट सिटी संजय चौहान ने स्मार्ट सिटी के परियोजना प्रबंधक जितेंद्र सिंह को कार्यदायी संस्था आरसीसी से फुटपाथ को तुरंत ठीक कराने तथा मुख्य अभियंता निर्माण बी के सिंह को तत्पश्चात पुर्ननिरीक्षण के निर्देश दिए। उन्होंने वार्ड 30 में वार्ड कार्यालय बनाने तथा मदनपुरी पार्क में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम विकसित करने तथा रिबोर में फेल हो चुके बोर को रियूज़ करते हुए उसे वर्षा जल से रिचार्ज करने के सिस्टम को विकसित करने पर जोर दिया। पार्षद नीरज शर्मा ने स्मार्ट सिटी द्वारा लगायी गयी स्मार्ट लाइटों के न जलने की ओर भी ध्यान दिलाया। जिस पर स्मार्ट सिटी अधिकारियों ने बताया कि आज ही लाइटों को ठीक करा दिया जायेगा। नगरायुक्त ने नगर स्वास्थय अधिकारी डॉ. ए एस मलिक को एक खाली प्लाट में जमा कूड़े को तुरंत साफ कराने और उस पर होने वाला व्यय प्लाट स्वामी से वसूलने तथा चिलकाना रोड नाले की पूरी तरह सफाई कराने के निर्देश दिए। नगरायुक्त ने मुख्य मार्ग स्थित शौचालय का भी निरीक्षण किया।

# हरियाणा के पूर्व सीएम ओमप्रकाश चौटाला का निधन, गुरुग्राम मेदांता में ली अंतिम सांस

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री और आईएनएलडी प्रमुख ओमप्रकाश चौटाला का शुक्रवार को निधन हो गया। गुरुग्राम मेदांता में उन्होंने दोपहर करीब 12 बजे अंतिम सांस ली। उन्हें सांस लेने में दिक्कत थी, तीन-चार साल से मेदांता में ही उनका इलाज चल रहा था। शुक्रवार को अचानक तबीयत बिगड़ने पर उन्हें 11:35 बजे मेदांता की इमरजेंसी में लाया गया था। मेदांता प्रशासन ने उनके निधन की पुष्टि की है। डॉक्टरों ने उनकी मौत की वजह कार्डियक अरेस्ट बताई है। कल सुबह 8 से 2 बजे तक सिरसा स्थित तेजा खेड़ा फार्म पर उनका पार्थिव शरीर अंतिम दर्शन के लिए रखा जाएगा। दोपहर 3 बजे उनको मुखाग्नि दी जाएगी।

### सिरसा के गांव चौटाला में हुआ था जन्म

ओम प्रकाश चौटाला का जन्म एक जनवरी 1935 को सिरसा के गांव चौटाला में हुआ था। चौटाला पांच बार हरियाणा के सीएम रहे। दो दिसंबर 1989 को चौटाला पहली बार मुख्यमंत्री बने थे। वे 22 मई 1990 तक इस पद पर रहे। 12 जुलाई 1990 को चौटाला ने दूसरी बार मुख्यमंत्री पद को शपथ ली थी, जब तत्कालीन मुख्यमंत्री बनारसी दास गुप्ता को दो माह में ही पद से हटा दिया गया था। हालांकि चौटाला को भी पांच दिन बाद ही पद से त्यागपत्र देना पड़ा था। 22 अप्रैल 1991 को तीसरी बार चौटाला ने सीएम पद संभाला। लेकिन दो हफ्ते बाद ही केंद्र सरकार ने प्रदेश में राष्ट्रपति शासन लगा दिया था।



### कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव मल्लिकार्जुन खरगे ने जताया शोक

कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव मल्लिकार्जुन खरगे ने अपने एक्स अकाउंट पर लिखा, हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री वरिष्ठ नेता चौ. ओम प्रकाश चौटाला के निधन का समाचार दु:खद है। उन्होंने हरियाणा और देश की सेवा में उचित योगदान दिया। दु:ख की इस घड़ी में हम उनके परिवार व समर्थकों के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करते हैं और दिवगंत आत्मा की शांति की प्रार्थना करते हैं।

### 82 साल की उम्र में पास की थी 10वीं की परीक्षा

भारतीय राष्ट्रीय लोकदल के नेता और हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री ओम प्रकाश चौटाला ने 82 साल की में 10वीं पास की थी। राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान (एनआईओएस) के नतीजे जारी हुए तो ओम प्रकाश चौटाला ने परीक्षा द्वितीय श्रेणी से पास की थी। हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री ने तिहाड़ जेल में एनआईओएस के स्टडी सेंटर से एग्जाम दिया था। उनके साथ ही दो और बुजुर्ग छात्रों ने भी 10वीं पास की थी। ओम प्रकाश चौटाला को परीक्षा में 55.40 प्रतिशत अंक मिले थे।

### ओम प्रकाश चौटाला के निधन पर भूपेंद्र हुड्डा ने जताया दुख

हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री और आईएनएलडी प्रमुख ओम प्रकाश चौटाला के निधन पर हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा, कांग्रेस की राजनीति में वे बहुत लंबे समय तक साथ रहे। विधानसभा में भी हम साथ रहे। उन्होंने अपने जीवन काल में जनता की सेवा की है। अभी तो वे राजनीति में भी सक्रिय थे। वे अच्छे व्यक्ति थे। हमारे संबंध अच्छे थे। वे मेरे बड़े भाई की भूमिका में थे।

### पीएम मोदी ने भी प्रकट किया शोक

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी एक्स अकाउंट पर पोस्ट कर दुख प्रकट किया है। पीएम मोदी ने लिखा हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री ओम प्रकाश चौटाला जी के निधन से अत्यंत दुख हुआ है। प्रदेश की राजनीति में वे वर्षों तक सक्रिय रहे और चौधरी देवीलाल जी के कार्यों को आगे बढ़ाने का निरंतर प्रयास किया। शोक की इस घड़ी में उनके परिजनों और समर्थकों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं।

# जीडीए : भ्रष्टाचार की बेल बनी मजबूत पेड़

- अधिकारी और बिल्डर ले रहे छांव का आनंद, प्रशासनिक कार्रवाई के नाम पर केवल झाड़े जा रहे पत्ते



**जन एक्सप्रेस । गाजियाबाद**

जनपद गाजियाबाद के विकास की धुरी गाजियाबाद विकास प्राधिकरण का वृहद क्षेत्र और बढ़ते निर्माण की गति के साथ अवैध निर्माण और शासन के निर्देशों की अनदेखी करके निजी स्वार्थ के सिद्धि का मोटा खेल खेला जा रहा है। मोटे खेल का उदाहरण आप ऐसे समझ सकते हैं कि गाजियाबाद विकास प्राधिकरण में कुर्सी पर प्रतिस्थापित होते ही कर्मचारी अथवा अधिकारी के घर की रूठी हुई लक्ष्मी एकदम से प्रसन्न होकर आशीर्वाद के सफेद धातु के घड़े में पीले धातु की खनक वृद्धि शुरू हो जाती है। निजीस्वार्थ का घड़ा में भरते पीले सिक्कों की खनक का आधार जीडीए द्वारा स्वीकृत मानचित्रों की अनदेखी, बहुमंजिला इमारतों का जमकर निर्माण और उनपर कानूनी अथवा विभागीय कार्यवाही की अनदेखी , देख कर भी अवैध कटती कालोनियों की अनदेखी और बड़ी बड़ी बिल्डिंगों के मंजिलों की बढ़ती संख्या की अनदेखी अथवा पूर्व में विवादित मसले के निबटान मुख्य है। कौशांबी ,इंदिरापुरम और वैशाली आज के दौर में गुड़गांव और नोएडा के बाद रिहायश के लिए डिमांड में आ गया है। इसलिए बाद बड़े बड़े और सत्ता के संरक्षण में तथाकथित बिल्डर्स प्रशासनिक अधिकारियों की शह पर जमकर अवैध निर्माण कर रहे हैं। इंदिरापुरम का यह आलम है कि यहां कुछ भी कर लो । आवासीय प्लॉट पर बड़े बड़े व्यवसायिक निर्माण अथवा मानचित्र भले आवासीय हो अधिकारी की कृपा और सिक्के की खनक में चोट करारी हो तो तीन की जगह पांच मंजिल होटल , रेस्टुरेंट, दुकान अथवा बैंक्वेट कुछ भी निर्माण कर सकते हैं। बिकने को खड़े बाज़ार में बस आपको कीमत अदा करनी आनी चाहिए। अवैध निर्माण की बढ़ती गति का आलम यह है कि हज़ारों की लिस्ट बन चुकी है। जिसमें अधिकांश पर ध्वस्तीकरण की नोटिस तक जीडीए द्वारा तामील है।


### विकास प्राधिकरण और विकास परिषद पहली पसन्द बना

जनपद गाजियाबाद उत्तर प्रदेश का ऐसा दूसरा जिला जहां तैनाती के लिए पूरे प्रदेश के अधिकारी किसी स्तर तक सिफ़ारिश अथवा राजनीतिक तिकड़म लगा पद पाने को बेताब रहते हैं। शासन की नजदीकी और बड़े साहब के आशीर्वाद के बाद भाग्य अपनी रेखा भी बदल देती है। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण की महत्ता इसी से समझी जा सकती है कि पूर्व के जिलाधिकारियों के पास इसका अतिरिक्त प्रभार था । उसकी परिपाटी बने उसका प्रयास हुआ लेकिन शासन द्वारा वर्तमान में वरिष्ठ आईएएस की नियुक्ति गाजियाबाद विकास प्राधिकरण में कर दिया है। आक्रामक तेवर और राजस्व वृद्धि को लेकर खासे चर्चा में शुमार रहने वाले वर्तमान उपाध्यक्ष अतुल वत्स जरूर समाचार पत्रों में सख्त तेवर दिखाते हो लेकिन उनके मातहत की अवैध निर्माण के खिलाफ कार्यवाही उनके तेवर को कागजों तक ही सीमित रखती है।




### गृह मंत्री शाह ने की एसएसबी की तारीफ, कहा
# सीमा सुरक्षा और नक्सलवाद से निपटने में इसकी अहम भूमिका

**जन एक्सप्रेस/ एजेंसी। नई दिल्ली**



पश्चिम बंगाल के रानीडांगा स्थित सिलीगुड़ी फंटियर (एफटीआर) मुख्यालय में सशस्त्र सीमा बल के 61वें स्थापना दिवस समारोह में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शामिल हुए। उन्होंने कहा कि सशस्त्र सीमा बल ने नेपाल और भूटान जैसे पड़ोसी देशों के साथ भारत की सीमाओं को सुरक्षित रखने में अहम भूमिका निभाई है। इसके साथ ही बिहार और झारखंड में नक्सलवाद से निपटने में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि सिलीगुड़ी गलियारे और पूर्वोत्तर क्षेत्र में सशस्त्र सीमा बल की सतर्कता और उपस्थिति ने सुरक्षा की भावना को मजबूत किया है। वामपंथी उग्रवाद से निपटने के एसएसबी के प्रयासों को लेकर गृह मंत्री शाह ने कहा कि सशस्त्र सीमा बल ने बिहार और झारखंड में नक्सलवाद के खतरे को खत्म करने में अहम योगदान दिया है। अन्य सुरक्षा एजेंसियों, स्थानीय पुलिस के साथ उनकी सक्रिय समझ ने छत्तीसगढ़ में भी नक्सलवादी गतिविधियों को कमजोर किया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सशस्त्र सीमा बल से सीमा आंदोलन के दौरान राष्ट्र विरोधी गतिविधियों पर अंकुश लगाने और ऐसे मामलों को कानून प्रवर्तन एजेंसियों को सौंपने के लिए कहा।



## कबूतरबाजी ने पहुंचाया जेल, 22 पासपोर्ट और समेत फर्जी कागजात बरामद

**जन एक्सप्रेस । गाजियाबाद**

विदेशों में नौकरी का ख़्वाब दिखाकर रकम ऐंठने वाले गिरोह का भंडाफोड़ ट्रांस हिंडन क्षेत्र की कौशांबी पुलिस ने किया है। 2 आरोपियों सहित 22 पासपोर्ट, 2 फर्जी प्रमाणपत्र, लैपटॉप, मोबाइल और दो पहिया वाहन बरामद किया है। कौशांबी थानांतर्गत वैशाली रामप्रस्था गाजियाबाद निवासी किशन कुमार को जालसाजों ने अज़रबैजान में नौकरी दिलाने का झांसा देकर 2 लाख 95 हजार रुपए आन लाइन वसूले थे। उसके बाद फर्जी वीजा टिकट देकर फर्जीवाड़ा किया गया। जिसके बाद पीड़ित ने स्थानीय थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। उसी पुलिस जांच में यह खुलासा हुआ है। गिरफ्तार आरोपियों द्वारा वैशाली के अति व्यस्त क्षेत्र क्लाउड नाइन में जय अम्बे इंटरप्राइजेज नाम से अपनी विदेश में।नौकरी दिलाने के लिए बाकायदा ऑफिस खोल रखा था। जहां से वह खाड़ी क्षेत्रों अज़रबैजान, दुबई, कुवैत, मालदीव इत्यादि देशों अच्छी नौकरी दिलाने के नाम पर धंधा करते थे। वीजा पासपोर्ट और कागज़ी कोरम के नाम पर युवकों से लाखों में वसूली होती थी। गिरोह के अहम किरदार मनीष कुमार गोंड उर्फ गणेश पुत्र अलगू गोंड 1 साल पहले दक्षिण अफ्रीका के कंस्ट्रक्शन कंपनी से नौकरी करके आया था। जिसके बाद उसने यह धंधा अपना लिया । काम के लालच में इसने सहयोगी के रूप में शाहरुख खान को भी इसी कार्य में लगा दिया।

### यह तो केवल ट्रेलर है, उपराष्ट्रपति के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव खारिज होने पर बोले जयराम रमेश

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने बताया कि विपक्ष राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने लाने के लिए फिर से नोटिस दे सकता है। राज्यसभा के उप सभापति हरिवंश ने गुरुवार को धनखड़ को हटाने की मांग को लेकर विपक्ष द्वारा लाए गए महाभियोग नोटिस को खारिज कर दिया।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (राज्य ब्यूरो प्रमुख- संतोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)